# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-03-2024

# गांव का चौकीदार सूचना का अहम अंग : सीओ

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहार को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा नितिन तनेजा की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के समस्त चौकीदारो के साथ थाना प्रगाण में अहम बैठक किया गया। सीओ ने बैठक में उपस्थित चौकीदार को बताया कि आप लोग अपने अपने गांव में किसी प्रकार की समस्या या विवाद हो तत्काल थाने पर सूचना दे ताकि उक्त मामले का निस्तारण किया जा सके। किसी भी गांव में सूचना को लेकर कोई लापरवाही नही होना चाहिए।

मिली जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव तथा त्यौहार को लेकर सीओ चौरी चौरा ने क्षेत्र के चौकीदारों के साथ बैठक किया। सीओ द्वारा बैठक में चौकीदारों से संवाद करते हुए प्रत्येक गांव के बारे में विस्तृत जानकारी ली।उन्होंने बताया कि गांव चुनाव या त्योहार को लेकर कोई समस्या या विवाद हो तत्काल गांव का नोट कराए। किसी भी गांव में कोई सूचना या समस्या हो आप जिम्मेदारी पूर्वक थाने पर सूचना दे, सूचना देना आपकी जिम्मेदारी होती है। गांव का चौकीदार सूचना का एक अहम अंग है आप लोग अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करे। किसी भी गांव में सूचना को लेकर कोई भी लापरवाही नही होनी चाहिए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष चौरी चौरा आशीष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जयराम यादव, अभिषेक राय, अजीत कुमार यादव, संजय यादव, सुनील कुमार सहित तमाम चौकीदार उपस्थित रहे ।

# सीओ चौरीचौरा ने किया पैदल गश्त

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** आम जन मानस की सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा नितिन तनेजा चौरी चौरा थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह मय फोर्स के साथ पैदल गस्त कर जनता की सुरक्षा का भरोसा दिलाया। सीओ मय फोर्स के साथ थाना प्रांगण से पैदल चलकर पुराना बस स्टेशन, भोपा चौराहा, नगर पंचायत चौरी चौरा पूरा कस्बा पैदल गस्त किया।

इस दौरान व्यापारी दुकानदार से बात चीत कर उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज मुंडेरा बाजार नागेंद्र मणि, उपनिरीक्षक जय जय यादव, अभिषेक राय, संजय यादव, अविनाश सिंह, सुनील कुमार, अजीत कुमार यादव, हेड कांस्टेबल शिवकुमार जायसवाल, धीरेन्द्र यादव, पिंटू कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन शुरू

■ गोरखपुर।

सहारा न्यूज ब्यूरो

लोक सभा इलेक्शन 2024 को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं शांति ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस ने भी प्लान तैयार किया है। जिले ट्रबुलमेकर की पहचान और ऐसे क्रीमिनल्स जो चुनाव में अशांति फैला सकते हैं, उनकी कुंडली खंगाकर पहले ही पाबंद करना है। गुरुवार को चुनाव को लेकर आनलाइन मीटिंग हुई, जिसमे एसपी सिटी, एसपी नार्थ, एसपी साउथ, एसपी ट्रैफिक एसपी सुरक्षा और नोडल अधिकारी समेत थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

■ लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस ने शुरू की तैयारियां

■ सभी कैमरों की होगी जांच, खराब कैमरे बदले जाएंगे

**मतदान केन्द्र का भौतिक सत्यापन कर रहे अधिकारी :** जिले में जितने भी मतदान केन्द्र हैं, वहां का सत्यापन अधिकारी कर रहे हैं। वहां की कमियां का चिन्हित कर दूर करने का काम शुरू हो गया है। मीटिंग में पुलिस कर्मियों को शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है।

**मीटिंग में दिए गए निर्देश :** सीएपीएफ, पीएसी, सिविल पुलिस और होमगार्ड्स के ठहरने वाले स्कूलों का सत्यापन, कमियों को दूर कर फोर्स के मानक के अनुरूप व्यवस्था करना। निरोधात्मक कार्यवाही के लिए व्यक्तियोंध्अपराधियों का चिन्हीकरण करना जिससे किसी भी निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ गलती से कोई कार्यवाही न हो। बीपीओ और हल्का प्रभारी की लगातार मीटिंग लेकर उन्हे ब्रीफ करना तथा प्रगति रिपोर्ट लेना। निष्पक्ष होकर बिना किसी के दबाव और प्रभाव में आए अपराधियों और ट्रबलमेकर व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही करना। चुनाव से पहले सिटी में लगे हुए कैमरों का शत-प्रतिशत सत्यापन करना और खराब हुए कैमरों को ठीक कराना, सभी कैमरों का बैकअप शत-प्रतिशत सुनिश्चित करना। मतदान केन्द्र के आस-पास पुलिस के सहयोगी व्यक्तियों और ट्रबलमेकर की सूची मय मोबाइल नम्बर के साथ तैयार करना। सीएपीएफ के साथ संवेदनशील स्थानों और गांवो का भ्रमण कर मतदाताओं में विश्वास की भावना जागृत करना

# सीएम के आदेश पर केस दर्ज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के जंगल हकीम नम्बर एक श्यामनेन्द्र नगर निवासिनी माँ ने मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में उपस्थित होकर गुहार लगाई कि मेरा बड़ा बेटा मुझे प्रताड़ित करता है तथा वह मेरी हत्या कर सकता है। मुख्यमंत्री के आदेश पर शाहपुर पुलिस गुरुवार को केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना शाहपुर के जंगल हकीम नम्बर एक श्यामनेन्द्र नगर निवासिनी मालती देवी ने मुख्यमंत्री के जनता दर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई कि मेरा बड़ा बेटा राजकुमार मेरे नाम की जमीन मय मकान को जबरन अपने नाम रजिस्ट्री करने के लिए दबाव बनाता है। जमीन का रजिस्ट्री नही करने पर बड़ा बेटा मुझे लगातार मारता पीटता है तथा मुझे व छोटे बेटे जो मंदबुद्धि है को खाना देना बंद कर दे रहा है। घर के बाहर निकाल कर भी मारता है परन्तु कोई बचाने नही आता है। अगर जल्द पुलिस कोई कार्यवाही नही करती है तो यह निश्चित है कि बेटा मेरी हत्या कर जमीन व मकान हड़प लेगा तथा छोटे बेटे को घर से निकाल देगा।

# चोरी के पिकअप के साथ चार गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बांसगांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के पिकअप वाहन के साथ चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम शिवू कुमार जायसवाल पुत्र हरिहर जायसवाल वार्ड नंबर 8 बरइना टोला पकड़ी पग पूर्व पट्टी थाना सेवरही जनपद कुशीनगर, अदालत पुत्र निसार निवासी लकवा मुरलीधर पोस्ट सलेमगढ़ थाना तमकुही राज जनपद कुशीनगर, अंशु यादव पुत्र संतोष यादव निवासी कोरेन्दहा चौपलिया थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर व सत्येंद्र उर्फ लालू यादव पुत्र हीरालाल यादव निवासी जवाई हर बल्लभ दयाल थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर बताया। पुलिस आरोपितों को धारा 379, 411 व 34 आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# मनबढ़ ने महिला का बाल पकड़कर पटका, केस दर्ज

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा सरैया (बिलारी टोला) निवासिनी कविता देवी पत्नी गिरजेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा लड़का अभय उम्र (11) वर्ष घर के सामने बैठा था। गांव का ही सन्नी पुत्र दुधकारी शराब के नशे में बिना वजह मेरे लड़के को मारने पीटने लगा। जब मैंने अपने लड़के का बीच- बचाव करने का प्रयास किया मनबढ़ युवक ने मेरा बाल पकड़ कर पटका दिया। जिससे मेरा सिर फट गया और मौके पर ही मैं बेहोश हो गई। मनबढ़ मेरे लड़के को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 308, 323, 506 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# फूल उखाड़ने से मना करने पर पीटा, केस

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा दुधई निवासिनी रेशमा पत्नी मधुसूदन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पड़ोस का एक छोटा लड़का मेरे खेत का फूल उखाड़ दिया। जब मैंने उसके परिजनों से फूल उखाड़ने की शिकायत किया तो खुशबू,ज्योति,चांदनी एक जुट होकर लाठी-डंडे से मुझे पीटने लगे। बीच-बचाव करने आए मेरे ससुर को भी बुरी तरह पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# हत्या के प्रयास के जुर्म में एक को सात साल की कैद

**गोरखपुर।** हत्या का प्रयत्न करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने शाहपुर थाना क्षेत्र के ताड़ीखाना बिछिया निवासी अभियुक्त ुव देव शर्मा को सात साल के कठोर कारावास एवं 7 हजार 5 सौ रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को तीन माह दस दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश चंद पांडेय एवं सिद्धार्थ सिंह का कहना था कि वादी गुड्डू साहनी राजघाट थाना क्षेत्र के चकरा अव्वल का निवासी है।वादी की मां ट्रान्सपोर्ट नगर में चाय की दुकान चला कर परिवार का भरण पोषण करती है।अभियुक्त वादी की मां को शादी का झांसा देकर पिछले कई सालो से उसके साथ दुष्कर्म करता था। कई वर्ष बीतने के बाद जब वादी कि मां ने अभियुक्त से अपना हक व हिस्सा मांगने लगी।इसी बात को लेकर 16 जून 2014 को करीब 3 बजे अभियुक्त वादी की मां के दुकान पर आया और लोहे की राड से बुरी तरह मारा पीटा।जिससे उन्हें गंभीर व प्राणघातक चोटे आई।

# महिला से दुष्कर्म

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ जानमाल की धमकी देकर दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस महिला की तहरीर पर आरोपित के विरूद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विनोद यादव नाम के युवक ने उसे जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बात की शिकायत उसने विनोद के परिजनों से की तो सभी ने एकजुट होकर हमें मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विनोद यादव गाड़ी चलता है उसने महिला के लड़के को गाड़ी से कुचल कर जान से मारने की धमकी दिया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने विनोद यादव सहित चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धारा में 376, 323, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर जानमाल की धमकी

**सिकरीगंज (एसएनबी)।** स्कूल से घर लौटते समय एक युवक छात्रा से छेड़छाड़ करता है। विरोध करने पर वह उक्त छात्रा को जानमाल की धमकी भी देता है। छात्रा की मां की तहरीर पर आरोपित युवक के विरूद्ध सिकरीगंज पुलिस केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। सिकरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने सिकरीगंज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 13 वर्षीया नाबालिग बेटी कक्षा 5 की छात्रा है। कुईं बाजार स्कूल आते-जाते गांव का ही सत्यम गोस्वामी पुत्र गिरजेश मेरी बेटी के साथ छेड़छाड़ करता है। जब वह विरोध करती है तो वह उसे जानमाल की धमकी देता है। एक दिन तो उसने बेटी से अश्लीलता करने के साथ दस रुपए के नोट पर अपना मोबाइल नंबर लिखकर मेरी बेटी के ऊपर फेंक दिया। लड़की ने पूरी घटना घर जाकर बताई। थानाध्यक्ष सिकरीगंज राजेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपित युवक के विरूद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चोरी करने वाली नौकरानी समेत दो गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर कालोनी निवासी आर्किटेक्ट आदित्य सिंह के घर में चोरी करने वाली नौकरानी और उसके दो परिचित युवक पकड़े गए। उनके पास से चोरी का तीन हार, एक सोने की चेन सहित अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने 15 हजार रुपये का इनाम दिया। एसपी सिटी केके बिश्नोई की मौजूदगी में एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने वारदात के पर्दाफाश की जानकारी दी। रामगढ़ताल थाने के शिवाजी नगर कालोनी निवासी आर्किटेक्ट आदित्य सिंह की पत्नी निजी बैंक में डिप्टी मैनेजर हैं। 10 मार्च को उनके माता-पिता किसी काम से लखनऊ चले गए। तभी मौका देखकर घर में घुसा अज्ञात युवक गहने समेट ले गया। उन्होंने तीन हार, सोने की चेन सहित करीब 15 लाख के गहने चोरी होने की सूचना दी। बुधवार को एसओ रामगढ़ताल इत्यानंद पांडेय को सूचना मिली कि रानीबाग, पथरा में रहने वाली नौकरानी कविता ने अपने दो परिचित युवकों पथरा निवासी अमन सिंह और डांगीपार के चंदन वर्मा के साथ मिलकर चोरी की है।

# शिक्षक को कमरे में बंद कर लाखों के गहने व नकदी चोरी

पादरी बाजार (एसएनबी)। शाहपुर इलाके के मीरापुरम कॉलोनी मे बुधवार की रात शिक्षक के घर में घुसे चोरों ने बाहर से कुंडी लगाकर लाखों रुपये के गहने और नकदी उठा ले गए। बृहस्पतिवार की सुबह चोरी की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच पड़ताल करने के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के तिनकोनिया नंबर एक स्थित मीरापुरम कॉलोनी निवासी महेंद्र कुमार देवरिया जनपद के भाटपाररानी स्थित एक इंटर कालेज में शिक्षक हैं। बुधवार की रात 10 बजे खाना खाकर परिवार के साथ कमरे में सोने चले गए। इसी दौरान चोरों ने मौका देखकर चारदिवारी फांद कर शिक्षक के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दूसरे कमरे में रखा आलमारी तोड़कर लगभग 2 लाख रुपये के गहने और 40 हजार नकदी उठा ले गए।

- मीरापुरम कालोनी में बुधवार की रात शिक्षक के घर में घुसे चोर
- चोरों ने बाहर से कमरा बंद कर चुराया सामान

बृहस्पतिवार की सुबह शिक्षक उठे और दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो बाहर से बंद था। किराएदार को फोन किया वह नीचे आकर दरवाजा खोला।

उसके बाद शिक्षक ने देखा कि दूसरे कमरे में रखा आलमारी टूटा है। गहने और नकदी गायब थे। जिसकी सूचना पुलिस को दी।

# चुनाव में चौकीदारों की अहम भूमिका

**गोरखपुर (एसएनबी)।** 2024 लोक सभा चुनाव की अधिसूचना इसी सप्ताह जारी हो सकती है। चुनाव को लेकर जिले स्तर पर तैयारियां तेज हो गई है। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर बृहस्पतिवार को थाने स्तर पर चौकीदारों की मीटिंग बुलायी गयी थी। अधिकारियों ने चौकीदारों को बताया कि अपने-अपने इलाके के सभ्रांत लोगों से संवाद रखे साथ ही अपराधियों व चुनाव के दौरान आराजकता फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जाए।

गोरखपुर जिले में करीब 2273 चौकीदार है। शहरी क्षेत्र के छोड़कर देहात इलाके के थानों पर सर्वाधिक चौकीदारों की तैनाती है। चौकीदार ग्रामीण इलाके के हर गतिविधियों के बारे में जमीनी हकीकत जानते है। यहीं वजह है कि लोक सभा चुनाव 2024 पुलिस के सिर पर है, इसे देखते हुए सभी अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ स्तर के अधिकारी व थानेदार थाने पर चौकीदारों की बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिया गया है। बैठक के दौरान चौकीदारों से उनकी समस्या सुनी गयी और उसे निस्तारण करने को आदेश दिया गया हैं। चौकीदारों को उनके कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही वह अपने -अपने इलाके के चौकीदार लोक सभा चुनाव के दौरान अपराधियों के बारे में अप-टू-डेट रहे जिसकी सूचना समय समय पर पुलिस को मिलती रहे। अधिकारियों ने कहा कि बीट सिपाही और हल्का दरोगा भी चौकीदारों के संपर्क में रहेंगे जिससे उन्हे इलाके के गतिविधियों के बारे में जानकारी समय से मिल सके।



चौकीदारों के साथ बैठक करते पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव।

**लोस चुनाव की तैयारी तेज**

- हर थाने पर चौकीदारों के साथ हुई बैठक
- अपने इलाके के चौकीदार अपराधियों पर रखे पैनी नजर

# नौकरानी ने कराई थी आर्किटेक्ट के घर चोरी, तीन धराए

## आरोपितों के कब्जे से बरामद हुए चोरी किए गए गहने, सीसी कैमरा फुटेज से हुई चोर की पहचान

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** शिवाजी नगर कालोनी के रहने वाले आर्किटेक्ट के घर में चोरी उनकी नौकरानी ने ही कराई थी। सीसी कैमरा फुटेज की मदद से चोरी करने वाले युवक की पहचान हो गई है। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने मूलरूप से बिहार के मुजफ्फरपुर की रहने वाली नौकरानी के साथ ही चोरी करने और गहने बिकवाने वाले आरोपितों को गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से चोरी हुए करीब 15 लाख रुपये कीमत के सभी गहने बरामद हुए हैं। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।



पुलिस की गिरफ्त मे आर्किटेक्ट के घर मे चोरी कराने की आरोपित नौकरानी कविता और अमन सिंह व चंदन वर्मा • जागरण

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार की दोपहर अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि शिवाजीनगर कालोनी में रहने वाले आदित्य सिंह आर्किटेक्ट हैं। उनकी पत्नी निजी बैंक में डिप्टी मैनेजर हैं। घर में वह पत्नी व माता-पिता के साथ रहते हैं। 10 मार्च को उनके माता-पिता किसी काम से लखनऊ चले गए। पति-पत्नी भी घर पर नहीं थे। तभी मौका देखकर युवक घर में घुस गया। आलमारी खोलकर उसमें रखे गहने निकाल फरार हो गया। आदित्य ने घर में काम करने वाली नौकरानी रंजू व कविता पर संदेह जताते हुए चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। सीसी कैमरा फुटेज देखने पर घर से निकलते हुए एक युवक दिखा। फुटेज व सर्विलांस की मदद से रामगढ़ताल थाना प्रभारी इत्यानंद पांडेय ने गुरुवार की सुबह रानीबाग के पथरा में रहने वाले अमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आर्किटेक्ट के बगल में उसकी बुआ रहती हैं, जिनके घर आते-जाते उसकी जान-पहचान नौकरानी कविता से हो गई। उसी ने घर में रखे गहने व स्वजन के बाहर होने की सूचना दी थी। गहने चुराने के बाद अमन ने अपने सहयोगी डांगीपार के पकवा चौराहे पर रहने वाले चंदन वर्मा की मदद से इसे बेचा है। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी हुए सभी गहने बरामद कर लिए। एसएसपी ने बताया कि बिहार के मुजफ्फरपुर के हथौड़ी, सहजन की मूल निवासी कविता पिछले छह वर्ष से रानीबाग में रहती है। नौकरी पर रखने के बाद आर्किटेक्ट ने सत्यापन नहीं कराया था।

# चौकीदारों की बैठक संपन्न

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)** । आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को प्रभारी थानेदार दिनेश कुमार सहानी ने थाना परिसर में चौकीदारों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी थानाध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चौकीदारों को अपने क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्रों पर नजर रखने की बात कही। चुनाव के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने वालों के संबंध में जानकारी मांगी।

इलाके में आपराधिक गतिविधियों एवं अवैध रूप से शराब निर्माण कार्य में संलिप्त कारोबारियों पर नकेल कसने की दिशा में चौकीदारों को



आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने खास तौर पर क्षेत्र में अवैध रूप से शराब निर्माण करने वाले ऐसे लोगों को चिन्हित करने की बात चौकीदारों से कही जो इस अवैध कार्य में संलिप्त हैं। वहीं शांति व्यवस्था के मद्देनजर आपराधिक गतिविधियों की चर्चा करते हुए निगरानी बढ़ाए जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान चौकीदारों ने अपनी समस्याएं भी बताई। इस दौरान पर चौकी इंचार्ज बलुआ एके सिंह, एसआई शाहिद सिद्दिकी,पुष्पेन्द्र चौकीदार मौजूद रहे।

# किशोरी लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**जासं, पीपीगंज :** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी दो दिन पूर्व लापता हो गई। किशोरी की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 साल की बेटी आठवीं कक्षा में पढ़ती है। गांव का ही विकास कुमार उसका अपहरण कर लिया। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

# चार के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, जंगल धूसड़ :** भटगांवा के नंदू शर्मा ने पिपराइच पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अरविंद यादव व तीन अन्य चौथ लेकर गए थे। शाम को लौटते समय लिटिल माउंट पब्लिक स्कूल के सामने कुछ लोगों ने घेरकर पिटाई किया। पुलिस ने वीरेंद्र साहनी, व्यास साहनी, आकाश साहनी व गोलू साहनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी की पिकअप से करते थे गो-तस्करी, चार गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, बांसगांव : चोरी की गाड़ी से गो-तस्करी करने वाले चार तस्करों को बांसगांव पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया। इनके पास से भैंसा बाजार से चोरी की एक पिकअप भी बरामद हुई। पूछताछ में तस्करों की पहचान कुशीनगर के सेवरही थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-आठ बरइना टोला पकड़ीहारपुर पट्टी निवासी शिबू कुमार जायसवाल, तमकुहीराज थाना क्षेत्र के दकला मुरलीधर निवासी अदालत, तरया सुजान थाना क्षेत्र के औनहा निवासी अंशू यादव और हकलभ निवासी सत्येन्द्र उर्फ लालू यादव के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। इनके पास बरामद एक कार के बारे में पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि तीन मार्च को भैंसा बाजार निवासी सोमनाथ बनिया ने तहरीर देकर बताया था कि उनके घर के सामने खड़ी पिकअप चोरी हो गई। केस दर्ज कर बांसगांव पुलिस जांच में जुटी। करीब 62 सीसी कैमरे का फुटेज देखते हुए पुलिस कुशीनगर के कसया मोड़ पहुंची। वहां एक पिकअप चालक को रुकने के लिए कहा गया तो वह भागने लगे। पीछा करने पर कुशीनगर के तरया सुजान के पास अनियंत्रित होकर पिकअप गड्ढे में चली गई, उसमें बैठे बदमाश फरार हो गए। गाड़ी की जांच कर बांसगांव पुलिस वापस चली आई। दूसरे दिन जब गाड़ी लेने गई तो तरया सुजान की पुलिस पिकअप को थाने उठा ले गई थी।

थाने से गाड़ी को कब्जे में लेते हुए बांसगांव पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से चार बदमाशों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में वह चारों आरोपित गो-तस्कर निकले, उनके पास से बरामद पिकअप भैंसा बाजार से चोरी हुई थी। गाड़ी की नंबर प्लेट बदलकर वह पशुओं की तस्करी कर रहे थे।

एसपी साउथ ने बताया कि यह गिरोह बस्ती, संतकबीरनगर, महराजगंज समेत अन्य जनपदों से गाड़ी चोरी कर तस्करी करते थे। तस्कर शिबू के विरुद्ध बस्ती में तीन व बांसगांव में एक, अदालत व अंशु के विरुद्ध बस्ती में दो व बांसगांव में एक और सत्येंद्र के विरुद्ध बांसगांव में एक गो-तस्करी व वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज है। इनके द्वारा बताए गए सदस्यों और चोरी की गाड़ियों की तलाश चल रही है।

# बेटा करना चाहता है हत्या, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



जासं, पादरी बाजार : शाहपुर थाना क्षेत्र के जंगल हकीम नंबर एक श्यामनेंद्र नगर की रहने वाली मालती देवी को उनका बड़ा बेटा जमीन के लिए मारता-पीटता है। हत्या करना चाहता है। एसएसपी से शिकायत की थी। पुलिसकर्मी गए और बेटे को डांटकर चले आए। इसके बाद से बेटा और आक्रोशित होकर मारने-पीटने लगा। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से जनता दर्शन में पहुंचकर शिकायत की तो गुरुवार को शाहपुर पुलिस ने बेटे राजकुमार के विरुद्ध केस दर्ज किया।

श्यामनेंद्र नगर की मालती देवी ने सीएम को जनता दर्शन में प्रार्थनापत्र देते हुए बताया था कि उनके पति की वर्ष 2022 में मृत्यु हो गई है। पति ने उनके नाम से श्यामनेंद्र नगर में मकान बनवाया है। उनके साथ बड़ा बेटा राजकुमार और छोटा बेटा सुनील रहता है। मानसिक रूप से बीमार छोटे बेटे की शादी नहीं हुई है। पति की मृत्यु के बाद से बड़ा बेटा जमीन अपने नाम लिखवाना चाहता है। मना करने पर वह मारता-पीटता है। उन्हें और छोटे बेटे को घर से बाहर निकाल देता है, भोजन देना बंद कर देता है, कोई बचाने भी नहीं आता। पागल की तरह छोटे बेटे के साथ जीवनयापन करने को मजबूर हैं। एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी, उनके कहने पर चौकी की पुलिस घर आई और बेटे को डांटकर चली गई। इसके बाद से वह और उग्र हो गया और हत्या की धमकी देने लगा है।

# हत्या के प्रयास में एक को सात साल का कठोर कारावास



विसं, गोरखपुर : हत्या के प्रयास का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने शाहपुर थाना क्षेत्र के ताड़ीखाना बिछिया निवासी अभियुक्त ध्रुवदेव शर्मा को सात साल के कठोर कारावास और सात हजार 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को तीन माह दस दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश चंद पांडेय व सिद्धार्थ सिंह का कहना था कि वादी गुड्डू साहनी राजघाट थाना क्षेत्र के चकरा अव्वल का निवासी है। वादी की मां ट्रांसपोर्ट नगर में चाय की दुकान चला कर परिवार का भरण-पोषण करती है। अभियुक्त वादी की मां को शादी का झांसा देकर पिछले कई सालों से उसके साथ दुष्कर्म करता था। कई वर्ष बीतने के बाद वादी की मां अभियुक्त से अपना हक व हिस्सा मांगने लगी। इसी बात को लेकर 16 जून, 2014 को करीब तीन बजे अभियुक्त वादी की मां की दुकान पर आया और लोहे की राड से बुरी तरह मारा-पीटा, जिससे उसे गंभीर व प्राणघातक चोटें आईं। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

# बंगाल व कर्नाटक पुलिस भी कर रही मनी म्यूल की जांच

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गुलरिहा क्षेत्र की रहने वाली चार महिलाएं भी मनी म्यूल की शिकार हुई हैं। लोन दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने आइसीआइसीआइ बैंक में खाता खुलवाया था जिसका संचालन खुद कर रहा था। इन खातों का संचालन वह खुद कर रहा था जिसमें अवैध रुप से प्राप्त किए रुपये टर्न ओवर हो रहा था। बंगाल



व कर्नाटक पुलिस ने 15 दिन पहले खाता धारकों को नोटिस भेजकर कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत होने के लिए कहा। सस्ते दर पर लोन पाने की लालच में खाता खुलवाने वाली महिलाओं नोटिस मिलने के बाद परेशान हैं।

गुलरिहा के भैरवां की गुंजन देवी के पति विदेश में रहकर काम करते हैं। गुंजन देवी का कहना है कि सात माह पहले पड़ोसी गांव पिपरी की काजल ने कुलदीप नाम के एक युवक को भेजा था। युवक ने बताया कि वह एक लाख का लोन दिला देगा।

इसके बाद तीन हजार रुपये प्रति माह वापस करना होगा। झांसे में आने के बाद युवक ने गुलरिहा थाने के समीप आइसीआइसीआइ बैंक की शाखा पर बुलाया और नया खाता खुलवाने के लिए कहा। बैंक का एक कर्मी उसके घर पहुंचा और खाता खोला। खाते से लिंक कराने के लिए युवक ने नया मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी खरीदकर दिया। इसके बाद वह मोबाइल व सिम लेकर चला गया। ठीक इसी तरह से युवक ने पिपरी की रहने वाली काजल का खाता भी खुलवाया। दोनों ने बताया कि इस तरह की जालसाजी क्षेत्र की चार और महिलाओं के साथ हुई है।

# गोवि में पलटी तेज रफ्तार बोलेरो, चोटिल हुए दो छात्र

जासं, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में दीक्षा भवन के पास गुरुवार को दोपहर करीब ढाई बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो पलट गई। इसकी रफ्तार इतनी तेज थी कि चार पलटी खाकर बोलेरो स्वयं सीधी हो गई।

ड्राइविंग कर रहे छात्र के साथ बोलेरो में बैठे एक अन्य छात्र को हल्की चोटें आई हैं। कैंट पुलिस ने गाड़ी कब्जे में लेकर दोनों छात्रों को भी हिरासत में ले लिया है। विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए किसी भी प्रकार का वाहन ले जाना प्रतिबंधित है। इसके बाद भी दो छात्र बोलेरो लेकर पहुंच गए।

नियंता कार्यालय, कला संकाय भवन होते हुए पूरी रफ्तार में दीक्षा भवन तक पहुंचे कि बोलेरो पलट गई। गनीमत रही कि जिस समय घटना हुई, आसपास कोई विद्यार्थी मौजूद नहीं था।

# एआई डीपफेक... रहना होगा सावधान, वरना हो जाएंगे बदनाम

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (14 March):** एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है. इन दिनों लगभग हर जगह ये टेक्नोलॉजी धीरे-धीरे अब लोगों का काम पूरा करने में मदद कर रही है. चाहे लेटर लिखना हो, कंटेंट बनाना हो या नई चीजें सीखना हो सारे काम एआई की हेल्प से हो जा रहा है. एआई की लिमिट बस यही नहीं है. अगर आप लिखकर कोई फेस बनाने को कहें तो यह उसे भी बना देगा. एआई बस एक क्लिक में किसी सैड फेस को स्माइल करता हुआ दिखा सकता है. वहीं दूसरी तरफ इसका इस्तेमाल बड़ी संख्या में गलत कामों में भी किया जा रहा है. एआई टेक्नोलॉजी का यूज़ करके मीडिया फाइल जैसे फोटो, ऑडियो और वीडियो को कन्वर्ट करके डीपफेक बना



दिया जाता है, इसमें असली और नकली की पहचान बेहद मुश्किल होती है. यह बिल्कुल रीयल की तरह ही दिखती है.

### कई एप्स खतरा

सिंथेसिया, दिदनोज और हुडेम जैसी कई एप है जिनकी मदद से डीपफेक बनाया जा सकता है. वैसे यह लोगों के लिए मुफ्त नहीं है और इसके लिए सब्सक्रिप्शन लेना पड़ता है. इसके सबसे सस्ते 100 क्रेडिट पैक की कीमत 30 अमेरिकन डॉलर होती है. कई बार इन एप्स का यूज करके लोग दूसरों की फोटोज को एडिट करके न्यूड फोटो या वीडियो बनाने में कर रहे है और सबसे ज्यादा शिकार होती है महिलाएं खास बात है कि ऐसी वीडियो तेजी से वायरल भी हो जाती है. ये एप्स अब कई लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है.

### चुराते हैं फोटोज

सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर पोस्ट करने वाली महिलाओं के लिए खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि कोई भी फोटो चुराकर गलत इस्तेमाल कर सकता है.

### वीडियो से ब्लैकमेल

साइबर क्रिमिनल्स एआई की मदद से लोगों की डीपफेक न्यूड फोटो और वीडियो बनाते है. फिर वॉट्सएप के जरिए उन्हें ब्लैकमेल करते है. आए दिन किसी ना किसी बॉलीवुड स्टार या राजनेता का डीपफेक वीडियो वायरल होता रहता है. सिर्फ सेलिब्रिटीज ही नहीं बल्कि आम लोग भी डीपफेक टेक्नोलॉजी का शिकार बनते है. साइबर अपराधी एआई एप की मदद से बनाई गई डीपफेक तस्वीरें और वीडियो को वॉट्सएप पर भेजकर ब्लैकमेल करते है.

# चार के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

जासं, मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार को चार लोगों के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि विनोद यादव धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर विनोद यादव, चंचल यादव, अविनाश उर्फ झब्बू और रूबी ने एकजुट होकर बेटे सचिन को पीटकर लहूलुहान कर दिया। विनोद ने बेटे को गाड़ी से कुचल कर जान से मारने की धमकी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# सरैया गांव में रंजिश में पीटकर किया घायल

**जासं, चौरी चौरा :** थाना क्षेत्र के सरैया गांव के अविनाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रंजिश में गांव के ही सन्नी निषाद ने राड से पीटकर घायल कर दिया। आरोपित ने बाइक और मोबाइल भी तोड़ दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित सन्नी निषाद के विरुद्ध मारपीट, धमकी देने और तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

# जानलेवा हमला करने वाले पर मुकदमा दर्ज

**जासं, चौरी चौरा :** थाना क्षेत्र के सरैया गांव की कविता पत्नी गिरजेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा 11 साल का बेटा घर के सामने खेल रहा था। गांव का ही सन्नी बेटे को मारने लगा। बचाने गई तो बाल पकड़कर पटक दिया। इससे वह बेहोश हो गई। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लोकसभा इलेक्शनः ट्रबलमेकर और क्रीमिनल्स की कुंडली खंगालेगी पुलिस

**GORAKHPUR (14 March):** लोकसभा इलेक्शन 2024 को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं. शांति ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस ने भी प्लान तैयार किया है. जिले ट्रबलमेकर की पहचान और ऐस क्रीमिनल्स जो चुनाव में अशांति फैला सकते हैं, उनकी कुंडली खंगालकर पहले ही पाबंद करना है. गुरुवार को चुनाव को लेकर ऑनलाइन मीटिंग हुई, जिसमे एसपी सिटी, एसपी नार्थ, एसपी साउथ, एसपी ट्रैफिक एसपी सुरक्षा और नोडल अधिकारी समेत थानाध्यक्ष मौजूद रहे. जिले में जितने भी मतदान केन्द्र हैं, वहां का इंस्पेक्शन अधिकारी कर रहे हैं. वहां की कमियां का चिन्हित कर दूर करने का काम शुरू हो गया है.

### मीटिंग में दिए गए निर्देश

- सीएपीएफ, पीएसी, सिविल पुलिस और होमगार्ड्स के ठहरने वाले स्कूलों का सत्यापन, कमियों को दूर कर फोर्स के मानक के अनुरूप व्यवस्था करना
- निरोधात्मक कार्यवाही के लिए व्यक्तियों/अपराधियों का चिन्हीकरण करना जिससे किसी भी निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ गलती से कोई कार्यवाही न हो
- बीपीओ और हल्का प्रभारी की लगातार मीटिंग लेकर उन्हें ब्रीफ करना तथा प्रगति रिपोर्ट लेना
- निष्पक्ष होकर बिना किसी के दबाव और प्रभाव में आए अपराधियों और ट्रबलमेकर व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही करना
- चुनाव से पहले सिटी में लगे हुए कैमरों का शत-प्रतिशत सत्यापन करना और खराब हुए कैमरों को ठीक कराना, सभी कैमरों का बैकअप शत-प्रतिशत सुनिश्चित करना
- मतदान केन्द्र के आस-पास पुलिस के सहयोगी व्यक्तियों और ट्रबलमेकर की सूची मय मोबाइल नम्बर के साथ तैयार करना
- सीएपीएफ के साथ संवेदनशील स्थानों और गांवों का भ्रमण कर मतदाताओं में विश्वास की भावना जागृत करना

# आर्किटेक्ट के घर चोरी करने वाली मेड अरेस्ट

**पुलिस ने नौकरानी समेत तीन आरोपितों को किया अरेस्ट**



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (14 March):** रामगढ़ताल एरिया की शिवाजी नगर कॉलोनी में हुई 15 की चोरी का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया. दस मार्च को आर्किटेक्ट के घर में घुसकर चोरों ने 15 लाख रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर दिया था. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आर्किटेक्ट आदित्य सिंह ने नौकरानी पर संदेश जताते हुए उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी. जिसके बाद पुलिस ने जांच कर शातिर नौकरानी समेत दो अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है. बता दें कि दैनिक जागरण आईनेक्स्ट ने गुरुवार के अंक में खबर प्रकाशित की थी, जिसका संज्ञान लेकर पुलिस ने खुलासा किया.

### नौकरानी ने की मुखबिरी

घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई और सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने बताया कि रानीबाग के अमन सिंह और खोराबार के चंदन वर्मा को अरेस्ट करने के बाद पूरा मामला खुला. अभियुक्तों ने ही नौकरानी कविता के कारनामे के बारे में भी बताया. उन्होंने बताया कि आदित्य सिंह के घर में दस साल से कविता काम कर रही थी. इसी बीच वहां आने जाने वाले अमन सिंह से उसके रिश्ते बन गए. फिर दोनों ने मिलकर चोरी का प्लान बनाया.

**घर की मेड से रहें सावधान कहीं तिजोरी न कर दे साफ**



### चंदन ने बेचा था गहना

अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में शामिल चंदन वर्मा एक ज्वेलरी की शॉप पर काम करता है. उसी ने चोरी के गहने दुकान पर बेचे थे. पुलिस ने इनके पास से 3 नकलेस सेट, पीली धातु, एक चेन बरामद किया है.



अंतरजनपदीय गैंग के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# चार पशु तस्करों को पुलिस ने दबोचा

बांसगांव। चोरी के वाहनों से पशुओं की तस्करी करने वाले अंतरजनपदीय गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार करके पुलिस ने पिकअप और कार बरामद की है। पकड़े गए शातिर कुशीनगर जिले के मूल निवासी हैं। वे गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया सहित अन्य जिलों में सक्रिय रहकर वाहन चोरी और पशु तस्करी करते हैं। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की जाएगी। बीते तीन मार्च को भैंसा बाजार से पिकअप चोरी हुई थी।

# रेप के आरोप में चार के खिलाफ केस

चौरीचौरा। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के ही एक युवक पर रेप का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर उसने कहा कि विनोद यादव ने धमकी देते हुए उसके साथ रेप किया। परिजनों ने घटना का विरोध किया तो विनोद यादव, चंचल यादव व अविनाश उर्फ झब्बू, रूबी पत्नी मुनीब यादव ने एकजुट होकर उसके पुत्र को पीटकर लहूलुहान कर दिया।
पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विनोद यादव सहित चार लोगों के खिलाफ रेप, जानमाल की धमकी देने और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# डीडीयू में स्टंट करते समय पलटी बोलेरो, 2 हिरासत में

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू में गुरुवार को दोपहर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दीक्षा भवन के सामने स्टंट करने के चक्कर में बोलेरो पलट गई। रफ्तार इतनी तेज थी कि चार पलटी खाकर बोलेरो अपने आप सीधी भी हो गई। ड्राइविंग कर रहे छात्र के साथ बोलेरो में बैठे एक अन्य छात्र को हल्की चोटें आई हैं। दुर्घटना में बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई है। कैंट पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेने के साथ ही दोनों छात्रों को भी हिरासत में ले लिया है।

बताते हैं कि दोपहर करीब ढाई बजे बोलेरो में सवार दो छात्र मेन गेट पर गार्डों को चकमा देकर अंदर घुस गए थे। वहां से नियंता कार्यालय, कला संकाय भवन की तरफ से होते हुए दीक्षा भवन की तरफ जा रहे थे। दीक्षा भवन गेट के सामने यह घटना हुई। गनीमत था कि जिस समय यह घटना हुई, उस समय वहां आस-पास कोई विद्यार्थी मौजूद नहीं था। वहां करीब 15-20 मीटर तक पहिए के घिसटने के निशान मिले हैं। रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इतनी दूर पहिया घिसटने के बाद बोलेरो चार पलटी खाते हुए सीधी भी हो गई।

गाड़ी पलटने की आवाज सुनकर दीक्षा भवन गेट पर ड्यूटी कर रहे गार्ड मौके पर पहुंचे। तत्काल उन्होंने इसकी सूचना मुख्य नियंता प्रो. सतीश चन्द्र पांडेय को दी। नियंता मौके पर पहुंचे साथ ही कैंट पुलिस को भी घटना की सूचना दी। सूचना पाकर कैंट पुलिस और एलआईयू की टीम मौके पर पहुंच गई। बोलेरो सवार दोनों युवक विश्वविद्यालय के बीए के छात्र बताए जा रहे हैं। पुलिस हिरासत में छात्र इस दुर्घटना का कारण तकनीकी खराबी बता रहे थे लेकिन तेज रफ्तार की बाबत वे कुछ नहीं बोल पाए।




डीडीयू में स्टंट के दौरान पलटी बोलेरो लेकर जाती पुलिस।

- दीक्षा भवन के पास दोपहर ढाई बजे हुई दुर्घटना, दहशत
- 15-20 मीटर घिसटने के बाद चार पलटी खा सीधी हुई

## सघन जांच अभियान चला

इस घटना के बाद नियंता प्रो. सतीश पांडेय ने परिसर में पुलिस के साथ सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान ग्राउंड के पास से एक बाइक अनाधिकृत रुप से प्रवेश करते हुए पकडी गई। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है।

# आधी रात को मनबढ़ों का उत्पात, बुजुर्ग को पीटा

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई मनबढ़ों की हरकत
- चिलुआताल पुलिस बता रही महज मारपीट

सरहरी/चिलुआताल, हिन्दुस्तान संवाद। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मजनू चौकी क्षेत्र स्थित काजीपुर गांव में बुधवार की रात साढ़े बारह बजे मनबढ़ों ने उत्पात मचाया। दरवाजे पर सो रहे बुजुर्ग को पीटकर घायल कर दिया। तमंचा निकालकर जानमाल की धमकी दी। तमंचा निकालने का वीडियो भी गांव में वायरल हो रहा है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्राम सभा काजीपुर निवासी धीरेन्द्र यादव ने चिलुआताल थाने पर तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात करीब साढ़े बारह बजे उनके गांव के ही उपेन्द्र सिंह अपने भाई आनन्द सिंह, विजई सिंह और बल्ली यादव के साथ दरवाजे पर पहुंचे। पुरानी रंजिश को लेकर गाली देते हुए मारपीट की। दरवाजे पर सो रहे उनके बुजुर्ग पिता राजकुमार को पीटकर घायल कर दिया। गांव के लोगों के जुटने पर आरोपी चले गए। इस दौरान एक युवक ने तमंचा निकालकर भी दिखाया। हालांकि पुलिस ने तमंचा निकालने की बात से इंकार किया है। जबकि गुरुवार को तेजी से इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

# बैंक खातों से लाखों का लेनदेन, नोटिस मिला

गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र में कई महिलाओं के बैंक खातों में लाखों रुपये के लेनदेन के मामले में गुलरिहा पुलिस जांच कर रही है। एक महिला ने बैंक एकाउंट का फर्जीवाड़ा होने की सूचना पुलिस को दी थी। हालांकि पुलिस ने कोई केस नहीं दर्ज किया है।

महिलाओं के खातों में लेनदेन के मामले में बंगाल और कर्नाटक की पुलिस ने उनको नोटिस भेजा है। इससे महिलाओं की उलझन बढ़ गई है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के भैरवा निवासी गुंजन के पति विदेश में कमाते हैं। करीब सात माह पूर्व पिपरी की काजल ने कुलदीप नाम के एक युवक को उसके पास भेजा। युवक ने कहा कि वह एक लाख का लोन दिला देगा, जिसकी किश्त तीन हजार रुपये प्रति माह वापस करनी होगी।

# रेलवे ट्रैक पर बुजुर्ग का शव मिला

**जंगल कौड़िया।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के तुर्कवलिया रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पर बृहस्पतिवार को एक बुजुर्ग का शव मिला। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के रमवापुर गांव के हरी गुप्ता (60) के रूप में हुई। वह पीपीगंज के सिंगहा गांव निवासी थे। आशंका है कि ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। ब्यूरो

# बुजुर्ग से मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

**जगतबेला।** चिलुआताल इलाके के काजीपुर गांव में बुधवार को पुरानी रंजिश में गांव के चार लोगों ने बरामदे में सोए बुजुर्ग को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, काजीपुर गांव निवासी धीरेंद्र यादव ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि 13 मार्च की रात 12.30 बजे गांव के उपेंद्र सिंह, आनंद सिंह, बिजई, बल्ली यादव ने पुरानी रंजिश में पिता राजकुमार यादव को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मारपीट और धमकी देने का केस दर्ज कर जांच कर रही है। ब्यूरो

# बरामदे में सो रही किशोरी से छेड़खानी, केस दर्ज

**हरपुर बुदहट।** इलाके के एक गांव की किशोरी से छेड़खानी करने वाले पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मां ने दी तहरीर में लिखा है कि 10 मार्च की रात 11 बजे बेटी अपने घर के बरामदे में सो रही थी। इसी दौरान गांव का ही एक मनबढ़ बरामदे में चढ़ आया और किशोरी से छेड़खानी की। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# हत्या की कोशिश के दोषी को सात साल की सजा

अमर उजाला ब्यूरो

## कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला

अदालत से

गोरखपुर। हत्या की कोशिश करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने शाहपुर थाना क्षेत्र के ताड़ीखाना बिछिया निवासी अभियुक्त ध्रुव देव शर्मा को सात साल के कठोर कारावास व सात हजार पांच सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को तीन माह दस दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश चंद पांडेय एवं सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि राजघाट थाना क्षेत्र के चकरा अव्वल निवास महिला ने केस दर्ज कराया।

# मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

हरपुर बुदहट। इलाके के बिगही चौक पर दो पक्षों में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक, 10 मार्च की दोपहर में बिगही चौक पर मारपीट हुई थी। एक ओर से दुलारी देवी पत्नी राजकुमार ने तहरीर देकर बताया कि कन्हैया सामान लेने बिगहि चौराहा पर गया था, जहां पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने उसे अकेला देखकर लाठी डंडों से पीटा, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। ब्यूरो

# युवक की मौत मामले में हत्या का केस दर्ज

गोरखपुर। एम्स इलाके के सर्विस लेन पर युवक की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पिता ने गांव के ही दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, एम्स इलाके के कैथवलियां गांव निवासी उदयभान निषाद ने दी तहरीर में लिखा है कि बेटा विशाल निषाद (20) पिछले दो साल से फोर्स की तैयारी कर रहा था। वह रोजाना दौड़ लगाता था। ब्यूरो

**तैयारी** | अराजकत्वों की निगरानी में पुलिस लेगी मदद, मिनटों में होगा अफवाहों का खंडन, हर पुलिसकर्मी के मोबाइल पर सक्रिय किया जाएगा एप

# पुलिस का सी प्लान एप कसेगा खुराफातियों पर शिकंजा

■ अरुणा गुप्ता

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पुलिस अधिकारियों ने ऑनलाइन बैठक की। इस दौरान एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस के सी प्लान एप को पूरी तरह से सक्रिय करने के निर्देश दिए। सी प्लान एप की मदद से पुलिस की टीमें खुराफातियों पर शिकंजा कसेंगी। किसी अफवाह का महज चंद मिनटों में खंडन करके माहौल को बिगाड़ने वालों पर कार्रवाई की जा सकेगी। बैठक में एसपी सिटी, एसपी ट्रैफिक सहित अन्य पुलिस अफसरों के अलावा थानेदार और चुनाव सेल के कर्मचारीगण जुड़े।

ऑनलाइन बैठक में एसएसपी ने सभी मतदान केंद्रों और मतदान स्थलों का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन करने, पैरामिलिट्री फोर्स, पीएसी और होमगार्ड्स जवानों के ठहरने वाले स्थानों, विद्यालयों इत्यादि का सत्यापन करते हुए उनकी कमियों को दूर करने के लिए अन्य विभागों से सामंजस्य बिठाते हुए फोर्स के मानक के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। एसएसपी ने आपराधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने, निर्दोषों की जांच करके कार्रवाई करने, हिस्ट्रीशीटरों पर शत-प्रतिशत निरोधात्मक कार्यवाही करने को कहा।

इस दौरान बीट पुलिस अधिकारियों और हल्का प्रभारियों की मीटिंग लेकर रोजाना सूचनाओं को अपडेट करने, बिना किसी दबाव में आए अपराधियों और परेशानी खड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरों की जांच, उनका बैकअप सुरक्षित रखने की व्यवस्था करने, मतदान केंद्रों के आसपास रहने वाले लोगों का मोबाइल नंबर दर्ज करने और शांतिभंग की आशंका वाले लोगों की सूची उनके मोबाइल नंबर के साथ थानों और चौकियों पर उपलब्ध कराने का निर्देश एसएसपी ने दिया।

पैरामिलिट्री फोर्स के साथ गांवों-मोहल्लों में भ्रमण करके लोगों के बीच सुरक्षा की भावना विकसित करने को कहा। इस दौरान एसएसपी ने पुलिस के सी प्लान एप को अपडेट करते हुए उसे पुलिस कर्मियों के मोबाइल फोन में डाउनलोड कराने को कहा। इससे किसी तरह की सूचना के आदान-प्रदान में आसानी रहेगी।



## अफवाहों का खंडन करने में मदद करता है सी प्लान एप

चुनाव के दौरान अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाती है। ऐसी हरकतों की रोकथाम में मदद के लिए पुलिस की ओर से सी प्लान एप तैयार किया है। पुलिस से जुड़े लोगों का कहना है कि सूचना मिलने पर तत्काल अफवाह को निष्प्रभावी कर दिया जाएगा। इस एप को कम्युनिटी पुलिसिंग, जनता से सीधे जुड़कर कानून-व्यवस्था को बनाए रखने और पुलिस के कामों में जनता की मदद लेने के लिए तैयार किया गया है। इस एप के जरिए मोहल्ले और गांवों के संभ्रांत लोगों से संपर्क करने में आसानी होती है। इस एप में कम से कम 10 लोगों का मोबाइल नंबर सुरक्षित किया जाता है। लखनऊ से जुड़े इस एप को डीजीपी कंट्रोल रूम और यूपी 112 के कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। दोनों कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करते हैं। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि यह पुलिस के नाक और कान की तरह से काम करता है।

## खबरदार होशियार करेंगे चौकीदार

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव में चौकीदारों की अहम भूमिका होगी। मोहल्ले के लोगों से लेकर पुलिस अधिकारियों के बीच चौकीदार सूचनाओं का आदान प्रदान करेंगे। जनपद के थानों में तैनात चौकीदारों संग बैठक करके अधिकारी मोहल्लों का हाल जानेंगे। उनके फीडबैक पर कार्रवाई की तैयारी के लिए एसएसपी ने प्लान तैयार किया। जिले भर के थानों में बैठक करके चौकीदारों को उनकी जिम्मेदारी याद दिलाते हुए अधिकारियों ने सम्मानित किया।

**कोई सूचना तत्काल थाने पर दें चौकीदार:** हरपुर बुदहट/ पिपरौली। एसपी नार्थ जितेन्द्र श्रीवास्तव ने गुरुवार को थाना परिसर में चौकीदारों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी चौकीदार गांवों में सजगता के साथ नजर बनाए रखें। किसी भी घटना की सूचना मिले तो तत्काल थाने पर बताएं।

# पिकअप चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बांसगांव पुलिस ने चोरी की पिकअप के साथ चार युवकों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह के मुताबिक, तीन मार्च आधी रात को हरनहीं चौकी क्षेत्र के भैंसा बाजार में सोमनाथ के घर के सामने खड़ी उनकी पिकअप चोरी हो गई थी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी। आरोपियों को चोरी के पिकअप के साथ गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों की पहचान पकड़ीहारपुर पट्टी निवासी शिबू जायसवाल, हकलभ गांव निवासी सत्येंद्र उर्फ लालू यादव, ओनहा, तरयासुजान कुशीनगर निवासी अंशु यादव और कुशीनगर के तमकुहीराज निवासी अदालत के रूप में हुई है। चोरी के वाहन से ये सब गो-तस्करी करने के फिराक में थे। ब्यूरो



बांसगांव के थाने में पिकअप चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक। संवाद

# पिकअप पलटा, फोरलेन पर लगा जाम

**सरदारनगर।** एम्स क्षेत्र के सोनबरसा बाजार में रामूडिहा गांव के सामने फोरलेन पर बृहस्पतिवार की सुबह छह बजे फल लदा एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। संयोग अच्छा था कि कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन आधे घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। बाद में पुलिस ने पिकअप को किनारे कराया, जिसके बाद आवागमन शुरू हो सका। पिकअप कानपुर से फल लेकर कुशीनगर के कप्तानगंज जा रहा था। ब्यूरो

# आर्किटेक्ट के घर नौकरानी ने कराई थी गहनों की चोरी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके में आर्किटेक्ट के घर में नौकरानी ने ही गहनों की चोरी कराई थी। पुलिस ने चोरी के आरोप में नौकरानी और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर सोने के तीन हार, एक चेन समेत करीब दस लाख के गहने बरामद कर लिए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से घटना का पर्दाफाश किया है। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

आरोपियों की पहचान रामगढ़ताल इलाके के पथरा, रानीबाग निवासी अमन सिंह, खोराबार के पकवा चौक निवासी चंदन वर्मा और बिहार की मूल निवासी व वर्तमान में रानीबाग निवासी कविता पत्नी कमल सिंह के रूप में हुई है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस ऑफिस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए आरोपियों के बारे में जानकारी दी।

एसएसपी ने बताया कि दस मार्च की रात में आर्किटेक्ट आदित्य सिंह के घर में चोरी हो गई थी। छत के रास्ते आए चोर ताला तोड़कर दस लाख रुपये के गहने चुरा ले गए। 11 मार्च को इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने केस

## तीन गिरफ्तार, रामगढ़ताल इलाके में हुई थी घटना



गिरफ्तार दो युवक व नौकरानी।

दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

सीओ अंशिका वर्मा की देखरेख में एसओ इत्यानंद पांडेय की टीम जांच में जुटी थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो दो संदिग्ध लोगों के साथ ही नौकरानी कविता भी नजर आई। कविता जानती थी कि घर में कैमरा लगा है, इस वजह से छत के रास्ते बुलाई थी। आरोपी अमन की बुआ, आदित्य सिंह के पड़ोस में ही किराये पर रहती थी, इस वजह से वह नौकरानी की बातों में आकर चोरी करने को तैयार हो गया था।

एसएसपी ने बताया कि चंदन, सराफा की एक दुकान पर काम करता है और उसने ही गहनों को बेचवाने का जिम्मा लिया था।

## दस साल से घर पर करती थी काम लेकिन सत्यापन नहीं

पुलिस ने नौकरानी और उसके साथियों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश कर चोरी के सभी गहनों को बरामद तो कर लिया, लेकिन दस साल से घर पर काम करने वाली नौकरानी का असल घर कहां है, यह आदित्य सिंह भी नहीं जानते थे। एसएसपी ने यह मामला सामने आने के बाद सभी से अपील की है कि अगर वह अपने घर पर नौकर या फिर किराएदार रखें तो उसका सत्यापन जरूर करा लें। अगर थाने, चौकी पर नहीं जाना चाहते हैं तो फिर यूपी कॉप पर जाकर ऑनलाइन ही सत्यापन करा सकते हैं।

# क्लीनिक के बाहर संदिग्ध मिला, पूछताछ की

गोरखपुर। छात्रसंघ चौक के पास मानसिक रोग के एक बड़े डॉक्टर के क्लीनिक के बाहर से पुलिस ने बुधवार शाम एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। पुलिस ने उससे पूछताछ भी की, लेकिन साक्ष्य न मिलने की वजह से छोड़ा गया है। पूछताछ के बाद पुलिस को एक बात समझ में आ गई है कि कुछ युवक सुबह डॉक्टरों के क्लीनिक के बाहर आ जाते हैं और मरीजों को वरगला कर अवैध अस्पतालों में ले जाकर रुपये ऐंठते है। ब्यूरो

# 24 घंटे के भीतर हो जाता है अस्थायी पंजीकरण..फायदा उठाते हैं मरीज माफिया

## अब स्वास्थ्य विभाग पंजीकरण में खेल रोकने के लिए बना रहा नियम

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। अवैध अस्पतालों पर नकेल कसने में सरकारी नियम ही सबसे बड़ी बाधा हैं। दरअसल, अभी जो व्यवस्था चल रही है, उसमें स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण के लिए आवेदन करने के 24 घंटे के भीतर बिना किसी जांच पड़ताल के अस्थायी पंजीकरण प्रमाणपत्र मिल जाता है। इसके बाद सत्यापन के लिए 90 दिन का वक्त रहता है। इसी आधार पर अस्पताल संचालित होते हैं। जब कभी मामला पकड़ा जाता है तो कुछ दिन बाद दूसरे नाम से पंजीकरण करा लेते हैं।

लगातार इस तरह के मामले सामने आने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने स्थानीय स्तर पर इसमें कुछ नियम जोड़ने का निर्णय लिया है, ताकि ऐसे मामलों में निगरानी हो सके।

जिले में नर्सिंग होम, ओपीडी क्लीनिक, अल्ट्रासाउंड व एक्सरे क्लीनिक तथा पैथालॉजी मिलाकर करीब 800 अस्पताल संचालित हो रहे हैं। इसमें से लगभग 600 अस्पताल व जांच केंद्र डॉक्टरों के खुद के हैं, जबकि करीब 200 अस्पताल ऐसे हैं, जिनका संचालन अन्य पेशे से जुड़े लोग करते हैं। ऑनलाइन पोर्टल पर इनका पंजीकरण और नवीनीकरण होता है।

> अस्पतालों के पंजीकरण का नियम इसलिए सरल बनाया गया था कि कोई इसका दुरुपयोग कर वसूली न कर सके। लेकिन धंधेबाजों ने इसका उल्टा ही उपयोग कर लिया। अब आवेदन करते ही अस्पताल को अस्थायी पंजीकरण प्रमाण पत्र मिल जाता है, जिसके आधार पर अस्पताल का संचालन हो सकता है। तीन महीने के भीतर इसके सत्यापन का नियम है।
>
> **-आशुतोष कुमार दूबे,** सीएमओ

अस्थायी पंजीकरण मिलने के बाद इसका सत्यापन कराया जाता है। इसमें स्वास्थ्य विभाग को फायर एनओसी, डॉक्टर व स्टॉफ की डिग्री आदि का सत्यापन करना होता है। एक डॉक्टर जिस अस्पताल में पंजीकृत है, उसके अलावा वह कई अन्य अस्पतालों में ऑन कॉल भी जा सकता है।

इन सब सुविधाओं का फायदा धंधेबाज उठाते हैं। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि किसी डॉक्टर और अन्य स्टॉफ के नाम पर पंजीकरण कराकर कुछ दिन पहले ओपीडी चलाया जाता है।

### अब बदलेगा नियम

मरीज-माफिया मामले को लेकर बढ़ते हंगामा को देखते हुए अब स्वास्थ्य विभाग में नियमों को कुछ कड़ा बनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सीएमओ ने वरिष्ठ अफसरों से परामर्श के बाद अपने स्तर से कुछ बिंदु भी निर्धारित किए गए हैं। इसे कुछ दिन में लागू भी कर दिया जाएगा। नए नियमों में हर नर्सिंग होम, क्लीनिक व पैथालॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पंजीकरण नंबर लिखना अनिवार्य होगा। इसके अलावा बोर्ड में जिन डॉक्टरों का नाम लिखा होगा, जांच के वक्त अगर उनकी उपस्थिति का रिकॉर्ड नहीं मिलता है तो अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### जांच बस खानापूरी

सरकारी रिकॉर्ड में हर महीने अस्पतालों की जांच होती है। इसके अलावा हर साल इनका नवीनीकरण से पहले भी सत्यापन होता है। लेकिन जब अवैध अस्पतालों की जांच होती है, तब यह बात सामने आती है कि वहां तो कोई अफसर पहुंचा ही नहीं। अगर कभी जांच होती भी है तो अस्थायी पंजीकरण प्रमाण पत्र या नवीनीकरण का आवेदन दिखाकर अपने बचने का रास्ता खोज लेते हैं।

# बेहतर इलाज की उम्मीद में हो गए कर्जदार

## अस्पताल और डॉक्टर के पंजीकृत होने पर स्वास्थ्य विभाग भी ऐसे मामलों में कर लेता है किनारा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नामी डॉक्टर और सभी प्रकार की जांच एक ही छत के नीचे जैसी लुभावनी सुविधा का झांसा देकर ही दलाल बीआरडी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पताल ले जा हे हैं। वहां इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल करने के बाद मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दे दी जा रही है। इनके चक्कर में फंसे लोग इलाज कराने में कर्जदार हो गए, लेकिन मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ।

गोरखपुर शहर पूर्वांचल ही नहीं पड़ोसी बिहार और नेपाल के तराई इलाकों के लिए भी चिकित्सा का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यहां हर दिन करीब 10 हजार मरीज केवल सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचते हैं। इतने ही मरीज विभिन्न निजी अस्पतालों में भी आते रहते हैं। इसके चलते तेजी से नए-नए अस्पताल खुल रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के आसपास 20 से अधिक छोटे-बड़े निजी अस्पताल खुल गए हैं।

बेतियाहाता तो मेडिकल का हब है ही, अब देवरिया बाईपास मोड़ के पास तारामंडल इलाके में भी लाइन से अस्पताल खुले हैं।

### निजी बड़े अस्पतालों जैसा इलाज सस्ते में दिलाने का झांसा देते हैं मरीज माफिया

सरकारी अस्पतालों में हर तरह के इलाज की सुविधा है। जो अस्पताल स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत हैं, वहां भी अगर इलाज में लापरवाही की शिकायत मिलती है तो जांच कराई जाती है। हाल में जिन दो अस्पतालों में लापरवाही मामले सामने आए हैं, उनकी जांच की जा रही है। - **डॉ. आशुतोष कुमार दूबे**, सीएमओ

**केस 1**

कुशीनगर के जयप्रकाश बोदरवार के पास सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। घरवाले बीआरडी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने आईसीयू में भर्ती कराने को कहा, लेकिन उसमें जगह नहीं थी। करीब छह घंटे तक वहां रहने के बाद परिजन वहां से कुछ दूर स्थित एक बड़े निजी अस्पताल लेकर गए। वहां आईसीयू का एक दिन का खर्च ही करीब 45 हजार रुपये आ रहा था।

**केस 2**

केस-2 नौसड़ क्षेत्र की एक युवती नजदीक के एक निजी अस्पताल में बुखार का इलाज कराने गई थी। वहां इंजेक्शन लगने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। युवती को फालिज का अटैक हो गया। इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर इसकी शिकायत सीएमओ कार्यालय में हुई। जांच हुई तो अस्पताल और डॉक्टर का पंजीकरण सही पाया गया। इस वजह से कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**केस 3**

जिला अस्पताल के पास संचालित एक अस्पताल में युवती कान की प्लास्टिक सर्जरी कराने गई थी। किसी दलाल ने 35 हजार रुपये ऐंठ लिए। युवती डॉक्टर से मिली और प्लास्टिक सर्जरी की जगह नार्मल सर्जरी की बात कही। पता लगा कि उसकी प्लास्टिक सर्जरी तो हुई ही नहीं थी। युवती ने शिकायत की तो पता चला कि अस्पताल का पंजीकरण है, इसलिए इस मामले में और कोई कार्रवाई नहीं बनती है।

**केस 4**

मोहद्दीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में बवासीर का ऑपरेशन कराए मरीज का घाव महीने भर बाद भी ठीक नहीं हुआ तो परिजन शिकायत लेकर आए। डॉक्टर ने दोबारा ऑपरेशन की बात कही। तब तक हालत बिगड़ी तो उन्हें पीजीआई लेकर जाने की सलाह दी गई। वहां जाने पर पता लगा कि इस मरीज को कैंसर है। घाव इतना बढ़ चुका है कि अब इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है।

# डीडीयू में कर रहे थे स्टंट, बोलेरो पलटी

## दीक्षा भवन के पास दोपहर करीब ढाई बजे हुए हादसे से मचा हड़कंप, पुलिस ने सीज की गाड़ी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में दीक्षा भवन के पास बृहस्पतिवार को दोपहर करीब ढाई बजे स्टंट करने के चक्कर में बोलेरो पलट गई। रफ्तार इतनी तेज थी कि चार पलटी खाकर बोलेरो अपने आप सीधी भी हो गई।

ड्राइविंग कर रहे युवक के साथ बोलेरो में बैठे एक अन्य छात्र को हल्की चोटें आई हैं। अनियंत्रित होकर गाड़ी पलटने से हड़कंप मच गया। कैंट पुलिस ने गाड़ी सीज कर दिया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया है।

गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में आम छात्रों के लिए दो पहिया से लेकर चार पहिया तक ले जाना प्रतिबंधित है, लेकिन यह नियम आम छात्रों पर ही लागू होता है। भौकाली छात्र वाहन लेकर अब भी धड़ल्ले से परिसर में प्रवेश कर रहे हैं। इसका उदाहरण बृहस्पतिवार को दोपहर में देखने को मिला। दो युवक बोलेरो लेकर न सिर्फ परिसर में प्रवेश कर गए बल्कि दीक्षा भवन के पास गाड़ी को तेज रफ्तार में चलाकर स्टंट करने लगे। वह नियंता कार्यालय, कला संकाय भवन की तरफ से होते हुए दीक्षा भवन की तरफ तेज रफ्तार में जा रहे थे। इस दौरान बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। चार पलटी खाने के बाद बोलेरो स्वतः खड़ी हो गई।

गनीमत यह रही कि जिस समय यह घटना हुई, उस समय वहां आस-पास कोई विद्यार्थी मौजूद नहीं था। वहां करीब 15-20 मीटर तक पहिए के घिसने के निशान मिले हैं। गाड़ी पलटने की आवाज सुनकर दीक्षा भवन गेट पर ड्यूटी कर रहे गार्ड मौके पर पहुंचे। तत्काल उन्होंने इसकी सूचना मुख्य नियंता प्रो. सतीश चन्द्र पांडेय को दी। बोलेरो सवार दोनों युवक विश्वविद्यालय के बीए के छात्र बताए जा रहे हैं।

### बोलेरो में बैठे दो छात्रों को आई हल्की चोटें




गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्टंट के दौरान हादसे में क्षतिग्रस्त बोलेरो। संवाद

**घटना के बाद चला सघन जांच अभियान :** इस घटना के बाद नियंता प्रो. सतीश पांडेय ने परिसर में पुलिस के साथ सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान ग्राउंड के पास से अनाधिकृत प्रवेश में एक बाइक पकड़ी गई। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है।

# थाईलैंड में रहने के लिए नाम बदलकर बनवाया पासपोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

## इमिग्रेशन जांच के दौरान फर्जीवाड़ा का खुलासा दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** थाईलैंड में अवैध रूप से रहने के दौरान गोरखपुर के एक को युवक ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। लिहाजा युवक अब उस पासपोर्ट पर दोबारा थाईलैंड नहीं जा सकता था। युवक ने भी आधार कार्ड में नाम पता बदलकर दूसरा पासपोर्ट ही बनवा लिया, लेकिन उसकी यह चालबाजी आईजीआई एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन के दौरान धरी रह गई। अधिकारियों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

पवन कुमार तिवारी नाम का एक युवक थाईलैंड जाने के लिए 10 मार्च की रात हवाई अड्डा पहुंचा। उसका स्पाइस जेट के विमान में टिकट था। युवक इमिग्रेशन मंजूरी के लिए अधिकारियों के पास गया। कागजात की जांच के दौरान अधिकारियों को पता चला कि युवक के पास दो नाम से पासपोर्ट है। अधिकारियों ने उससे पूछताछ की। युवक ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

उसने बताया कि उसका असली नाम पवन कुमार त्रिपाठी है। वह मूलतः गांव बसावनपुर गोरखपुर यूपी का रहने वाला है। वह पवन कुमार त्रिपाठी के नाम से जारी पासपोर्ट के जरिये वह पहले थाईलैंड में रहता था।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2024

# आर्केस्ट्रा संचालक सहित कई पर हत्या के प्रयास का केस

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में आर्केस्ट्रा बुकिंग करने गए पड़ोसी गांव के एक व्यक्ति के ऊपर आर्केस्ट्रा संचालक और उसके सहयोगियों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले में घायल व्यक्ति की बेटी की तहरीर पर पुलिस ने आर्केस्ट्रा के संचालक और उसके कई सहयोगियों पर मारपीट, बलवा व हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के भरौटा गांव की रहने वाली अदिति गोस्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसके पिता लोकेन्द्र गोस्वामी 13 मार्च को सायं चार बजे शादी के लिए आर्केस्ट्रा बुक करने नरायनपुर गांव में आर्केस्ट्रा संचालक रिजवान के घर गए थे। उनके साथ गांव के सूरज, उपेंद्र, शैलेष और अभिनंदन भी गए थे। आरोप है कि उनके पिता ने आर्केस्ट्रा संचालक से शादी कार्यक्रम में अच्छे डांसरों को लेकर आने की बात कही, जिसको लेकर वाद-विवाद हुआ। इसके बाद आर्केस्ट्रा संचालक अपने घर में उसके पिता को बंद कर गोलू, ड्राइवर और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर बेरहमी से मारा पीटा। उसने अपने सहयोगियों के साथ लोहे की राड से उनके सिर पर जानलेवा हमला बोल दिया, जिससे वे वहीं गिरकर बेहोश हो गए। उसने साथ गए लोगों को भी मारापीटा। इस मामले में पुलिस ने नरायनपुर गांव के आर्केस्ट्रा संचालक रिजवान, गोलू, ड्राइवर समेत कई नर्तकियों और सहयोगियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर रणजीत सिंह ने बताया कि आर्केस्ट्रा संचालक और उसके कई सहयोगियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

s

# मार्ग दुर्घटना में घायल किशोर के मामले में केस

**लार (एसएनबी)।** लार के रामजानकी मार्ग पर बौली वार्ड के सामने अज्ञात वाहन की ठोकर से 10 वर्षीय बालक के घायल होने के मामले में पुलिस ने वाहन संख्या यूपी 52 बीएम-8084 के अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

लार थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर बौली वार्ड के सामने गत 8 मार्च की देर रात वाहन संख्या यूपी 52 बीएम-8084 के अज्ञात चालक ने विराट पाल 10 पुत्र गांधी पाल को ठोकर मार दिया था। जिससे विराट पाल सड़क किनारे गड्ढे में अचेत होकर गिर गया था। उधर से गुजर रहे लोगों ने घायल बालक को आनन फानन में सीएचसी लार पहुंचाया था। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद विराट को जिला अस्पताल व बाद में गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया था। जहां घायल बालक का इलाज चल रहा है। उक्त संबंध में पुलिस ने गांधी पाल के तहरीर के आधार पर वाहन संख्या यूपी 52 बीएम 8084 के अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337 व 338 आईपीसी के तहत किस दर्ज किया है।

# पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस ने किया रूट मार्च

**तरकुलवा(एसएनबी)।** आगामी लोकसभा चुनाव व होली तथा ईद के त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस अभी से सुरक्षा इंतजामों का खाका तैयार कर रही हैघ। मतदाताओं को बिना किसी भय व पक्षपात के निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में पैरामिलिट्री फोर्स और स्थानीय पुलिस के जवानों ने बृहस्पतिवार को तरकुलवा और पथरदेवा कस्बा में रूट मार्च कर मतदाताओं व आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

पैदल मार्च तरकुलवा कस्बा में थाने रोड से शुरु होकर मुख्य सड़क पर मंडी मोड़, केसरीपुर से होते हुए वापस दुबेटोला मस्जिद के पास पहुंचकर संपन्न हुआ। पुलिस के पैरामिलट्री जवानों ने पथरदेवा कस्बा में पहुंचकर बड़ौदा यूपी बैंक से मेन बाजार होते हुए जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महुआरी तक रूट मार्च किया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रणजीत सिंह ने कहा कि रूट मार्च के जरिए मतदाताओं को बिना किसी भय के निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# अनुसूचित जाति के प्रधान ने हेडमास्टर पर लगाया अभद्रता का आरोप

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय ब्लाक के ग्राम पंचायत पचरुखिया के अनुसूचित जाति के प्रधान ने गांव के प्राथमिक विद्यालय की हेडमास्टर और उनके पति पर अभद्रता और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में प्रधान ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में इस प्रकरण को उठाने की बात कही है।

तरकुलवा विकास खंड के ग्राम पंचायत पचरूखिया के प्रधान प्रहलाद कुमार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह अनुसूचित जाति वर्ग के ग्राम प्रधान हैं। वह 14 मार्च को गांव के प्राथमिक विद्यालय के रसोई घर का निरीक्षण करने गए थे। इस दौरान हेडमास्टर कंचन राय ने उनके साथ अभद्रता करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि सुबह 9 से सायं 3 बजे तक विद्यालय प्रांगण में दिखाई मत देना। कहा है कि हेडमास्टर के पति रामपुर कारखाना ब्लाक में टीए के पद पर तैनात हैं। वह प्रतिदिन प्राथमिक विद्यालय में मौजूद रहते हैं, वह भी झगड़ा करने लगे।

इस संबंध में बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत मिली है, मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# कब्र और पोखरी की जमीन बनती जा रहा चुनौती

**बरहज (एसएनबी)।** नगर पंचायत भलुअनी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रोड

**पैमाइश कराने को लेकर नायब तहसीलदार कर रहे हीला हवाली**

**तहसील प्रशासन स्थायी समाधान नहीं कराया तो कभी भी हो सकती है खूनी संघर्ष**

के बगल स्थित कब्रिस्तान और पोखरी की जमीन प्रशासन के लिए चुनौती बनता जा रहा है। दो समुदाय के लोग अपने-अपने जमीनों की रक्षा और सुरक्षा को लेकर तहसील मुख्यालय से लेकर थाना परिसर तक न्याय की फरियाद लगा चुके है लेकिन प्रशासन इस मामले को सुझाने के बजाय उलझाए हुए रखा है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत भलुअनी के गाटा संख्या 12 रकवा 0.2110 पर एक समुदाय के लोगों द्वारा अपने त्योंहार के मौके पर कब्रिस्तान की सफाई करने के दौरान दूसरे पक्ष के पोखरी की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से उस जमीन की भी सफाई करवाकर ईंट से घेराबन्दी कर दिये। इसकी जानकारी होने पर हिन्दू समुदाय के लोग मौके पर पहुंच इसकी सूचना पुलिस व तहसील प्रशासन को दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार रमेश चन्द गुप्त ने दोनों पक्षों के लोगों से वार्ता कर किसी तरह मामले को शान्त कराया लेकिन एक पक्ष अभी भी दूसरे पक्ष की जमीन पर कब्जा करने की निरन्तर कोशिश कर रहा है। एसडीएम ने प्रकरण का हल कराने के नायब तहसीलदार रमेश चन्द गुप्त को पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइश कराने का निर्देश दिया लेकिन एसडीएम का आदेश नायब तहसीलदार के ऊपर थोड़ा भी नहीं है और पैमाइश कराकर मामला हल कराने की बजाय टाल मटोल कर रहे है। गुरूवार को तहसीलदार अरूण कुमार ने दोनों पक्ष के लोगों ने थाने पर बुलाकर आपसी सुलह समझौता के तहत मामले को हल कराने का प्रयास किया। एक पक्ष पैमाइश कराने के पक्ष में है तो वहीं दूसरा पक्ष पैमाइश नहीं कराने के पक्ष में है। तहसील प्रशासन कब्रिस्तान और पोखरी के जमीन की पैमाइश कराकर स्थायी समाधान नहीं किया तो कभी भी दो समुदाय के लोगों के बीच खूनी संघर्ष हो सकता है। नायब तहसीलदार रमेश चन्द गुप्ता ने कहा कि तहसील के कार्य से मैं बाहर हूं। जहां तक पैमाइश कराने की बात है तो एक पक्ष द्वारा असहमति जतायी जा रही है।

# बाइक समेत युवक को पुलिस ने उठाया

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय उपनगर के भरटोला वार्ड निवासी एक युवक को बाइक के साथ रुद्रपुर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। समाचार लिखे जाने तक उसके बारे में पता नहीं चल सका था। एसओ से बात करने की कोशिश की गयी तो उनसे बात नहीं हो सकी।

# दो पशु तस्करों को पुलिस ने भेजा जेल

**बरहज (एसएनबी)।** रामजानकी मार्ग पशु तस्करों के लिए मुफीद बन गया है। रोक के बावजूद बेखौफ रात्रि में गांव के पगडंडियों के सहारे छोटे वाहनों में पशुओं को लादकर तस्करी कर रहे है। गुरूवार को एक पिकप में पांच बछड़ा लादकर तस्कर बेलडॉड़ कठिनईया मार्ग के रास्ते करोहिया होते हुए अन्दर ही अन्दर फुलवरिया गांव के पास पहुंचे ही थे कि पुलिस ने घेरा बन्दी कर गिरफ्तार कर लिया। एसआई मदनमोहन मिश्र ने बताया कि पकड़े गये गौ तस्कर में एक का नाम विक्रम व दूसरे का नाम ऋषिकपूर है। दोनों चकरा उपाध्याय गांव के निवासी है।पशुओं को कान्हा हाउस तथा दोनों आरोपियों के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।

### समाज कल्याण विभाग ने कराया आयोजन, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ विवाह समारोह

# सामूहिक विवाह में 249 जोड़ों ने लिए फेरे

**कार्यक्रम**

देवरिया, निज संवाददाता। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत गुरुवार को महाराजा अग्रसेन इण्टर कॉलेज में भव्य आयोजनों के बीच सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 249 जोड़े एक दूजे के हो गए। जिसमें 236 हिन्दू जोड़ों का विवाह व 13 मुस्लिम जोड़ों का निकाह हुआ।

डीएम अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, निराश्रित/निर्धन परिवारों की कन्याओं के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश के अंदर निवास करने वाले सभी समुदायों व वर्गों के व्यक्तियों के लिए संचालित है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि प्रदेश में इतने बृहद स्तर में विवाह जैसे कार्यक्रमों का आयोजन शासकीय अधिकारियों द्वारा व्यवस्थित ढंग से कराया जाना पुण्य का काम है। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने कहा कि यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों, जिनकी वार्षिक आय 2 लाख हो, के पुत्रियों की शादी हेतु संचालित है। योजना में प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार व्यय किया गया। संचालन मंजू पांडेय ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान एमएलसी प्रतिनिधि राजू मणि, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर, डीपीआरओ सर्वेश पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शादी के लिए बैठे जोड़े।

## वर-वधू को दिया आशीर्वाद

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में डीएम, एसपी, सीडीओ सहित अन्य अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधू को उनके सुखद जीवन के लिए आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। उन्होंने वैवाहिक जोड़ों को उनके सफल जीवन के लिये आशीर्वाद प्रदान किया।



नवदम्पति को आशीर्वाद देते जिलाधिकारी, एमएलसी प्रतिनिधि व अन्य अतिथिगण।

## गायत्री पद्धति से विवाह व निकाह हुआ

समारोह के दौरान हिंदू जोड़ों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हिंदू रीति रिवाज से वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसे गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक बाबू सिंह, गुड्डू संत व राजेश गुप्ता ने सम्पन्न कराया। जबकि मौलाना मोहम्मद अख्तर हुसैन, कारी नासिर अली व हाफिज वसीम ने मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न कराया।

# तीन बाइक हुई चोरी, दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के सिरसिया निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने सदर कोतवाली को तहरीर दिया है कि 13 मार्च की रात 8 बजे अपनी बहन की घर से पल्सर बाइक लेकर घर आ रहा था। वह भटवलिया चौराहे पर बाइक खड़ी कर फल खरीदने लगे। इस दौरान चोर उनकी बाइक लेकर चंपत हो गया।

# खेत में बकरी चराने को लेकर मारपीट

पथरदेवा। खेत में बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों में परिषदीय विद्यालय के हेडमास्टर भी शामिल हैं। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सीतापट्टी के रहने वाले अलाउद्दीन खां प्राथमिक विद्यालय कौलाचक द्वितीय में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं। गुरुवार को वे करीब साढ़े तीन बजे विद्यालय से वापस घर जा रहे थे। तभी उनकी नजर उनके खेत में चर रही बकरी पर पड़ गई। इसे लेकर शिक्षक और बकरी चरा रही वृद्ध महिला सदरुन से कहासुनी होने लगी। आरोप है कि इस दौरान शिक्षक ने वृद्धा को धक्का दे दिया जिससे वह जमीन पर गिर गई और चोटिल हो गई।

# पांच गोवंश के साथ दो तश्कर पकड़े गए

बरहज। थाना क्षेत्र के ग्राम फुलवरिया पांडेय के समीप करोहिया मार्ग पर पिकप से लेकर जा रहे गोवंश को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए पांच गोवंश को गौशाला को सुपुर्द किया गया। पिकप से दो पशु तश्कर भी पकड़े गए। पशु क्रूरता गो वध अधिनियम की धारा में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम फुलवरिया पांडेय के समीप पिकप पर पांच मवेशी लाद कर पांच की संख्या में तस्कर ले जा रहे थे। सूचना पाकर पुलिस पहुंची तो पुलिस को देख तीन तस्कर भाग गए। चकरा उपाध्याय के रहने वाले ऋषि कपूर और विक्रम प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि पकड़े गए पशुओं को पशु आश्रय स्थल भेज दिया गया है।

# कुएं पर रास्ता निर्माण कराने की शिकायत

मदनपुर। कस्बा स्थित एक वार्ड में धार्मिक कुएं पर स्लैब लगवाकर रास्ता निर्माण कराए जाने का मामला सामने आया है। भाजपा नेता ने एसडीएम रुद्रपुर से लिखित शिकायत कर निर्माण कार्य रोकवाने की मांग किया है।

गुरुवार को एसडीएम रुद्रपुर रत्नेश त्रिपाठी को दिए शिकायती पत्र में भाजपा नेता चंद्रशेखर कश्यप ने कहा है कि कस्बे में करीब 200 वर्ष पुराना धार्मिक कुआं है। जिस पर एक समुदाय की महिलाओं आदि द्वारा मांगलिक कार्यक्रमों में पूजा-अर्चन किया जाता है।

# हेडमास्टर व उनके पति पर लगाया अभद्रता का आरोप

तरकुलवा। ब्लॉक के ग्राम पंचायत पचरुखिया के अनुसूचित जाति के प्रधान ने गांव के प्राथमिक विद्यालय की हेडमास्टर और उनके पति पर अभद्रता और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। प्रधान प्रहलाद कुमार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अनुसूचित जाति वर्ग के ग्राम प्रधान हैं।

# पूर्व प्रधान की बीच सड़क पर पिटाई

रामपुर कारखाना। स्थानीय थाना क्षेत्र के शहबाजपुर निवासी हीरा गोंड गांव के प्रधान रहे हैं। गुरुवार की सुबह वह अपनी बाइक में तेल भरवाने पेट्रोल पंप पर आ रहे थे। आरोप है कि चौराहे पर मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। उनके रुकते ही आरोपी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनकी पिटाई करने लगे। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

# महिला ने युवक पर लगाया छेड़खानी का आरोप

बरियारपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पड़ोस के एक युवक पर लगाया छेड़खानी का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। थाना क्षेत्र की एक महिला बुधवार की रात अपने कमरे में अकेले सो रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक दो अज्ञात युवकों के साथ घर में घुस गया और वहां रखा सामान बाहर फेंकने लगा। महिला शोर सुन कर बाहर निकली और सामान फेंकने से मना करने लगी तो युवक उसके साथ अभद्रता करने लगा।

# अज्ञात चालक पर पुलिस ने दर्ज किया केस

लार। रामजानकी मार्ग पर बौली वार्ड लार के सामने अज्ञात वाहन की ठोकर से 10 वर्षी बालक के घायल होने के मामले में पुलिस ने एक वाहन संख्या यूपी 52 बीएम 8084 के अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर बौली वार्ड के सामने 8 मार्च की देर रात वाहन संख्या यूपी 52 बीएम 8084 के अज्ञात चालक ने विराट पाल 10 वर्ष पुत्र गांधी पाल को ठोकर मार दिया था। जिससे विराट पाल सड़क किनारे गड्ढे में अचेत होकर गिर गया था।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

भाटपाररानी। सलेमपुर मझौली मार्ग पर थाना क्षेत्र के महुआबारी के समीप मैजिक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज पीएचसी हुआ। जहा चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मईल थाना क्षेत्र के तेलिया कला निवासी श्याम (30)व गुड्डू (30) रिस्तेदारी से अपने गांव जा रहे थे।

# चार लोगों के खिलाफ बलवा का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने चार नामजद व कुछ अज्ञात लोगों पर बलवा का केस दर्ज की है। मामला फसल काटने को लेकर मारपीट का है। क्षेत्र के महेशपुर गांव के रहने वाले राजेश तिवारी पुत्र हृदय नरायन तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनका करीब पांच बीघा खेत बगल के गांव एकला मिश्रौलिया में है।

# पैसा हड़पने वाले के खिलाफ पुलिस में शिकायत

देवरिया। शहर के राजेन्द्र चौक निवासी एक व्यक्ति ने विभिन्न कार्य कराने के नाम पर कई लोगों से करीब 20 लाख रूपया हड़प लिया। पैसा मांगने पर गाली-गलौज पर उतर जा रहा है। पीड़ित लोगों ने गुरूवार को सदर कोतवाली पहुंचकर कार्यवाही करने को प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, पांच पर केस

पथरदेवा, हिन्दुस्तान संवाद। नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने एक व्यक्ति से 25 लाख रूपए हड़प लिए। पैसा वापस मांगने पर आरोपियों ने पीड़ित को परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने पूर्व जेई समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत वृक्षापट्टी के रहने वाले ब्रह्मा यादव की गोरखपुर क्षेत्र निवासी लघु सिंचाई विभाग के पूर्व अवर अभियंता बलवंत प्रसाद सिंह से जान-पहचान थी। बलवंत ने ब्रह्म को बताया कि वह कुछ लोगों को जानता है जो पैसा लेकर नौकरी दिलाने का काम करते हैं। ब्रह्मा उसके झांसे में आ गए। बलवंत ने ब्रह्मा की उन लोगों से जान पहचान भी कराई। आरोपियों ने सिंचाई विभाग में लिपिक की नौकरी दिलाने के लिए ब्रह्म से 25 लाख रूपए मांगे। पैसे का इंतजाम कर ब्रह्मा ने 14 अगस्त 2020 को बलवंत के खाते में दो लाख रूपए एडवांस भेज दिए। बाद में बलवंत के कहने पर ब्रह्मा ने 02 सितंबर 2020 को नौकरी दिलाने वाले अन्य लोगों के खाते में तेईस लाख रूपए और हस्तांतरित कर दिया। करीब साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने नौकरी नहीं दिलाई। इस पर ब्रह्मा ने अपने रूपए वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगे। ब्रह्मा ने जब दबाव बनाया तो उन्हें परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने तरकुलवा थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने पूर्व अवर अभियंता बलवंत प्रसाद निवासी हरदिया, थाना गुलहरिया, धीरज जायसवाल जेबीएल हाउस रसूलपुर गोरखपुर, सुनील सिंह गोरखपुर, प्रभाकर दूबे निवासी रघुनाथपुर, सीवान बिहार और राजीव गोयल बीपी आवास अकबर रोड नई दिल्ली के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

- पैसा मांगने पर आरोपियों ने पीड़ित को परिवार समेत जान से मारने की दी धमकी
- पीड़ित ने वर्ष 2020 में आरोपियों के खाते में हस्तांतरित किए थे 25 लाख

“ नौकरी के नाम पर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति से 25 लाख हड़प लिए। तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना चल रही है।

**रणजीत सिंह**, थानाध्यक्ष तरकुलवा, देवरिया

## एक व्यक्ति को जमीन दिलाने के नाम पर हड़प लिया था रुपया

# 15 लाख हड़पने में दीवान समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

- एसओजी के दीवान ने एक लाख रुपया खाते से देकर मामले का कर दिया था रफा-दफा
- वर्तमान में कुशीनगर एसओजी में तैनात हैं दीवान योगेंद्र कुमार
- रागिनी मोड निवासी सुनील कुमार मद्धेशिया की तहरीर पर केस दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। जमीन के नाम पर दिया 15 लाख रूपया हड़पने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने एसओजी के दीवान समेत तीन के खिलाफ विभिन्न धाराओ में केस दर्ज किया है। पुलिस में शिकायत करने पर एसओजी के तत्कालीन दीवान ने अपने खाते से एक लाख रूपये का चेकर देकर धमका भगा दिया था। वर्तमान में दीवान एसओजी कुशीनगर में तैनात है।

शहर के रागनी मोड़ निवासी सुनील कुमार मद्धेशिया ने मदनपुर थाना क्षेत्र के मोहरा समोगर निवासी अभय कन्नौजिया से आवासीय भूमि खरीदने को संपर्क किया। वह प्रापर्टी डिलिंग का कार्य करते थे और शहर के रूद्रपुर रोड के बेलडाड़ पर अपना आफिस बनाया था। ब्रोकर अभ कन्नौजिया ने 1700 वर्गफुट जमीन 2630 रूपए वर्गफुट की दर से कन्हैया लाल व गुलाब राय की कठिनईया नगर अंदर की जमीन को दिखाया और जमीन लेने की बात तय हो गयी। इसके बाद उन्होंने ब्रोकर को 25 हजार नगद बयाना दिया। जमीन की कुल कीमत 44.70 लाख रूपया विभिन्न तिथियों में आरटीजीएस, चेक व नगद दिया गया। पैसा मिलने के बाद अभय कन्नौजिया ने गुलाब राय के हिस्से की आधी जमीन 824 वर्गफुट 30 नवंबर-19 को उनकी पत्नी सुजाता देवी के नाम बैनामा करा दिया। शेष 876 वर्गफुट जमीन कन्हैयालाल को बैनामा करना था। लेकिन वह बैनामा करने से टाल-मटोल करने लगे और इस दौरान अभय कन्नौजिया व कन्हैयालाल ने मिलकर उक्त जमीन किसी दूसरे को बेच दिया। इसकी जानकारी होने पर वह पैसे का तगादा करने लगे तो वह उग्र होकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस अधीक्षक से की। एसपी ने एसओजी को मामला देखने का निर्देश दिया। एसओजी के दबाव पर कन्हैयालाल ने 6 लाख का चेक दिया। इस बीच एसओजी के दीवान योगेन्द्र प्रसाद ने अभय कन्नौजिया को अपने पहचान का बताते हुए मामला अपने हाथ में ले लिया। उन्होंने अपने खाते का एक लाख का चेक दिया। इसके साथ ही कहा कि हिसाब बराबर हो गया और 15 शेष लाख वापसी के चक्कर में पड़ोगे तो बर्बाद हो जाओगे और जान भी जा सकती है। एसओजी के दीवान की धमकी से वह मानसिक रूप से परेशान होकर बीमार पड़ गये। ठीक होने पर अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर से इसकी शिकायत किया कि अभय कन्नौजिया, एसओजी के योगेन्द्र प्रसाद व कन्हैयालाल ने मिलकर उनको 15 लाख रूपया हड़प लिया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा-420, 406, 504, 506 में मुकदमा दर्ज किया है।

# अतिक्रमण नहीं हटने पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

देवरिया, निज संवाददाता। राजस्व विभाग की रिपोर्ट के बाद भी चकमार्ग पर किया गया अतिक्रमण नहीं हटाने का मामला अब हाईकोर्ट में पहुंच गया है। हाई कोर्ट ने 28 मार्च को सुनवाई में प्रदेश सरकार से पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

राजस्व ग्राम सोंदा में चकमार्ग संख्या-150 रकबा 0.061 हेक्टेयर व 10 कड़ी चौड़ा है। यह देवरिया-सलेमपुर फोर लेन के मंडी से शुरू होकर आईटीआईह के पूरब नई बस्ती होते हुए तिलई बेलवा के सीमा तक जाती है। यह सड़क आईटीआई के अतिक्रमण का शिकार है। वास्तविक चकमार्ग आईटीआई के बाउंड्री के अंदर कायम है। लेखपाल, कानूनगो व तहसीलदार की रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई। कास्तकारों द्वारा छोड़े गये जमीन से आवागमन हो रहा है, लेकिन एक बड़ी आबादी अतिक्रमण व सड़क के सकरा होने से बुरी तरह प्रभावित है। सोंदा व तिलई बेलवा के निवासियों द्वारा विगत कई सालों से चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग जिला प्रशासन, शासन तथा मुख्यमंत्री तक से की जा चुकी है। लेकिन अभी तक इसे अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया है। जबकि सड़क इतना सकरा है कि आमने-सामने से दो वाहन नहीं निकल पाते हैं और अक्सर जाम लग जाता है। इस मामले में सदर विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी ने भी ग्रामीणों की मांग पर सदर एसडीएम को पत्र लिखा था, इस एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम ने अतिक्रमण की आख्या भी प्रशासन को सौंप दिया, इसके बाद भी समस्या जस का तस है। यह देख ग्रामीणों ने हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव लोचन द्विवेदी के माध्यम से जन हित याचिका दाखिल की। 29 फरवरी को सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को सरका से पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

# ठगी के शिकार लोगों ने किया प्रदर्शन

- शहर के उमानगर मोहल्ले में है जालसाज का घर, पहुंची पुलिस
- कार्य दिलाने के नाम पर पांच लोगों से की है लाखों रुपये की ठगी

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** शहर के उमानगर के रहने वाले एक जालसाज ने लोगों को कार्य दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की है। गुरुवार को जालसाज के दरवाजे पर पहुंच ठगी के शिकार लोगों ने प्रदर्शन किया। साथ ही रुपये की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

शहर के राघव नगर मोहल्ले का रहने वाला युवक मऊ जनपद के कोईरियापार बरजला में विद्युत उपकेंद्र बनाने का ठीका लिया। इस कार्य को कराने की जिम्मेदारी मऊ जनपद के दोहरीघाट के गोंठा के रहने वाले विशाल गुप्ता, आजमगढ़ जनपद के जियनपुर थाना के हरई इस्मालपुर के रहने वाले धनेश यादव को कराने की जिम्मेदारी दी। 18 लाख रुपये धनेश यादव, पांच लाख रुपये विशाल गुप्ता का खर्च हुआ, लेकिन अब वह रुपया नहीं दे रहा है। खुखुंदू के परसिया मिश्र निवासी ऋषभ कुमार मिश्र से ढाई लाख गोरखपुर जनपद के शाहपुर थाना के मोहनापुर के रहने वाले संदीप कुमार साहनी से भी उनसे दो लाख रुपये लिया है। इसके अलावा राघव नगर मोहल्ले की प्रेम बालिका दुबे से उसने शोरूम बनवाने के नाम पर साढ़े तीन लाख रुपये लिया है। लेकिन अब वह रुपया नहीं दे रहा है। ठगी के शिकार सभी लोग सुबह 10 बजे आरोपित के दरवाजे पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। साथ ही रुपये की मांग की। जालसाज के स्वजन अंदर से फाटक बंद कर लिए। कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि कुछ लोगों से जालसाज ने ठगी की है, जांच की जा रही है।



उमानगर मोहल्ले में जालसाज के दरवाजे पर पहुंचे ठगी के शिकार लोग • जागरण

# रजिस्ट्री ऑफिस का बाबू घूस लेते गिरफ्तार

**कलंक के खिलाफ**

- देवरिया के सलेमपुर में एंटी करप्शन टीम ने निजी मुंशी को भी दबोचा
- रजिस्ट्री का मूल दस्तावेज देने के लिए बाबू ने मांगे थे 15 हजार

**देवरिया, हिन्दुस्तान संवाद।** सलेमपुर में रजिस्ट्री का मूल दस्तावेज देने के बदले 15 हजार रुपये घूस लेते बाबू और प्राइवेट मुंशी को एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। सलेमपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराने के बाद टीम दोनों को साथ लेकर गोरखपुर चली गई।

सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरडीहा दलपत गांव निवासी अवध किशोर सिंह ने एक महीने पहले सलेमपुर रजिस्ट्री ऑफिस में जमीन रजिस्ट्री कराई थी। वह मूल दस्तावेज लेने रजिस्ट्री ऑफिस गए तो कनिष्ठ लिपिक ने उनसे 15 हजार रुपये घूस की मांग की। अवध किशोर ने इसकी शिकायत फोन से गोरखपुर एंटी करप्शन टीम से की। इस मामले में इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह के नेतृत्व में एंटी करप्शन की 14 सदस्यीय टीम गठित की गई। गुरुवार को दोपहर बाद एक बजे दो वाहनों से एंटी करप्शन टीम रजिस्ट्री ऑफिस के समीप पहुंच गई। इशारा पाकर अवध किशोर ने रजिस्ट्री ऑफिस में पहुंचकर कनिष्ठ लिपिक कमलेश प्रसाद तथा प्राइवेट दस्तावेज लेखक रामानंद से बातचीत की। उन्होंने 15 हजार रुपये बाबू को थमा दिए। जैसे ही बाबू ने रुपये लिए एंटी करप्शन टीम ने दोनों को दबोच लिया।

दोनों को लेकर टीम कोतवाली पहुंची और मुकदमे की कार्रवाई पूरी कराई। वहां से दोनों को लेकर गोरखपुर चली गई। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने कहा कि रजिस्ट्री आफिस में घूस लेते कनिष्ठ लिपिक और प्राइवेट दस्तावेज लेखक को गिरफ्तार किया गया है।

➤ संबंधित खबर P03

# लिपिक घूस लेते हुआ गिरफ्तार उप निबंधक ने उठाए सवाल

**जासं, देवरिया :** बैनामा के बाद स्टांप वापस करने के लिए 15 हजार रुपये घूस मांग रहे सलेमपुर उप निबंधन कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक और निजी मुंशी को गोरखपुर विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। उप निबंधक का कहना है कि विजिलेंस टीम ने जबरदस्ती रुपये फेंककर गिरफ्तारी की है। कैमरा सही होता तो सब कुछ स्पष्ट हो जाता।

लार, बरडीहा दलपत के रहने वाले अवध किशोर ने 16 फरवरी को जमीन का बैनामा किया था। आरोप है कि बैनामा दस्तावेज वापसी के लिए उप निबंधन कार्यालय गए तो कार्यालय में तैनात लिपिक कमलेश प्रसाद निवासी इमिलिहा थाना रुद्रपुर ने 15 हजार रुपये की मांग की। उन्होंने दो-चार हजार रुपये देने की बात कही तो कमलेश ने मना कर दिया। अवध किशोर ने इसकी शिकायत सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) गोरखपुर कार्यालय में कर दी।

प्रभारी प्रदीप सिंह गुरुवार की दोपहर अपनी टीम के साथ उप निबंधन कार्यालय पहुंचे। जैसे ही अवध किशोर ने 15 हजार रुपये लिपिक कमलेश को दिए, विजिलेंस टीम के सदस्यों ने दबोच लिया।

**विजिलेंस टीम ने सलेमपुर के उप निबंधन कार्यालय में दो को दबोचा बैनामा स्टांप वापसी के लिए मांग रहे थे 15 हजार रुपये**

विजिलेंस टीम ने कार्यालय में पहुंच कर जबरिया कर्मचारी के हाथों में रुपये देकर पकड़ा है। सीसी कैमरा खराब है, नहीं तो सब कुछ कैमरे में कैद हो गया होता। जिसने शिकायत की है, वह भूमि बेचने वाला है। किसी दूसरे को स्टांप कैसे दिया जाएगा।

--**प्रतिमा**, उप निबंधक, सलेमपुर

कमलेश ने भागने का प्रयास किया तो विजिलेंस कर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। सहयोग करने वाले प्राइवेट मुंशी रामानंद यादव निवासी परान छपरा थाना कोतवाली सलेमपुर को भी टीम ने दबोच लिया। पहले तो कर्मचारी यह नहीं समझ पाए कि पकड़ने वाले कौन हैं। उन्होंने विरोध जताने का प्रयास किया तो विजिलेंस टीम ने सख्ती दिखाते हुए अपना परिचय बताया, जिसके बाद कर्मचारी वापस हो गए। विजिलेंस टीम के प्रभारी ने बताया कि इस मामले में गोरखपुर में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने किया पैदल मार्च

जासं, तरकुलवा : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को तरकुलवा व रामपुर कारखाना क्षेत्र में अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने पैदल मार्च किया। साथ ही लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। तरकुलवा में इंस्पेक्टर रणजीत सिंह भदोरिया के नेतृत्व में सीआइएसएफ जवानों ने पैदल मार्च किया। सबसे पहले तरकुलवा उपनगर, इसके बाद गढ़रामपुर, बंजिरया, पथरदेवा में पैदल मार्च किया। कुछ संवेदनशील बूथों पर भी जवान पहुंचे।

# आर्केस्ट्रा संचालक पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

जासं, तरकुलवा: आर्केस्ट्रा बुक कराने गए युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। भरौटा की रहने वाली अदिति गोस्वामी ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि 13 मार्च को पिता शादी के लिए बुक कराने नरायनपुर के रहने वाले आर्केस्ट्रा संचालक के पास गए थे। अच्छे कलाकारों को विवाह में भेजने की बात करने लगे। इस बीच सूरज, उपेन्द्र, अभिनन्दन व शैलेश आए गए। बातचीत के दौरान ही विवाद हो गया। संचालक ने मेरे पिता की बेरहमी से पिटाई की। पुलिस ने आर्केस्ट्रा संचालक रिजवान, गोलू व कुछ अज्ञात के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

रंजिश में पूर्व प्रधान को मारपीट कर किया घायल : रामपुर कारखाना : सहबाजपुर के रहने वाले पूर्व प्रधान हीरा गोंड के साथ गुरुवार की सुबह कुछ युवकों ने पुरानी रंजिश में मारपीट की।

# दीवान समेत तीन के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा

- भूमि बैनामा कराने के नाम पर डकार लिया 15 लाख
- कुशीनगर जनपद में दीवान की है तैनाती, मामले में पाया जा चुका है

जासं, देवरियाः जिले में एसओजी में तैनात रहे दीवान समेत तीन लोगों के विरुद्ध कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है। इन पर भूमि बैनामा कराने के नाम पर 15 लाख रुपये डकार लेने का आरोप है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दीवान कुशीनगर जनपद में इन दिनों तैनात है।

शहर के रागिनी मोड़ के रहने वाले सुनील कुमार मद्धेशिया ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि मदनपुर थाना के मोहरा समोगर निवासी अभय कनौजिया रुद्रपुर मोड़ पर अपना कार्यालय खोल कर प्रापर्टी डीलिंग का कार्य करता था। उसने एक भूमि दिखाई और 44 लाख रुपये लिया। पत्नी के नाम से 30 नवंबर 2019 को बैनामा भी करा दिया गया। लेकिन एक भूमि का बैनामा नहीं हो पाया। इस बीच जालसाज ने वह भूमि दूसरे को बेच दी। इसकी शिकायत जब तत्कालीन एसपी से की गई तो प्रकरण की जांच एसओजी को सौंप दी।

एसओजी में तैनात दीवानी योगेन्द्र प्रसाद अभय कनौजिया को अपने जान पहचान का बता अपने खाते से एक लाख रुपये देकर भगा दिया। उन लोगों ने 15 लाख रुपये मेरा डकार लिया है। कुछ माह पहले अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर ने इस प्रकरण की एडीजी के निर्देश पर जांच की थी। जांच में योगेंद्र कुमार दोषी पाया गया था। वर्तमान में योगेंद्र कुशीनगर में तैनात है।

कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।




**वाइक के साथ को पकड़ा, फिर छोड़ा:** रुद्रपुर : उपनगर के खजुहा चौराहा के समीप बुधवार की रात एक युवक की बाइक ले जाते समय पुलिस कर्मियों ने दौड़ाकर दो युवकों को पकड़ लिया। पुलिस बाइक समेत दोनों को कोतवाली लाई और पूछताछ की। नाबालिग बताकर पुलिस ने दोनों को छोड़ दिया।

---

**पांच पशु बरामद, दो आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा :** बरहज : पिकअप से बिहार भेजे जा रहे पांच गोवंश पुलिस ने फुलवरिया पांडेय के समीप से बरामद किया। साथ ही दो लोगों को पकड़ लिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गांव के समीप पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस बीच तेजी से पिकअप आते हुए नजर आया। पुलिस ने पिकअप को रोक लिया और तलाशी ली तो उसमें से पांच गोवंश बरामद किए गए। साथ ही दो तस्कर चकरा उपाध्याय के रहने वाले ऋषिकपूर व विक्रम प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया।

# सिंचाई विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 25 लाख की ठगी

**जासं, देवरिया :** सिंचाई विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 25 लाख रुपये की ठगी की गई। इस मामले में पीड़ित ने तरकुलवा थाने में सिंचाई विभाग में जेई के पद पर तैनात रहे व्यक्ति समेत पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

तरकुलवा थाना के वृक्षापट्टी के रहने वाले ब्रह्मा यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि उनके यहां लघु सिंचाई विभाग के जेई के पद पर तैनात रहे बलवंत प्रसद सिंह निवासी हरदिया थाना गुलहरिया जिला गोरखपुर ने उन्हें लिपिक के पद पर नौकरी दिलाने की बात 14 अगस्त 2020 में कही। इसके बाद उसने दो लाख रुपये लिया। इसके बाद कई बार में कुल 25 लाख रुपये वह तथा उसके साथियों ने खाते में लिया। लेकिन न तो अब वह रुपया वापस कर रहे हैं और न ही नौकरी ही लगा रहे हैं। इस मामले में पुलिस तरकुलवा पुलिस ने बलवंत प्रसाद सिंह के अलावा धीरज जायसवाल निवासी जेबीएल हाउस रसूलपुर गोरखपुर, सुनील सिंह निवासी अज्ञात, प्रभाकर दुबे निवासी रघुनाथपुर जिला सिवान बिहार व राजीव गोयल निवासी 20 अकबर रोड नई दिल्ली उत्तरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उप निरीक्षक शैलेश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**पांच के विरुद्ध बलवा का मुकदमा :** रुद्रपुर : क्षेत्र के महेशपुर में सरसो की फसल काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने राजेश तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने बरहज के कपरवार निवासी राहुल सिंह, रणजीत, मांधात सिंह, कमलाकर व एक अज्ञात के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है।

**बाइक की ठोकर से महिला घायल :** सुकरौली बाजार (कुशीनगर) :क्षेत्र के मझना नाला पुल के पास गुरुवार को बाइक की ठोकर से महिला घायल हो गई। बाइक भी पलट गई जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सवना लक्ष्मण के अजय प्रसाद बाइक से सोनबरसा से आ रहे थे।

# विरोध करने पर पीटा चार पर केस

**रुद्रपुर।** एकला मिश्रौलिया गांव में एक खेत में जबरन फसल काट रहे लोगों ने किसान के मना करने पर उसकी पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने चार नामजद और कुछ अज्ञात पर केस दर्ज किया है। महेशपुर गांव के राजेश तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एकला मिश्रौलिया में उन्होंने अपने खेत में सरसों की बुआई कर रखी है। बुधवार को कुछ लोग उनके खेत में घुस कर जबरन सरसों की फसल काटने लगे। इसका विरोध करने पर उन्होंने मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# पिकअप पर लदे मवेशियों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बरहज।** करुअना-बारा दीक्षित मार्ग पर पांडेय फुलवरिया गांव के निकट बृहस्पतिवार को पुलिस ने मवेशी लदी पिकअप को पकड़ा। इसमें भाग रहे दो तस्करों को पुलिस ने दबोच लिया। जबकि तीन फरार हो गए। पुलिस ने दोनों तस्करों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है, जबकि मवेशियों को कान्हा हाउस में शिफ्ट कराया। दोपहर में पुलिस को तस्करों के पिकअप में मवेशियों के ले जाए जाने की सूचना मिली। संवाद

# देवरिया : सपा जिला सचिव को कार से कुचलने की कोशिश

संवाद न्यूज एजेंसी

## लोगों को आता देख कसया की तरफ भागे, फायरिंग की के बाद सनसनी

देवरिया। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव मुन्ना यादव को बदमाशों ने कार से कुचलकर मारने की कोशिश की। बताया जाता है कि इस दौरान उनपर फायरिंग भी की गई। घायल मुन्ना यादव को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उन्होंने चार नामजद व एक अज्ञात पर हमले का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

रामपुर कारखाना क्षेत्र के शहबाजपुर गांव निवासी सपा जिला सचिव मुन्ना यादव बृहस्पतिवार की सुबह जिला मुख्यालय के लिए निकले। वह गांव के बाहर पहुंचे ही थे कि पूर्व प्रधान मिल गए। उनसे गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट की थी। इसके बाद उनके साथ थाने तक गए। वहां से निकलकर मुन्ना देवरिया-कसया मार्ग के पुरुषोत्तमपुर चौराहे से करीब सौ कदम आगे पहुंचे ही थे कि पीछे से एक कार ने बगल से टक्कर मार दी। मुन्ना सड़क पर गिर गए। मुन्ना यादव के मुताबिक कार 20 कदम आगे जाकर रुकी। इसके बाद चालक कार घुमाकर वापस आया। अबकी कार से फायरिंग की गई। लोगों के शोर मचाने पर चालक कार लेकर कसया की ओर भाग निकला। राहगीरों का कहना था कि घटनास्थल पर फायरिंग की आवाज सुनी गई। हालांकि पुलिस फायरिंग की बात से इन्कार कर रही है। सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है। बयान के आधार पर कार्रवाई हो रही है।

# ठेका व बाइक एजेंसी दिलाने के नाम पर 40 लाख की ठगी

### आधा दर्जन युवकों ने उमानगर निवासी एक युवक के विरुद्ध दी तहरीर, पुलिस ने की मामले की जांच, नहीं मिला आरोपित



तहरीर लेकर सदर कोतवाली पहुंचे ठगी के शिकार युवक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले में विदेश ठगी का मामला अभी चल ही रहा था कि पावर हाउस का ठेका व एक बाइक कंपनी की एजेंसी दिलाने के नाम पर आधा दर्जन युवकों से ठगी कर ली गई।

ठेकेदारी व एजेंसी की कौन कहे खाते में भेजा गया पैसा नहीं मिला तो युवकों ने कोतवाली पुलिस की शरण ली। आधा दर्जन युवकों ने उमानगर के एक युवक पर धोखाधड़ी कर 40 लाख रुपये लेने का आरोप लगाया है। उनकी तहरीर पर पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल का जायजा लिया, लेकिन आरोपित का कोई सुराग नहीं मिला।

पुलिस को दी तहरीर में आधा दर्जन युवकों ने आरोप लगाया है कि शहर के उमानगर निवासी कुलदीप मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। युवकों में शामिल मऊ जिले के दोहरीघाट के विशाल कुमार गुप्ता पुत्र श्याम बिहारी गुप्ता का आरोप था कि वह विभिन्न प्रकार के ठेकेदारी के साथ एजेंसियां दिलाने के नाम पर युवकों को अपना निशाना बनाता है। उसने गोरखपुर में अपना ऑफिस खोल रखा है। गोरखपुर के एक मित्र के माध्यम से उससे मुलाकात हुई। इसके बाद पावर हाउस की ठेकेदारी दिलाने के नाम पर सिक्योरिटी के रूप में मुझसे पांच लाख रुपये ले लिया।

इसी तरह गोरखपुर के संदीप साहनी 18.20 लाख, देवरिया के खुखुंदू के ऋषभ से 2.25 लाख, आजमगढ़ के धनेश यादव से 17 लाख रुपये ले लिया। इसी तरह शहर की सैसी रोड प्रेम बालिका दुबे से 6 लाख हीरो की एजेंसी दिलाने के नाम पर ऐंठ लिया। यह सारे पैसे उसके खाते में भेजे गए है। पैसा मांगने पर पहले टाल मटोल कर रहा था। अब गाली-गलौज पर उतारू हो जा रहा है। पीड़ित युवकों ने कोतवाली पहुंच पुलिस को तहरीर दी।

कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा के निर्देश पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच मामले की जांच की, लेकिन आरोपित का कोई सुराग नहीं मिला। सीओ संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि आवेदन की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

### बाइक फाइनेंस कराने के बहाने 22 हजार रुपये हड़पने का आरोप

भटनी। क्षेत्र के झरनाकुटी गांव निवासी एक महिला ने बाइक एजेंसी संचालक पर बाइक फाइनेंस कराने के बहाने 22 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देकर एजेंसी संचालक समेत चार लोगों पर धोखाधड़ी आदि धाराओं में केस दर्ज करने की मांग की है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। भटनी के झरनाकुटी गांव निवासी रेशुन निशा बीमार रहती है। इलाज कराने को अस्पताल जाने में दिक्कत होने पर वह पत्नी असरोज खान से बाइक खरीदने की बात कही। दंपति करीब तीन महीने पूर्व पांटी बाजार स्थित एक बाइक एजेंसी पर पहुंचे जहां उन्होंने 22 हजार रुपये देकर सुपर स्प्लेंडर बाइक फाइनेंस के बाद घर लाया। दो किस्त जमा करने के बाद महिला फाइनेंस के कागजात मांगने एजेंसी पहुंची तो संचालक और अन्य तीन कर्मियों ने दुर्व्यवहार कर भगा दिया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित दंपती देवरिया पहुंच फाइनेंस का स्टेटस जांच किया तो 22 हजार रुपये जमा नहीं होने की बात बताई गई। इससे परेशान रेशुन निशा ने थाने में तहरीर देकर आरोपी बाइक एजेंसी संचालक समेत चार लोगों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

### कार बेचने के नाम पर ठगे 22.50 लाख

देवरिया। बघौचघाट थाना क्षेत्र के मेहड़ा हंसपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने छह माह पूर्व फार्चुनर कार खरीदने के लिए कुशीनगर निवासी दो व्यक्तियों से बात की। इसके बाद उनके खाते में पैसा भी डाल दिया। छह माह बाद भी वाहन नहीं मिलने पर पैसे की मांग की, तो दोनों गाली-गलौज करते हुए धमकाने लगे। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।
मेहड़ा हंसपुर गांव के मो. तलहा खान पुत्र स्व. हसनैन खान ने फार्चुनर खरीदने का मन बनाया। इसी बीच उनकी मुलाकात कुशीनगर के रविंद्रनगर थाने के धर्मपुर बुजुर्ग निवासी धीरेंद्र कुमार सिंह पुत्र रामदेव सिंह और कसया के अमन सिंह पुत्र संतोष सिंह से हुई। उन दोनों ने तलहा को झांसे में ले लिया और फार्चुनर दिलवाने की बात कही। इसके बाद तलहा से खाते में 22.50 लाख डलवा लिए। करीब छह माह बाद भी गाड़ी नहीं दी तो तलहा ने पैसे की मांग की। पहले तो दे देंगे की बात करते थे। फिर आनाकानी शुरू कर दी। इसे लेकर कई बार पंचायत भी हो चुकी है। इन दिनों पैसा मांगने पर दोनों ही गाली-गलौज करते हुए धमकाना शुरू कर दिया। यह देख तलहा ने थाने में तहरीर देकर दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। सीओ संजय रेड्डी ने कहा कि केस दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# गांव में घूम रहे हैं चोर, पुलिस पड़ी सुस्त

## 15 दिन पहले एक ही रात तीन गांवों में हुई चोरियां, कई सामान ले गए चोर

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों में एक ही रात ट्रैक्टर की बैटरियों और राइस मिल के उपकरणों की हुई चोरियों में अभी भी तीन चोर फरार हैं। हालांकि पुलिस ने दर्ज केस के तहत दो चोरों को जेल भेज दिया।

पकड़े गए चोरों की निशानदेही पर उनके घर से चोरी की तीन बैटरियां और 21 रिंच समेत अन्य उपकरण बरामद किए गए। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस फरार चोरों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही थी। इन दिनों सुस्त पड़ गई है, जबकि चोर गांव में ही घूमते नजर आ रहे हैं।

**पकड़े गए दो आरोपियों ने वारदात में तीन और के शामिल होने की स्वीकारी थी बात**

खुखुंदू थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव निवासी हरेंद्र गुप्ता का दरवाजे पर ट्रैक्टर ट्रॉली सहित कंबाइन मशीन खड़ी रहती है। एक पखवाड़ा पूर्व चोरों ने ट्रैक्टर की दो बैटरी, शाफ्ट, रिंच और पटिया खोल कर लेकर चले गए। दूसरी चोरी मंगराईच गांव निवासी सोहनलाल मौर्या के यहां हुई है। चोर ट्रैक्टर की चार बैटरी, पटिया, रोटावेटर और राइस मिल का एक्सल,पट्टा और तकरीबन साठ लीटर डीजल चुरा ले गए।

इसी तरह धनौती गांव निवासी अजय गौड़ के दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में से ट्रॉली का तकरीबन डेढ़ क्विंटल लोहे का पटिया चुरा ले गए। पुलिस ने सोहनलाल और हरेंद्र की तहरीर पर वारदात के एक दिन बाद चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने तत्काल दो चोरों को चोरी के कुछ उपकरणों के साथ पकड़ भी लिया। पकड़े गए चोरों ने पड़ोस गांव के तीन और चोरों को घटना में शामिल होने की बात स्वीकारी थी।

पुलिस ने बताए नामों के मुताबिक उनके घरों पर दबिश भी दी, लेकिन चोर पकड़ में नहीं आए। अब पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस दो चोरों को गिरफ्तार करने के बाद सुस्त पड़ गई है, जबकि तीनों चोर खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं।

# साइड के लिए ट्रक का हॉर्न बजाने पर मनबढ़ों ने चालक को पीटा

## मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, पुलिस कर रही जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। साइड के लिए ट्रक का हार्न बजाना एक ट्रक चालक को महंगा पड़ गया।

बुधवार की दोपहर में महुआडीह थाना क्षेत्र के हरैया बसंत चौराहे पर साइड के लिए ट्रक का हार्न बजाने पर कार सवार मनबढ़ों ने चालक की पिटाई कर दी। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें एक मनबढ़ एक दुकान से पिटाई करने के लिए पटरा ले जाता हुआ दिखाई दे रहा है।

मामले में ट्रक मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शहर के सिंधी मिल कालोनी के भूपेंद्र नाथ मिश्र पुत्र स्व. हर्षनाथ मिश्र का एक ट्रक है। आरोप है कि उनका ड्राइवर गिरीश यादव पुत्र परशुराम यादव बुधवार को ट्रक लेकर महुआडीह थाना क्षेत्र के हरैया बसंतपुर चौराहे पर गया था, जहां एक कार में बैठे कुछ मनबढ़ों ने ट्रक को रोका।

ड्राइवर गिरीश को गाली देते हुए बोले हार्न क्यों बजा रहे हो, गाली देने का विरोध करने पर मनबढ़ ड्राइवर को गाड़ी से खींचकर चौराहे पर ले गए और लाठी-डंडे से उसकी पिटाई कर दी और गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया।

एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक मनबढ़ दुकान के अंदर रखा एक पटरा चालक की पिटाई करने के लिए लेकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। ट्रक मालिक ने एसपी से इसकी शिकायत की है। सीओ सिटी संजय रेड्डी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## आर्केस्ट्रा संचालक और सहयोगियों पर हत्या के प्रयास का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में आर्केस्ट्रा बुकिंग करने गए पड़ोसी गांव के कुछ लोगों पर आर्केस्ट्रा संचालक और उसके सहयोगियों ने जानलेवा हमला कर दिया।

आरोप है कि शादी के कार्यक्रम में अच्छे डांसरों को लाने की बात को लेकर विवाद शुरु हुआ था। इस मामले में घायल व्यक्ति के बेटी की तहरीर पर पुलिस ने आर्केस्ट्रा के संचालक और उसके सहयोगियों पर मारपीट, बलवा व हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के भरौटा गांव की रहने वाली अदिति गोस्वामी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि उसके पिता लोकेंद्र गोस्वामी 13 मार्च को शाम चार बजे शादी के लिए आर्केस्ट्रा बुक करने नरायनपुर गांव में संचालक रिजवान के घर गए थे। उनके साथ गांव के सूरज, उपेंद्र, शैलेष और अभिनंदन भी थे।

आरोप है कि उनके पिता ने आर्केस्ट्रा संचालक से शादी कार्यक्रम में अच्छे डांसरों को लेकर आने की बात कही, जिसको लेकर वाद-विवाद हुआ। इसके बाद आर्केस्ट्रा संचालक घर में उसके पिता को बंदकर गोलू, ड्राइवर और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर बेरहमी से मारापीटा। उनलोगों ने लोहे की राड से हमला बोल दिया।

आरोपियों ने साथ गए लोगों को भी मारापीटा। सीओ संजय रेड्डी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आर्केस्ट्रा संचालक समेत कई लोगों पर हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जल्दी ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

अमर उजाला

## क्षेत्राधिकारी ने पोलिंग बूथों का किया गया निरीक्षण

भाटपाररानी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी शिव प्रताप सिंह ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए पोलिंग बूथों का बृहस्पतिवार को स्थलीय व भौतिक सत्यापन किया। साथ ही अर्द्धसैनिक बल, बाह्य जनपद से आने वाले पुलिस बल, होमगार्ड के ठहरने के लिए चिह्नित विद्यालयों में कमरों की संख्या, साफ-सफाई की व्यवस्था, शौचालय आदि की हकीकत देखी। उन्होंने कमी मिलने पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। संवाद

। पन्न होता है।

# छात्रा अपहरण मामले में आया नया मोड़

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के एक गांव में महाशिवरात्रि की रात मां को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर बेटी को उठा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक नया खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि एक साल पहले भी छात्रा का अपहरण हुआ था। मां की तहरीर पर गांव के दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की गई थी।

इस बार अज्ञात के खिलाफ मारपीट, छेड़खानी, अपहरण, पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर छात्रा और आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि छात्रा का मोबाइल फोन स्विच ऑफ बता रहा है, जबकि जिस पर आशंका जताई गई थी, वह अपने घर मिले हैं। ऐसे में छात्रा को ढूंढना पुलिस के लिए मुश्किल हो रहा है।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी गांव के पास के ही स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ती है। पिता सात मार्च को लखनऊ चले गए। घर पर मां और बेटी थी। बताया जा रहा है कि आठ मार्च की रात में छात्रा मां से बाथरूम जाने की बात कहकर बिस्तर से उठी और अकेले जाने लगी।

मां भी साथ चलने की बात कहकर उठी। दोनों साथ में आ रहे थे, तभी मेन दरवाजे से खटखट की आवाज आई। छात्रा की मां ने जैसे ही दरवाजा खोला, अचानक किसी ने उसे थप्पड़ जड़, वह नीचे गिर गई। इसके बाद नशीला पदार्थ सुंघा दिया गया और वह बेहोश हो गई। दूसरे दिन सुबह जब होश आया तो बेटी गायब थी। वैसे पुलिस सात मोबाइल फोन की डिटेल खंगालने में लगी है।

## पुलिस बोली- एक साल पहले भी हुआ था छात्रा का अपहरण, दो गए थे जेल

पुलिस सर्विलांस के जरिये ही छात्रा तक पहुंचने की बात कह रही है। वैसे पुलिस ने छात्रा का मोबाइल फोन भी सर्विलांस पर लगा रखा है, लेकिन मोबाइल बंद बता रहा है, जिससे पुलिस को सफलता नहीं मिल पा रही है। इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि दूसरी बार छात्रा का अपहरण हुआ है।

पहली बार छात्रा का अपहरण होने के बाद परिजनों ने छात्रा का रेगुलर क्लास (पढ़ाई) छोड़ाकर ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कराई थी। छात्रा घर पर ही रहकर ऑनलाइन पढ़ाई कर रही थी। सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला ने बताया कि पुलिस लगी है। बहुत जल्द छात्रा को ढूंढ निकाला जाएगा।

# पैरा मिलिट्री फोर्स संग पुलिस ने किया रूट मार्च

देवरिया। लोकसभा चुनाव व त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर प्रशासन अलर्ट मूड में है। इसी क्रम में पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस ने बृहस्पतिवार को तरकुलवा और पथरदेवा कस्बा में रूट मार्च कर नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल मार्च तरकुलवा कस्बा में थाने रोड से शुरू हुआ और मुख्य सड़क पर मंडी मोड़, केसरीपुर से होते हुए दुबेटोला मस्जिद के पास संपन्न हुआ। इसके पश्चात पुलिस के पैरामिलट्री व जवानों ने पथरदेवा कस्बा में पहुंचकर बड़ौदा यूपी बैंक से मेन बाजार होते हुए जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महुआरी तक रूट मार्च किया। संवाद

# पूर्व में हथियार के साथ हुई गिरफ्तारी के बाद से खार खाया था अखिलेश

## जेल से निकलने के बाद मंटू कुमार से बढ़ाई दोस्ती, कभी नहीं होने दिया शक

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** बरियारपुर थाने के लाहिलपार में गोली कांड का खुलासा कर पुलिस ने तीन आरोपितों को जेल भेज दिया। जेल जाने वाले तीनों आरोपित मंटू कुमार के दोस्त हैं, जो दिन रात उसके साथ रहते थे। अपने बयान में अखिलेश कुमार ने पुरानी रंजिश में गोली मारने की बात स्वीकारी है।

पुलिसिया पूछताछ में कार में मौजूद रुद्रपुर के मिश्रौलिया के अखिलेश कुमार ने खुलासा किया कि पुरानी रंजिश में उसने सदर कोतवाली के खोराराम निवासी मंटू कुमार (24) को रविवार को मेहरौना में गोली मारी थी। उसने बताया कि पूर्व में पिस्टल के साथ कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मंटू ने ही उसकी गिरफ्तारी कराई थी। इसी बात से वह खार खाया हुआ था, लेकिन मंटू को इसकी भनक न लगी। वह अपने दो साथी सुरौली के प्रमोद कुमार और शहर के सीसी रोड रामनाथ के विक्की शुक्ला के साथ खोराराम पहुंचा।

इसके बाद मंटू कुमार को कार में बैठा लिया। मेहरौना में मैंने ने पिस्टल निकाल कार में ही मंटू को गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुन बाबा के स्थान के पास मौजूद लोग उनकी तरफ बढ़ने लगे तो वे लोग वाहन घुमा कर फरार हो गए।

वहां से लाहिलपार दुर्गा मंदिर से कुछ दूरी पर पहुंचकर बाइक सवार बदमाशों के मंटू को गोली मारने की अफवाह फैला दी। इसके बाद अपने साथियों के साथ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के बाद फरार हो गया। उसने पुलिस को दिग्भ्रमित करने के लिए यह चाल चली थी, लेकिन टॉवर लोकेशन ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

### असलहा चेक करते समय गोली चलने की कही थी बात

मंटू कुमार के साथ घटना के समय मौजूद रुद्रपुर के मिश्रवलिया गांव निवासी अखिलेश इस गोलीकांड का मास्टरमाइंड निकला। उसने अपनी रंजिश मिटाने के लिए मंटू को घर से बुलाकर मेहरौना ले गया। वहां लेकर जाकर उसने कार में ही गोली मार दी। इसके बाद लेकर लाहिलपार पहुंचा। वहां घटना को दूसरी तरफ मोड़ने के लिए बदमाशों पर गोली मारने का मनगढ़त आरोप लगा दिया। इसके पुलिस ने जब तीनों को उठाया तो गाड़ी में असलहा चेक करते समय गोली चलने की बात कही। उसके अनुसार चेक करते समय फॉयर हो गया।

*लाहिलपार गोलीकांड का खुलासा कर पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेज दिया है। घटना में प्रयुक्त पिस्टल व कार को बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार अखिलेश ने मंटू को गोली मारने की बात स्वीकारी है। इसमें उसके दोनों दोस्तों ने सहयोग किया था।*

– **दीपक शुक्ला,** सीओ सलेमपुर

# प्रधान ने लगाया हेडमास्टर और उनके पति पर आरोप

**देवरिया।** तरकुलवा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पचरुखिया के अनुसूचित जाति के प्रधान ने गांव के प्राथमिक विद्यालय की हेडमास्टर और उनके पति पर अभद्रता और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने पर प्रधान ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में इस प्रकरण को उठाने की बात कही है। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पचरूखिया के प्रधान प्रहलाद कुमार ने बीएसए अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह अनुसूचित जाति वर्ग के ग्राम प्रधान हैं। वह 14 मार्च को गांव के प्राथमिक विद्यालय के रसोई घर का निरीक्षण करने गए थे, इस दौरान हेडमास्टर ने उनके साथ अभद्रता करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2024

# गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के खैरटिया शीतलापुर नहर पर मुखिबर की सूचना पर नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने गुरूवार की शाम घेराबंदी कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 किलो गांजा बरामद किया। पकड़े गये तस्करों की पहचान घनश्याम जायसवाल बलकुड़िया थाना नेबुआ नौरंगिया, शत्रुधन सिंह बड़हरा बाबू थाना कप्तानगंज एवं राममूरत राजभर कुर्मी पट्टी भरपटिया थाना नेबुआ नौरंगिया के रूप में हुई।

# चोरी के वाहनों से पशु तस्करी करने वाले चार गिरफ्तार

**बांसगांव, गोरखपुर।** चोरी के वाहनों से पशुओं की तस्करी करने वाले अंतरजनपदीय गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार करके पुलिस ने पिकअप और कार बरामद की है। पकड़े गए शातिर कुशीनगर जिले के मूल निवासी हैं। वे गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया सहित अन्य जिलों में सक्रिय रहकर वाहन चोरी और पशु तस्करी करते हैं। एसएसपी डाॠ गौरव ग्रोवर ने बताया कि आरोपियों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार, बीते तीन मार्च को भैंसा बाजार में सोमनाथ पुत्र मकालू के घर के सामने खड़ी उनकी पिकअप चोरी हो गई। उनकी सूचना पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज करके पुलिस छानबीन में जुटी थी। एसओ बांसगांव अरविंद सिह ने चौकी इंचार्ज विकास नाथ के नेतृत्व में टीम गठित की। पुलिस पिकअप की तलाश करती हुई कुशीनगर के कसया मोड़ पहुंची। पुलिस के सक्रिय होने पर पशु तस्करों ने स्पीड बढा दी, जिससे पिकअप बेकाबू होकर गड्ढे में पलट गई।

# वांछित गिरफ्तार

तरयासुजान। मुकदमे के एक वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुरूवार को पुलिस ने पशु क्रूररता में शाने आलम पुत्र आमीन उर्फ़ यासीन निवासी हिलाल सराय थाना नखासा जनपद संभल को टोल प्लजा सलेमगढ से गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# एक वर्ग विशेष का धार्मिक झंडा लगाने पर तनाव

लक्ष्मीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। धोधरही गांव में बुधवार की रात रेलवे क्रासिंग पर लगे खंभे पर एक वर्ष विशेष झंडा लगाने पर गांव में तनाव बना रहा। पुलिस ने गांव में पैदल मार्च कर गांव में दहशत कायम कर देर रात को चिन्हित दो पक्ष के 21 लोगों पर शांति भंग की आशंका में एवं चार लोगों के खिलाफ शांति भंग के आरोप में कार्रवाई की है।

रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा धोधरही गांव जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग के दोनों तरफ लगे खंभे धार्मिक झंडा लगा था। बुधवार की रात एक विशेष वर्ग के लोगों ने अपने धर्म का झंडा लगा दिया। इस पर दोनों पक्षों में तनाव फैल गया। इसकी जानकारी होने पर पुलिस भी तत्काल हरकत में आ गयी और गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। एसडीएम कप्तानगंज योगेश्वर सिंह भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। गुरूवार की सुबह पुलिस ने चिह्नित कर शांति भंग की आशंका एवं चार लोगों के खिलाफ शांति भंग के आरोप में कार्रवाई की गयी।



रेलवे ट्रैक पर बुजुर्ग महिला का शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस।

# रेलवे ट्रैक पर मिला बुजुर्ग महिला का क्षत-विक्षत शव

**लक्ष्मीगंज, हिसं।** कप्तानगंज-थावे रेल मार्ग पर मिश्रौली रेलवे क्रासिंग के पश्चिम 150 मीटर की दूरी पर गुरूवार को भोर में रेलवे ट्रैक पर पड़ा बुजुर्ग महिला का क्षत विक्षत शव ग्रामीणों ने देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने रामकोला पुलिस को दी। एसओ विनय कुमार सिंह मय फ़ोर्स घटना स्थल पर पहुंच कर शव का शिनाख्त करने जुट गये तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शव का शिनाख्त सैरुनिया पत्नी सफीउल्लाह उम्र 60 वर्ष निवासी चखनी पूरन छपरा थाना नेबुआ नौरंगिया के रूप में किया गया। रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पगार टोला मिश्रौली रेलवे क्रासिंग के पश्चिम 150 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने एक क्षत विक्षत महिला का शव देखा। इसकी जानकारी होने पर वहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने रामकोला एसओ विनय कुमार सिंह को दी। रामकोला पुलिस मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों से पूछताछ करने लगी लेकिन सिर कटा होने से शव का शिनाख्त नहीं हो पा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शिनाख्त में जुट गयी। बाद में बुजुर्ग महिला की पहचान सैरुनिया पत्नी सफीउल्लाह उम्र 60 वर्ष निवासी चखनी पूरन छपरा थाना नेबुआ नौरंगिया के रूप में की गयी। परिजनों के मुताबिक सैरुनिया मानसिक रोग से पीड़ित थी, जिसका इलाज गोरखपुर से चल रहा था।

# महिला को भेजा गलत मैसेज, केस दर्ज

**पटहेरवा।** एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही एक युवक पर मोबाइल से गलत मैसेज भेजने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसकी शादी वर्ष 2018 में मलाही टोला में हुई। पति पत्नी खुशहाल जीवन जी रहे थे। तभी मायके पगरा पड़री गांव निवासी बीरू मोबाइल पर गलत मैसेज करना शुरू कर दिया।

# गाड़ी बेचने के नाम पर लाखों की ठगी, केस

पथरदेवा। फार्च्यूनर गाड़ी बेचने के नाम पर जालसाजों ने पूर्व प्रधान से साढे. बाइस लाख रुपए हड़प लिए। प्रधान के पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने धमकी देना शुरू कर दिया। मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। बघौचघाट क्षेत्र के मेहाहरहंगपुर के पूर्व प्रधान तलहा खां ने गाड़ी खरीदने के लिए कुछ दिन पहले कुशीनगर जनपद के दो लोगों के खाते में साढ़े बाइस लाख हस्तांतरित किया था। पैसा भेजने के बाद भी आरोपी गाड़ी देने से इंकार कर दिए। पूर्व प्रधान ने बघौचघाट थाने में तहरीर दी। मामले में पुलिस ने धीरेंद्र सिह निवासी धर्मपुर बुजुर्ग, रवींद्र नगर और अमन सिह निवासी कसया, जनपद कुशीनगर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**45 पेटी अवैध शराव के साथ एक गिरफ्तार** : जासं, तरयासुजान : पुलिस ने अहिरौलीदन के लोकनाहा टोला के समीप गुरुवार को बाइक से देसी शराब लेकर बिहार जा रहे तस्कर को गिरफ्तार किया है। शराब बाइक पर 15 पेटी और गन्ने के पत्ती में छिपा कर रखे गए 30 पेटी रखी गई थी। तस्कर गुड्डू कुमार अहिरौली दान के लोकानाहा टोला का निवासी है।

# फरार गैंगस्टर गिरफ्तार

जासं, पडरौना : सदर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को मठिया चौराहे के पास से गैंगस्टर के आरोपित को गिरफ्तार किया। वह एक वर्ष से फरार था। पुलिस उसे न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ल ने बताया कि सूचना मिली कि काफी समय से फरार गैंगस्टर में वांछित बसहिया बनवीरपुर गांव का रहने वाला रियाज उर्फ नन्हकी मठिया तिराहे पर मौजूद है। पुलिस टीम ने वहां पहुंच कर उसकी तलाश शुरू कर दी। इसी बीच चाय दुकान में बैठा एक युवक पीछे के रास्ते से खेत की ओर भागा। पुलिसकर्मियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया।

# भू-माफिया व गो-तस्करों पर करें कार्रवाई

## फोरलेन व अंतरजनपदीय सीमा पर बढ़ाएं सतर्कता, घटनास्थल पर तत्काल पहुंचें: एसपी

जागरण संवाददाता,पडरौना : एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाकर कानून व्यवस्था को और भी सुदृढ़ बनाएं। नागरिकों से बेहतर व्यवहार करें। घटना की सूचना मिलते ही थानेदार के अलावा सक्षम अधिकारी भी मौके पर पहुंचें और विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। ताकि पीड़ित को यह महसूस हो कि मुश्किल घड़ी में पुलिस उनके साथ है।



कसया थाना में समीक्षा बैठक करते एसपी धवल जायसवाल (दाएं) • जागरण

वे गुरुवार को अपने कार्यालय में अपराध समीक्षा बैठक के दौरान थानेदारों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि गुंडा, भू-माफिया, शराब व गो-तस्करों पर लगातार शिकंजा कसें। ऐसे लोगों को चिन्हित कर जेल भेजें। ये किसी भी दशा में बचने न पाएं। इनके विरुद्ध गैंगस्टर की भी कार्रवाई करें। अभियान चलाकर इनकी अवैध संपत्ति जब्त की जाए। गो-तस्करी तथा गंभीर प्रकृति के अपराध से जुड़े मुकदमों की लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराएं, ताकि अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाई जा सके। चुनाव को लेकर अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्रवाई करें। एएसपी अभिनव त्यागी ने कहा कि थानेदार नियमित रूप से पैदल गश्त करें। ताकि क्षेत्र की गतिविधियों की अद्यतन जानकारी रहे। सीओ कुंदन कुमार सिंह सहित थानेदार, पीआरओ भुपेंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।

### बार्डर क्षेत्र व फोरलेन पर और भी बढ़ाएं चौकसी

एसपी ने बिहार, देवरिया, गोरखपुर व महराजगंज बार्डर एवं फोरलेन पर और भी चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए। कहा कि बिहार राज्य से लगा यह जनपद जोन के संवेदनशील जनपदों में शामिल है। जनपद को बिहार व आसपास के जनपदों से जोड़ने वाले फोरलेन के अलावा संपर्क मार्गों पर भी बैरियर स्थापित कर दिन-रात निगरानी रखी जाए।

# आग से तीन किसानों की गन्ना की फसल जली

जासं, कोटवा बाजार: नेबुआ नौरंगिया थाने कौवासार के चंवर में गुरुवार की दोपहर अज्ञात कारण से लगी आग से तीन किसानों की 36 डिसमिल गन्ने की फसल जल गई। छह-सात किसानों की गेहूं व बकला की फसल झुलस गई। राजस्व टीम ने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार की।

चंवर में आग की लपटें और धुआं देख आसपास खेतों में कार्य कर रहे किसानों ने शोर मचाया। ग्रामीणों ने काफी मेहनत कर आग पर काबू किया। तब तक हरिनारायन, लोरिक, सुदर्शन का 12-12 डिसमिल गन्ने की फसल जल चुकी थी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन खेतों तक पहुंचने के लिए रास्ता न होने के कारण गाड़ी नहीं जा पाई। कौवासार, बिहारी छपरा, नंदन छपरा, ढोलहा आदि गांवों के ग्रामीण आग बुझाने में जुटे रहे।

### गन्ना लदा ट्राला पलटा, चालक घायल

जासं, नेबुआ नौरंगिया: क्षेत्र के कलवारी पट्टी के समीप नेबुआ-कप्तानगंज मार्ग पर गुरुवार को गन्ना लदा ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। नेबुआ नौरंगिया के पिपरा के राजू ट्रैक्टर-ट्राला से गन्ना लेकर रामकोला जा रहे थे। दोपहर तीन बजे कलवारी पट्टी के पास ट्रैक्टर-ट्राला पलट गया। दुर्घटना की जानकारी पर गांव के लोग पहुंच गए। ट्रैक्टर में फंसे चालक को बाहर निकाला और नजदीक स्थित सरकारी अस्पताल भिजवाया।


ALL INDIA INSTITUTE
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्राल
(An Institution of National Import
भारत सरक
Website-ww
Advertisemen
No: AIIMS/Deoghar/Admin./Rect./Deputa
VACANCY

# आरोपित गिरफ्तार

तरयासुजान : पुलिस ने सलेमगढ़ टोल प्लाजा के पास से गो तस्करी के मामले में आरोपित को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित शाने आलम निवासी हिलाली सराय थाना नखासा जिला संभल का रहने वाला है। (जासं)

# लावारिस पिकअप से सात गोवंश बरामद

जासं, कसया: कसया पुलिस ने खरदर पुल के पास लावारिस पिकअप में सात पशु मिले। उन्हें खड्डा गोशाला भेजा गया।

गुरुवार की सुबह गांव के लोग कसया-तुर्कपट्टी मार्ग पर निकले तो पुल के पास गड्ढे में पिकअप खड़ी देखे। पास जाने पर पता लगा कि उसमें गोवंश लदे थे। कुछ देर बाद पुलिस पहुंची और क्रेन से उसे खींच कर थाने ले गई। माना जा रहा है कि भोर में चालक संतुलन बिगड़ने के कारण पिकअप गड्ढे की ओर लेकर चला गया होगा और निकाल नहीं पाया होगा। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि बरामद पिकअप पर कोई नंबर नहीं है। चेसिस नंबर के माध्यम से पिकअप वाहन स्वामी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# पांच किलो गांजा के साथ आटो सवार तीन गिरफ्तार

जासं, सिंगहा: नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने क्षेत्र के खैरटिया शीतलापुर के पास मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी पर गुरुवार की शाम को आटो से पांच किलोग्राम गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों की पहचान क्षेत्र के ही बलकुड़िया निवासी घनश्याम जायसवाल, कुर्मीपट्टी के भरपटिया के राममूरत राजभर तथा कप्तानगंज के बड़हराबाबू के शत्रुघ्न सिंह के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# शांति भंग में चार का चालान

लक्ष्मीगंज :रामकोला के लक्ष्मीगंज घोघहरा मार्ग पर बुधवार को दो पक्षों के बीच हुए विवाद में गुरुवार को चार को शांति भंग में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले में ग्यासुद्दीन असांरी, इरफान अंसारी, याकूब अली व रियाजुद्दीन निवासी घोघरही को हिरासत में लेकर उप-जिलाधिकारी के यहां ले गई, वहां से चारों को जिला कारागार भेज दिया।

# सीज की गई बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली

पडरौना : नेबुआ नौरंगिया के लक्ष्मीपुर उर्फ कुर्मी में बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली को खान अधिकारी ने गुरुवार की शाम को सीज कर दिया। खान अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि वाहन को नेबुआ नौरंगिया पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## पशुतस्कर गिरफ्तार

**तरयासुजान।** पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को गौ तस्करी व गोवध अधिनियम के फरार एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी शानेआलम पुत्र अमीन उर्फ यामीन ( 32) निवासी हिलाली सराय थाना क्षेत्र नखासा जिला संभल को तमकुहीराज चौराहे से गिरफ्तार किया है। वह पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। संवाद

# बाइक सवार तस्कर गिरफ्तार 45 पेटी अवैध शराब बरामद

तरयासुजान। बाइक से सवार शराब तस्कर को पुलिस ने 45 पेटी अवैध देसी शराब के साथ पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। गन्ने के खेत में शराब छिपाकर युवक बाइक से बिहार में पहुंचा रहा था।

पुलिस की पूछताछ में युवक अपने साथियों का भी नाम बताया है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। होली त्योहार नजदीक आते ही शराब तस्करी तेज हो गई है। इस पर रोक लगाने के लिए पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। गांवों की पगडंडियों के रास्ते तस्कर बाइक से शराब की तस्करी अब शुरू कर दिए हैं। तरायासुजान पुलिस ने बाइक सवार युवक को 15 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार युवक बाइक से शराब लेकर बिहार जा रहा था। इसकी निशानदेही पर गन्ने के खेत में छिपाए गए 30 पेटी और शराब बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के अहिरौलीदान गांव निवासी गुड्डू कुमार के रूप में किया। इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह ने बताया के केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बार्डर से जुड़े गांवों पर पुलिस नजर रख रह है। संवाद

### गन्ने के खेत में छिपाकर बाइक से शराब पहुंचाता था बिहार

# विभिन्न मामलों में चार वारंटी गिरफ्तार

पडरौना। पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग अलग मामलों में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जटहां बाजार थाना पुलिस ने धनहा गांव निवासी आरोपी कोमल को मारपीट के मामले में गिरफ्तार किया है, जबकि थाना विशुनपुरा थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित दो आरोपी सलाउद्दीन व अलाउद्दीन निवासी बरवा गांव को गिरफ्तार किया है। कुबेरस्थान थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में थाना क्षेत्र के पड़री गांव निवासी आरोपी निजामुद्दीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। संवाद

# दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

पडरौना। थाना कोतवाली पडरौना पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को दुष्कर्म के मामले में वांछित एक ओरापी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस को धोखा देकर लगातार फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी अफरोज थाना क्षेत्र के हाथीसार मोहल्ला फुलवारी दरबार का निवासी है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। संवाद

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित पकड़ा गया

पडरौना। कोतवाली थाना पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी रियाज उर्फ नन्हकी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी थाना क्षेत्र के बसहिया बनवीरपुर गांव का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# फिर पुलिस के सामने से भाग गए तस्कर, सात गोवंश बरामद

### वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को चकमा दिया, दर्ज किया गया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कसया-तुर्कपट्टी रोड पर खरदरपुल के पास पुलिस ने एक पिकअप से सात गोवंश को मुक्त कराया, जबकि पुलिस के सामने से तस्कर भाग निकले और पुलिस उन्हें नहीं पकड़ सकी। वाहन चेकिंग के दौरान कसया पुलिस को यह सफलता बृहस्पतिवार को दोपहर में मिली। पुलिस ने अज्ञात तस्करों पर केस दर्ज कर लिया है।

कसया थाना क्षेत्र के खरदरपुल के पास पुलिस दोपहर में वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान उधर से गुजर रहे एक पिकअप को पुलिस ने रोका। पुलिस अभी कुछ समझ पाती कि पिकअप छोड़कर इसमें सवार दो तस्कर फरार हो गए। कुछ देर बाद पुलिस ने देखा



कसया थाने में पशु तस्कर की पिकअप। स्रोत- पुलिस

तो पिकअप के अंदर सात गोवंश मिले। पुलिस ने गोवंश को मुक्त कराया और पिकअप को कब्जे में लिया।

पुलिस ने तस्करों को आस-पास के लोगों की मदद से दबोचने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने पिकअप के नंबर के आधार पर अज्ञात नामजद समेत अज्ञात तस्करों पर केस दर्ज किया है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो पुलिस थोड़ी भी सक्रियता दिखाई होती तो, तस्कर गिरफ्तार कर लिए गए होते।

पुलिस की सुस्ती के कारण पशु तस्कर भाग निकले। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि तस्कर पुलिस को देखकर भाग गए हैं। केस दर्ज कर लिया गया है। उनकी पहचान कर जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गोवंश मुक्त करा लेती पुलिस, तस्कर नहीं आते हाथ

**पडरौना।** जिले से गुजरने वाले एनएच-28 से पशुओं की तस्करी का खेल नहीं रुक रहा है। पिछले दो महीनों में 100 से अधिक गोवंश को मुक्त कराने में पुलिस सफल रही है। लेकिन, अधिकतर कार्रवाइयों में पुलिस के हाथ पशु तस्कर नहीं पहुंच सके हैं। हाईवे पर आने वाले थानों की पुलिस टीम से अक्सर पशु तस्करों से सामना भी होता है। पुलिस की ओर से की जा रही कार्रवाई में कई ऐसे मामले आ चुके हैं, जिसमें गोवंश से भरा वाहन छोड़कर तस्कर भाग जाते हैं और लावारिस हालत में पुलिस वाहन को बरामद करती है। फरार पशु तस्करों को गिरफ्तार करना तो दूर पुलिस अभी तक पहचान भी नहीं कर सकी है। हालांकि, एसपी इसको लेकर गंभीर हैं और फरार पशु तस्करों की गिरफ्तारी और कार्रवाई के लिए मातहतों की लगातार पेच कस रहे हैं।

पुलिस टीम पशुओं की तस्करी पर रोक लगाने के लिए काम कर रही है। पुलिस को देख तस्कर वाहन छोड़कर भाग जा रहे हैं। इन्हें चिह्नित किया जा रहा है। जल्द ही फरार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। **-अभिनव त्यागी, एएसपी**

**केस 1** 22 फरवरी को तमकुहीराज पुलिस ने एनएच के मंझरिया के पास से कंटेनर में ठूस कर लादे गए 33 गोवंशों को मुक्त कराया था। इसमें पुलिस ने दावा किया था कि पशु तस्कर कंटेनर छोड़कर फरार हो गए थे। अब तक पुलिस फरार हुए गोवंश तस्करों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

**केस 2** 6 मार्च को कसया पुलिस ने हाईवे पर विशुनपुर कट के पास से डीसीएम से 21 गोवंश को मुक्त कराया था। लेकिन, तस्कर पुलिस के हाथ नहीं लगे। इस मामले में पुलिस अभी तक तस्करों को गिरफ्तार करना तो दूर, उनकी पहचान तक नहीं कर सकी है।

**केस 3** शनिवार की भोर में हाटा क्षेत्र के छपरा भगत गांव के पास मुठभेड़ में दो कैरियरों को गिरफ्तार करते हुए गोवंश को मुक्त कराया गया, जबकि सरगना पुलिस की आंखों में धूल झोंककर कार से भागने में सफल रहा। अब तक पुलिस के हाथ उसके गिरेबां तक नहीं पहुंच सके हैं।

स्त्रियों के स्वास्थ्य एवं निखार के लिए
टेक्नोफार्म का
शीकेयर ®
• पेड़ू व कमर दर्द
सीरप

# धार्मिक झंडा लगाने के आरोपियों को भेजा जेल

## एसडीएम ने गांव का जाना हाल, दूसरे दिन भी तैनात रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी



धोधरही में धार्मिक झंडा फहराने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। संवाद

**लक्ष्मीगंज।** धोधरही गांव में धार्मिक झंडा लगाने के मामले में हिरासत में लिए गए गयासुद्दीन अंसारी, इरफान अंसारी, याकूब अली, रियाजुद्दीन को एसडीएम कोर्ट में पुलिस ने बृहस्पतिवार की शाम को पेश किया।

जहां से एसडीएम ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया। इस मामले को लेकर बुधवार को माहौल गर्म हो गया था। दो पक्षों में तनाव को देखते हुए रात में ही प्रशासन ने लोगों को समझाकर झंडा उतरवा दिया। गांव में पुलिस तैनात कर दी गई। बृहस्पतिवार को एसडीएम कप्तानगंज योगेश्वर सिंह गांव में पहुंचे और गांव वालों से घटना की जानकारी ली। दूसरे दिन भी पुलिस गांव में तैनात रही।

रामकोला थाना क्षेत्र के धोधरही गांव में रेलवे ढाले के पास बुधवार को एक पक्ष के लोगों ने धार्मिक झंडा लगा दिया। शाम को इसकी जानकारी दूसरे पक्ष के लोगों को हुई तो मौके पर पहुंचकर हंगामा करने लगे और इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने झंडा उतरवाया और नाराज लोगों को शांत कराया। रात में ही चार युवकों को हिरासत में ले लिया गया।

बृहस्पतिवार को कप्तानगंज के एसडीएम योगेश्वर सिंह गांव पहुंचकर दोनों पक्षों से बातचीत कर शांतिपूर्ण माहौल के लिए अपील की। काफी देर तक एसडीएम गांव में जमे रहे।

एसडीएम योगेश्वर सिंह ने बताया कि धार्मिक झंडा लगाने वाले चार युवकों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। गांव का माहौल सामान्य है। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस तैनात की गई है।

# पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के पडरी की महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने मोबाइल फोन में गलत मैसेज आने को लेकर पति पर मारपीट कर छोड़ देने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मैसेज भेजने वाले के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के पगरा पड़री की युवती की शादी बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के ठकरहां थाना क्षेत्र के मलाही टोला में वर्ष 2018 में हुई थी। महिला ने पटहेरवा पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पगरा पड़री का एक युवक उनके मोबाइल पर गलत शब्द लिखकर मैसेज करना शुरू कर दिया है। इससे पति-पत्नी में मतभेद हो गया है। महिला का आरोप है कि इसको लेकर पति से आए दिन झगड़ा होता रहता है। उनके पति ने उन्हें मारपीट कर छोड़ दिया है। थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2024

# पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न का केस

**सिंदुरिया।** एसपी के निर्देश पर सिंदुरिया पुलिस दहेज उत्पीड़न के मामले मे पति, सास व ससुर समेत छह आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज की है। थाना क्षेत्र के भेड़िया निवासी वसुंधरा शर्मा पत्नी प्रदीप ने एसपी को तहरीर देकर ससुराल के पति, सास समेत छह आरोपितों पर मारने-पीटने, दहेज के लिए उत्पीड़न का आरोप लगाई थी।

पीड़ित वसुंधरा शर्मा के अनुसार उसकी शादी कोठीभार थाना के कटहरी निवासी प्रदीप से वर्ष 2019 में हुई है। तीन वर्ष की एक पुत्री भी है। आरोप है कि उसके ससुराल वाले हमेशा दहेज के नाम पर उत्पीड़न करते हैं। एसओ सिंदुरिया अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# दुष्कर्म का वारंटी गिरफ्तार

**पुरन्दरपुर।** दुष्कर्म के वारंटी को एसओ पुरुषोत्तम राव, एसआई सुनील कुमार वर्मा ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसओ ने बताया कि रेप के आरोप में फरार चल रहे शाहपुर जंगल निवासी जितेन्द्र साहनी को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया। उसके खिलाफ 2020 मे रेप और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था।

# मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**निचलौल।** थानाक्षेत्र के महेशपुर कबेलवा गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने रंजित भारती, श्याम चौहान और अमित सैनी तीनों निवासी महेशपुर कबेलवा और मोनू अली निवासी ग्राम पिपरा काजी के खिलाफ शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई की है। इस मामले में जमानत खारिज करते हुये चारों आरोपियों को एसडीएम ने जेल भेज दिया।

# ड्यूटी से वापस आ रहे होमगार्ड जवान को मनबढ़ों ने पीटा

## कार्रवाई

गड़ौरा, हिसं। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के पिपरपाती और मैरी के बीच पुलिया के समीप बीते मंगलवार की शाम में निचलौल से ड्यूटी कर वापस अपने घर जा रहे एक होमगार्ड जवान को तीन मनबढ़ों ने मामूली कहासुनी में जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित जवान की तहरीर पर पुलिस तीनों युवकों के खिलाफ केस पंजीकृत कर जेल भेज दी।

पीड़ित होमगार्ड रामअवध ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार की शाम को जब ड्यूटी खत्म करके निचलौल से वापस अपने घर कटखोर आ रहा था। पिपरपाती और मैरी के मध्य स्थित पुलिया के पास एक बाइक पर सवार तीन युवक गाली देने लगे। विरोध करने पर तीनों आरोपित युवक शैलेंद्र पुत्र रामबदन, मस्तराम पुत्र अशर्फी, मुंशी पुत्र राधे निवासी मैरी मारने-पीटने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। जिसके बाद तीनों आरोपित के खिलाफ मारपीट, धमकी व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तीनों आरोपित के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# दुर्घटना में घायल पति-पत्नी, केस

**पनियरा।** थाना क्षेत्र के पनियरा मुजुरी मार्ग पर बीते 28 फरवरी की शाम हादसे में पति-पत्नी घायल हो गए थे। इलाज़ के वापस आए पति ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम पंचायत कुआचांप निवासी नसीब की तहरीर के अनुसार वह अपनी पत्नी के साथ बाइक से मुजुरी से घर लौट रहा था। पीछे से एक बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे पति पत्नी दोनों बुरी तरह से घायल हो गये। इलाज के लिए उन्हें पीएचसी लाया गया। जहा से डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

# फरेंदा एसओ समेत 43 पुलिस कर्मियों का तबादला

## फेरबदल

**महराजगंज।** एसपी सोमेन्द्र मीना ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फरेंदा एसओ समेत 43 पुलिस कर्मियों का फेरबदल किया है।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के मुताबिक सदर कोतवाली के नगर चौकी प्रभारी अंकित सिंह को फरेंदा का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पहली बार अंकित सिंह थानेदार बने हैं। अपनी ने अपने पीआरओ एसआई ओम प्रकाश गुप्ता को नगर कोतवाली का चौकी प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात एसआई मुकेश मिश्रा को जन सुनवाई सेल, इंस्पेक्टर अजय कुमार राय को पुलिस लाइन से मीडिया सेल, फरेंदा थाना के अतिरिक्त निरीक्षक तरूण कुमार शुक्ला को कोल्हुई थाना का अतिरिक्त निरीक्षक पद पर ट्रांसफर किया गया है।

ठूठीबारी थाना के एसआई राजेश सिंह को निचलौल थाना का वरिष्ठ उप निरीक्षक, मीडिया सेल के एसआई रोहित कुमार सिंह को एसपी का पीआरओ बनाया गया है। पन्द्रह महिला आरक्षियों को भी नई तैनाती दी गई है।



गुरुवार को जवानों ने फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया।

# जवानों ने किया फ्लैग मार्च

पुरन्दरपुर/कोल्हुई। लोकसभा चुनाव व आगामी पर्व होली व रमजान को लेकर जिले में चौकसी बढ़ गई है। एरिया डोमिनेशन के लिए आई सीआईएसएफ फोर्स के जवान स्थानीय पुलिस के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर रहे हैं। गुरूवार को एसओ पुरुषोत्तम राव थाने के पुलिस कर्मियों के अलावा सीआईएसएफ बल के जवानों के साथ हरैया, क्रिटीकल ग्राम ताल्ही, सिंहपुर थरौली समेत अन्य गांवों में फ्लैग मार्च कर लोगों में सुरक्षा का एहसास कराया।

महिला के गले में लगे चोट की हुई सर्जरी, दोनों बच्चियों के शव का पोस्टमार्टम देख लोगों की आंखें छलकीं, शाम को अंतिम संस्कार

# जिंदगी और मौत से जूझ रही हत्यारोपित मां

**फॉलोअप**

**निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद।** दो मासूम बच्चियों की हत्या के बाद मां अन्नू उर्फ साक्षी मेडिकल कॉलेज में जिंदगी व मौत के बीच जूझ रही है। इस हृदय विदारक घटना के बाद निचलौल कस्बे के घोड़हवा वार्ड की गलियां सूनी हैं। लोग उस मंजर की कल्पना कर सिहर जा रहे हैं। गुरूवार को जब दोनों मासम बच्चियों के शव का पोस्टमार्टम हुआ तो जिला अस्पताल पर मौजूद लोगों के आंख से आंसू छलक उठे। वहीं पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार की शाम त्रिमोहानी घाट पर दोनों बच्चियों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

निचलौल कस्बे के घोड़हवा मोहल्ले में विष्णु मंदिर के पास बुधवार के अपराह्न महिला अन्नू उर्फ साक्षी ने अपने दो बच्चियों का गला काटकर हत्या कर अपने भी गले पर चाकू से वार कर दिया था। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने खून से सने दोनों बच्चियों और महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी बेटी अपेक्षा (5) और आरोही (2) को मृत घोषित कर दिया। महिला की स्थिति नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया, जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है। उसके गले में लगे चोट की सर्जरी मेडिकल कॉलेज में हुई है।

**खून से लथपथ हो गई थी पुलिस कर्मियों की वर्दी :** निचलौल कस्बे के घोड़हवा मोहल्ले में दो बच्चों की हत्या के बाद महिला के सुसाइड की कोशिश की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस के आने में देरी देख कांस्टेबल मनीष सिंह, कन्हैया भारद्वाज, हेड कांस्टेबल रवि सिंह और विशाल ने खून से लथपथ तीनों को आनन फानन में उठाकर सरकारी वाहन में लादकर ले गए। वर्दी भी खून से भीग गई थी। पुलिस कर्मियों की तत्परता से महिला की जान बच गई। डॉक्टरों ने बताया कि थोड़ी और देरी होने पर महिला का जान नहीं बच पाता क्योंकि अधिक रक्तस्राव हो चुका था।

**घर में लटका रहा ताला, मंदिर पर इंतजार करते दिखे रिश्तेदार :** घटना के बाद अमन के घर में ताला लटका है। परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। घर में ताला बंद होने के कारण अमन की बहन के घर के और अन्य रिश्तेदारी की महिलाएं विष्णु मंदिर के पास बैठकर इंतजार कर रही थीं। इन महिलाओं और अमन विश्वकर्मा की भांजी शिखा जो कि अपनी मामी के साथ रहती थी, वह भी कुछ भी नहीं बता पा रही है। अभी सहमे हुए नजर आए।

**मोबाइल कॉल डिटेल में सगे संबंधियों से हुई बात का है जिक्र :** निचलौल कस्बे के घोड़हवा मोहल्ले में अपनी दो बच्चियों और भांजी के साथ रहने वाली महिला अन्नू उर्फ साक्षी का मोबाइल भी पुलिस ने बुधवार को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार उसके मोबाइल को सर्विलांस पर लगाने पर उसका अपने माता पिता, सास ससुर और पति से बातचीत का ही जिक्र आ रह है। इसके चलते किसी अन्य व्यक्ति से मोबाइल पर बात करने का कोई तथ्य नहीं मिल रहा है।

**सुसाइड नोट में तीन बार क्षमा मांगी है अन्नू :** कोठीभार थानाक्षेत्र के ग्राम रमपुरवा निवासी अमन विश्वकर्मा उसके दोनों भाई और पिता सभी लोग नौकरी में हैं। अमन खुद चीनी मिल में केमिस्ट के पद पर अच्छा वेतन पर कार्य करता है। अमन की शादी चौक थानाक्षेत्र के ओबरी में हुई है। उसकी पत्नी अन्नू के चार भाई भी अच्छी नौकरी में हैं। अन्नू भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर बीएड की पढ़ाई कर टीईटी और सीटीईटी की तैयारी कर रही थी। सुसाइड नोट में तीन बार क्षमा मांगी है। उसका कहना है कि मोबाइल के आन करने के बाद मैसेज बढ़े बिना ही रीड एरो ग्रीन रहता था। उसको यह महसूस हो रहा था कि कोई उसका मैसेज चोरी छिपे पढ़ रहा है। सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि पति बहुत अच्छे हैं। लेकिन वह डरी रहती थी। दोनों बच्चियों को इसलिए मौत [illegible] उसकी मौत [illegible] अनाथ की त[illegible]



कस्बे के घोड़हवा मोहल्ला की गलियां गुरुवार को सूनी नजर आईं।

## घटना के बाद मोहल्ले में पसरा है सन्नाटा

निचलौल नगर पंचायत के घोड़हवा मोहल्ले के विष्णु मंदिर से दक्षिण नई बस्ती है। यहां दूरदराज के लोग आकर मकान बनाकर बसे हैं। इन्ही में से एक अमन विश्वकर्मा का मकान है। बुधवार की घटना के बाद इस मोहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है। जिस मकान में घटना हुई है। उसके मेन गेट में गुरूवार को ताला बन्द मिला। आसपास के लोगों से पूछने पर हर कोई कुछ भी नहीं बता रहा है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि इस परिवार का कोई भी सदस्य आसपास के किसी भी परिवार से कोई संपर्क नहीं रखता है। यहां तक लोगों का कहना है कि जिस महिला में अपनी हत्या करने की कोशिश की है, उसे भी कभी किसी ने नहीं देखा।

## अमन के घर के बगल में 10 साल पहले हुई थी दो हत्या

निचलौल नगर पंचायत के घोड़हवा मोहल्ले में विष्णु मंदिर के पास अमन के घर के बगल में 10 साल पहले भी दो हत्या हुई थी। मकान बेचने के विवाद ने नशे में धुत युवक ने पहले अपनी पत्नी की हत्या कर दिया और उसके बाद उसने जहर खाकर अपनी जान दे दिया था। उस घटना की सूचना भी युवक की पुत्री ने मोहल्ले के लोगों और पुलिस को दिया था। दंपत्ति की मौत के बाद उसके बच्चे निचलौल मंडी में नौकरी करने वाली अपने नानी के साथ रहते हैं।

> निचलौल कस्बे के घोड़हवा मोहल्ले में दो मासूम बेटियों की हत्या करने वाली महिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। उसके गले के चोट की सर्जरी हुई है। उसकी दोनों बेटियों के शव का पोस्टमार्टम हो रहा है। पुलिस इस मामले में हर बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।
>
> **अनुज कुमार सिंह,** सीओ निचलौल

## किराए पर रहने वाली दो छात्राओं को पहले ही भेज दिया

निचलौल नगर पंचायत के घोड़हवा मोहल्ला निवासिनी अन्नू उर्फ साक्षी ने अपनी दो बेटियों की हत्या कर अपना जान देने की पहले ही योजना बना लिया था। तकरीबन पांच डिसमिल भूमि में से तीन डिसमिल के एरिया में बने बड़े मकान में कुछ कमरा उसने किराए पर दे रखा है। इस बीच 18 मार्च को उसका पति अमन भी अयोध्या से होली की छुट्टी पर आने वाला था। ऐसे में घटना से दो दिन पहले ही अन्नू ने किराए पर रहने वाली दोनों छात्राओं को कमरा खाली करके जाने की सलाह दे दिया था। दोनों छात्राएं कमरा छोड़कर चली गईं। इसके साथ ही घटनास्थल पर चाकू और धारदार हथियार भी मिला है। धारदार हथिया बकुहा भी उसने कहीं और से मंगाया होगा।

# नौतनवा पहुंचानी थी खनुआ से बरामद आपत्तिजनक सामग्री

**फालोअप**

- समामले की जांच में जुटी पुलिस और कस्टम विभाग की टीम
- नेपाल के भैरहवा से दुर्गवलिया के रास्ते आई थी सामग्री की खेप

जागरण संवाददाता, खनुआ : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के खनुआ सीमा पर बुधवार को राजस्व, एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पकड़ी गई चीन निर्मित आपत्तिजनक सामग्री (सेक्स टाय) की जांच में पुलिस व कस्टम विभाग की टीमें लगी है। कस्टम अधिनियम के तहत जब्त की गई आपत्तिजनक सामग्री की कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है।

यह आपत्तिजनक सामग्री लाले निवासी खनुआ के गोदाम में रखे जाने के कारण उसे फौरी तौर पर तस्करी का आरोपित बनाया गया। लेकिन पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि खनुआ गांव के एक व्यक्ति ने गोदाम को किराए पर लिया था। सोमवार की रात आपत्तिजनक सामग्री गोदाम में लाए गए थे। जहां से उसे नौतनवा के ट्रांसपोर्ट में पहुंचानी थी। पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि नौतनवा के किस व्यक्ति को सामान की डिलेवरी करनी थी और फिर उसे कहां भेजा जाता। पुलिस ने कारोबार से जुड़े चार लोगों को अब तक चिह्नित किया है। सोनौली थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि मामले में कस्टम व पुलिस विभाग संयुक्त रूप से यह जानकारी एकत्र कर रहे हैं कि इस धंधे में कौन-कौन लोग शामिल हैं। बरामद सामग्री नौतनवा पहुंचाने के बाद उनकी पैकिंग बदल महानगरों में भेजने की तैयारी थी।



बरामद हुए बोरियों मे भरे गत्तों पर अंकित चीनी भाषा • जागरण

**आनलाइन आर्डर वाले धंधेबाजों के शामिल होने की आशंका :** भारत में अभी सेक्स टाय की बिक्री के लिए कोई विशेष नियम नहीं हैं। बीते वर्षों में गोवा व कोलकाता में सेक्स टाय की प्रत्यक्ष बिक्री के लिए दुकानें खोलने का प्रयास कुछ लोगों ने किया था। लेकिन जन विरोध के कारण अब यह कारोबार आनलाइन संचालित हो रहा है। तमाम वेबसाइट हैं, जहां आनलाइन आर्डर के माध्यम से सेक्स टाय की बिक्री 10 से 20 हजार रुपये में हो रही है। पुलिस की जांच के मुताबिक सामग्री आनलाइन कारोबार से जुड़े लोगों ने ही मंगवाई है। चीन सेक्स टाय बनाने वाला सबसे बड़ा देश है। बरामद सामग्री के पैकिंग पर चीनी भाषा में विवरण अंकित हैं। खिलौने के आड़ में इसे नेपाल लाया गया ।

# होमगार्ड को पीटने वाले तीनों आरोपित जेल भेजे गए

जासं, लक्ष्मीपुर खुर्द: होमगार्ड को पीटने वालों तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर ठूठीबारी पुलिस ने गुरुवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के पिपरपाती व मैरी गांव के मध्य पुलिया के समीप बीते मंगलवार शाम को निचलौल से ड्यूटी कर वापस घर जा रहे होमगार्ड जवान को तीन मनबढ़ युवकों ने मामूली कहासुनी पर पिटाई कर दी थी। पुलिस ने गुरुवार को तहरीर के आधार पर तीनों युवकों के विरुद्ध मारपीट व जान मारने की धमकी सहित एसएसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। पीड़ित होमगार्ड रामअवध के अनुसार वह घटना के समय ड्यूटी खत्म कर निचलौल से वापस अपने घर कटखोर आ रहा था।

# 10 क्विंटल चावल व पांच साइकिल बरामद

**ठूठीबारी :** एसएसबी ने गश्त के दौरान बुधवार की रात सीमा स्तंभ संख्या 506/11 के समीप टड़हवा से पांच साइकिल पर लदा 10 क्विंटल 50 किग्रा चावल बरामद किया है। जिसे विधिक कार्रवाई के लिए कस्टम ठूठीबारी को सपुर्द कर दिया। बीओपी इंचार्ज अजय हुड्डा ने बताया कि राजाबारी में गश्त के दौरान जवानों ने भारत से नेपाल जा रही तस्करी के चावल के साथ पांच साइकिल बरामद की है। (जासं)

# पास्को एक्ट में वांछित एक गिरफ्तार

आनंदनगर: पुरन्दरपुर थाना पुरन्दरपुर पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित एक व्यक्ति को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव, एसआई सुनील कुमार वर्मा, कांस्टेबल सुरेंद्र शाह ने गुरुवार की सुबह 10:30 बजे अभियुक्त जितेंद्र साहनी के घर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**जागरण संवाददाता, आनंदनगर:** लोकसभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों ने पुरंदरपुर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। वहीं गड़बड़ी के इरादे पालने वालों को चेतावनी दी कि अगर चुनाव में किसी ने व्यवधान पहुंचाने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं। मतदाताओं से कहा कि पुलिस-प्रशासन उनकी रक्षा के लिए तत्पर है। निर्भीक होकर मतदान करें।

पुरंदरपुर थाने से पुलिस व सीआईएसएफ फोर्स का काफिला ताल्ही, सिंहपुर थरौली सहित अन्य क्षेत्र का भ्रमण करते हुए वापस थाना पहुंची। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने कहा कि चुनाव व त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपंन कराने में पुलिस सक्रिय हैं। वोट डालने के लिए अगर कोई उन्हें धमकाता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस मौके पर पहुंचकर धमकाने वालों को सबक सिखाएगी।

कहीं भी शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। उपनिरीक्षक सुधीर कुमार यादव, विपुल कुमार, जयदेव राय, बी विनोद कुमार मौजूद रहे।

# त्रिमुहानी घाट पर हुआ बेटियों का अंतिम संस्कार

- मकान पर पूरे दिन पसरा रहा सन्नाटा
- अंतिम संस्कार के बाद मेडिकल कालेज पहुंचे स्वजन

जासं, महराजगंज : निचलौल कस्बे में मानसिक अवसाद में पांच वर्षीय बेटी अपेक्षा और दो वर्षीय आरोही की हत्या के बाद मां साक्षी द्वारा आत्महत्या के प्रयास के मामले में पुलिस की जांच जारी है। घटना के दूसरे दिन पूरे मोहल्ले में सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर बाद दोनों बेटियों के शवों का पोस्टमार्टम होने के बाद हरिद्वार से पहुंचे बाबा पारसनाथ ने रोहिन नदी के त्रिमुहानी घाट पर पुलिस सुरक्षा में अंतिम संस्कार किया। इसके बाद बाबा के साथ अन्य स्वजन मेडिकल कालेज गोरखपुर पहुंच गए। पूरा परिवार मां साक्षी के होश में आने और इस सवाल के जवाब के इंतजार में हैं, कि आखिर वह कौन सा कारण था, जिसकी वजह से फूल सी बच्चियों की हत्या के साथ ही उसने खुद की भी जान देने की कोशिश की।

चौक नगर पंचायत की रहने वाली साक्षी की शादी वर्ष 2016 में निचलौल के अमन विश्वकर्मा के साथ हुई थी। अबतक पुलिस की पूरी जांच साक्षी द्वारा लिखे गए तीन पन्ने के सुसाइड नोट और इसके मोबाइल के इर्द-गिर्द ही है। दूसरी ओर बुधवार की रात में गंभीर हालत में बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती साक्षी की इएनटी चिकित्सक पीएन सिंह की टीम ने आपरेशन किया। चिकित्सक डा. पीएन सिंह ने बताया कि चाकू से वार में साक्षी के गले की स्वास नली क्षतिग्रस्त हो गई थी। आपरेशन सफल रहा, स्वास लेने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। पुलिस के अनुसार अयोध्या से साक्षी के पति अमन, उसके सास-ससुर और उसके मायके से भाई और उसके पिता भी मेडिकल कालेज पहुंच गए हैं।

> दोनों बच्चियों के पोस्टमार्टम के बाद पुलिस सुरक्षा में दोनों का अंतिम संस्कार करा दिया गया है। वहीं साक्षी का इलाज बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में चल रहा है, जहां उसकी हालत में सुधार है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। मोबाइल काल डिटेल्स भी खंगाले जा रहे हैं। सुसाइड नोट के माध्यम से भी अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।
>
> **सोमेंद्र मीना,** पुलिस अधीक्षक

**चौक बाजार :** दोनों बेटियों की हत्या के बाद स्वयं के आत्महत्या का प्रयास करने वाली साक्षी का मायका चौक नगर पंचायत में है। चार भाइयों के बीच साक्षी अकेली बहन थी। बड़े भाई ब्रजभूषण विश्वकर्मा की चौक नगर पंचायत में ही हार्डवेयर की दुकान है। एक भाई विप्लव एसएसबी जवान है, तो दो छोटे भाई ऋतुराज और गौरव अभी पढ़ाई कर रहे हैं। इस घटना के बाद चौक बाजार स्थित उसके मायके के लोग भी काफी सदमें में हैं। साक्षी की भतीजी ने बताया कि बुआ छठ पर्व पर घर आई थी, और व्रत भी किया था। वहीं उसकी मां मीरा देवी के अनुसार दो दिन पहले ही उससे फोन पर भी बात हुई थी, लेकिन किसी प्रकार की कोई बात नहीं हुई। मृतका के बड़े भाई ब्रजभूषण ने बताया कि अभी हम इस संबंध में कुछ भी बोलना नहीं चाहेंगे।

# पांच निरीक्षकों समेत 47 का तबादला

जासं, महराजगंज : पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने गुरुवार की रात में पांच निरीक्षक व आठ उपनिरीक्षकों समेत कुल 47 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण करते हुए फरेंदा के थानाध्यक्ष राहुल शुक्ला को सदर का कोतवाल बनाया है। वहीं सदर कोतवाल आनंद गुप्ता को कोल्हुई तो नगर के चौकी प्रभारी अंकित सिंह को फरेंदा की जिम्मेदारी सौंपी है। कोल्हुई में तैनात दिनेश कुमार को मीडिया सेल में नई तैनाती दी है।

स्थानांतरण के इसी क्रम में पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक मुकेश मिश्रा को जनसुनवाई सेल, अजय कुमार राय को मीडिया सेल, फरेंदा में अतिरिक्त निरीक्षक के पद पर तैनात रहे निरीक्षक तरुण कुमार शुक्ला को कोल्हुई का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है।

वहीं उपनिरीक्षकों में ठूठीबारी में तैनात राजेश सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक निचलौल, रोहित सिंह को मीडिया सेल से पीआरओ, धनीराम यादव को सम्मन सेल से थाना भिटौली, इस्माइल खान को फीडबैक सेल से थाना फरेंदा, गौरव यादव को जनसुनवाई सेल से थाना बरगदवा में स्थानांतरित किया गया है। इसके साथ 34 अन्य पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण किए गए हैं।

# नेपाल जा रही 28 बोरी सूखी मछली बरामद

जासं, बरगदवा : पिकअप से नेपाल भेजी जा रही 28 बोरी सूखी मछली को पुलिस ने गुरुवार को दोपहर पकड़ कर अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम को सिपुर्द कर दिया।

उपनिरीक्षक सुरेश यादव सहित आरक्षी संदीप मौर्य व अमन सिंह बृहस्पतिवार दोपहर 12.45 बजे महाव नाले के चकरार मार्ग पर वाहन की चेकिंग कर रहे थे। तभी ठूठीबारी कर तरफ से आ रही पिकअप की जांच पड़ताल करने पर सूखी मछली बरामद हुई।

पूछताछ में चालक संजय कुमार निवासी बीरपुर थाना बीरपुर जनपद बेगूसराय बिहार ने बताया कि मछली को नेपाल लेकर जा रहा था। थानाध्यक्ष बरगदवा स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि बरामद तस्करी का सामान व पिकप को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम को सिपुर्द कर दिया किया गया।

# आत्महत्या की कोशिश करने वाली महिला की हालत में अब सुधार

गोरखपुर। महराजगंज जिले के घोड़हवा में दो बच्चियों के साथ अपना भी गला रेतकर आत्महत्या की कोशिश करने वाली महिला अनु उर्फ साक्षी की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। चिकित्सकों का कहना है कि इलाज में लंबा वक्त लगेगा।

अनु उर्फ साक्षी की दो बेटियां थीं। बीआरडी मेडिकल कालेज में डॉ. पीएन सिंह की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। अब उसकी हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है। लेकिन उसके गले में श्वास के लिए अलग से पाइप लगाया गया है। इस वजह से महिला अभी किसी से बातचीत नहीं कर पा रही है। वहीं अस्पताल पहुंचे रिश्तेदारों व शुभचिंतकों में इस घटना को लेकर चर्चा हो रही थी।

रिश्तेदारों का कहना था कि अब सहनशक्ति इतनी कमजोर हो चली है कि पति-पत्नी के विवाद में भी इस तरह के आत्मघाती कदम उठाए जाने लगे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। दो बेटियों की मौत का गम पूरे जीवन इस परिवार की खुशियों पर ग्रहण की तरह रहेगा। जब भी कोई मौका आएगा, तो इस घटना की याद लोगों को जरूर आएगी। संवाद

## पॉक्सो एक्ट में वांछित गिरफ्तार

फरेंदा। पुरंदरपुर थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत शाहपुर जंगल निवासी जितेंद्र साहनी को पुलिस ने उसके घर दबिश देकर बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष पुरषोत्तम राव ने दी। संवाद

# सिगरेट पीने की बात को लेकर दो गुटों में मारपीट

**निचलौल।** क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर कबेलवा गांव में बृहस्पतिवार को एक दुकान पर सिगरेट पीने की बात को लेकर युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों गुटों के चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस आरोपियों को लेकर थाने आई। जहां पूछताछ के बाद मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने चारों को जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक महेशपुर कबेलवा गांव स्थित एक दुकान पर सिगरेट पीने की बात को लेकर युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम विवाद कर रहे एक गुट के मोनू निवासी पिपराकाजी और दूसरे गुट के रंजित भारती, श्याम चौहान और अमित सैनी निवासी महेशपुर कबेलवा को गिरफ्तार कर ली। पुलिस चारों युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश की। संवाद

# ठूठीबारी में 10 क्विंटल चावल बरामद

**ठूठीबारी।** इंडो नेपाल बॉर्डर पर तैनात 22 वीं वाहिनी एसएसबी के जवानों ने गश्त के दौरान बुधवार देर रात स्तंभ संख्या 506/11 के समीप टड़हवा से पांच साइकिल पर लदी 10 क्विंटल 50 किग्रा चावल बरामद किया। यह जानकारी बीओपी इंचार्ज अजय हुड्डा ने दी। संवाद

# 28 बोरी सूखी मछली बरामद

बरगदवा। पिकअप से नेपाल भेजी जा रही 28 बोरी सूखी मछली को पुलिस ने बृहस्पतिवार की दोपहर पकड़ कर अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम को सुपुर्द कर दिया।

चालक संजय कुमार निवासी बीरपुर थाना बीरपुर जनपद बेगूसराय बिहार ने बताया कि मछली को नेपाल लेकर जा रहा था। यह जानकारी थानाध्यक्ष बरगदवा स्वतंत्र कुमार सिंह ने दी। संवाद



पकड़ा गया आरोपी। स्रोत-पुलिस

# यातायात को लेकर वाहन चालकों को किया जागरूक

महराजगंज। नगर चौराहे पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूक किया गया। यातायात संबंधी नियमों को लेकर कुछ जरूरी सुझाव दिए गए। यातायात प्रभारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। शराब पीकर वाहन न चलाए। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चलाते समय मोबाइल से बात न करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। 18 वर्ष से कम के बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें। संवाद

# पुलिस ने पुरंदरपुर में पैदल मार्च किया

संवाद न्यूज एजेंसी

फरेंदा। लोकसभा चुनाव व होली रमजान त्योहारों को लेकर बृहस्पतिवार को पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों ने पुरंदरपुर क्षेत्र में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। गड़बड़ी का इरादा रखने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव व त्योहार में किसी ने अराजकता पहुंचाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पुरंदरपुर थाने से पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों का काफिला ताल्ही, सिंहपुर थरौली सहित अन्य क्षेत्र का भ्रमण करते हुए वापस थाना परिसर

## त्योहार और लोकसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सतर्कता

पहुंची। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि चुनाव व त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस सक्रिय हैं।

वोट डालने के लिए अगर कोई उन्हें धमकाता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस मौके पर पहुंचकर धमकाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। क्षेत्र में कही भी शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। उपनिरीक्षक सुधीर कुमार यादव, विपुल कुमार, युधीवीर सिंह, जयदेव राय, बी विनोद मौजूद रहे।

# सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बने राहुल

**महराजगंज।** जिले में कई थानेदारों समेत पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया गया है। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार शुक्ला बने हैं। यह इसके पहले फरेंदा में तैनात रहे। वहीं सदर प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता को कोल्हुई का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

नगर चौकी प्रभारी अंकित कुमार सिंह को फरेंदा का थानाध्यक्ष बनाया गया है। कोल्हुई थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को मीडिया सेल में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि 40 कर्मियों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया गया है। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2024

# पेंशन बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन

बस्ती (एसएनबी)। गुरूवार को पुरानी पेन्शन बहाली मंच केआह्वान पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संघ भवन पर जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 19 मार्च की शाम को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जायेगा।

बैठक को सम्बोधित करते हुये परिषद के अध्यक्ष मस्तराम वर्मा और जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन किये गये किन्तु केन्द्र की सरकार अपनी हठवादिता पर कायम है। ऐसी स्थिति में पुरानी पेंशन बहाली के लिये संघर्ष की धार तेज करना होगा। परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राम अधार पाल ने बताया कि 1 मई मजदूर दिवस से समूचे देश में पुरानी पेंशन बहाली के लिये केन्द्र और राज्यों के कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे। इसमें रेलवे, आयकर, डाक, रक्षा मंत्रालय, राज्य कर्मचारी, शिक्षक भागीदारी करेंगे। बैठक में कोषागार कर्मचारी संघ अध्यक्ष अखिलेश पाठक, डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह, विकास भवन कर्मचारी संघ महामंत्री ओम प्रकाश, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अध्यक्ष अरूणेश पाल, कृषि मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ अध्यक्ष सचिन पाण्डेय, बोरिंग टेक्निशयन लघु सिंचाई संघ अध्यक्ष सुभाष पाण्डेय, दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ अध्यक्ष अशोक सिंह, सिंचाई संघ अध्यक्ष सुभाष मिश्र आदि ने एकजुटता पर जोर देते हुये कहा कि 19 मार्च को बड़ी संख्या में दिन में 2 बजे कर्मचारी एकत्र हो और ज्ञापन सौंपकर अपनी ताकत का अहसास कराएंगे। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर हुई बैठक में मुख्य रूप से पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व महामंत्री मंशाराम, राहुल श्रीवास्तव, राजेश कुमार, शिवमंगल पाण्डेय, रामचरन, अम्बिका प्रसाद वैश्य, रवि गुप्ता, विमल कुमार आनन्द, अंजू प्रसाद, सूरज कुमार, अमन सिंह, बजरंगी प्रसाद, राजेश चौधरी के साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, उपस्थित रहे।



प्रदर्शन कर ज्ञापन देतेराज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी।

# फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**दुबौलिया।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के सीआईएसएफ एवं पुलिस के जवानों द्वारा भ्रमण कर लोगों से जनसंपर्क कर उन्हे सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है। साथ ही आगामी चुनाव में भयमुक्त होकर शत्-प्रतिशत मतदान की अपील किया गया। नायब तहसीलदार कमलेन्दु सिंह और थानाध्यक्ष चन्द्रकांत पाण्डेय के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार की डेढ़ सेक्शन प्लाटून वा पुलिस के साथ थाना क्षेत्र के संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों वा गांवो कस्बो में पहुंच कर लोगों से संवाद स्थापित किया। लोगों से निष्पक्ष और निर्भीक होकर लोकसभा चुनाव में शामिल होने की अपील किया। पुलिस वा सीआईएसएफ के जवानों ने डिंगरापुर, डेईडीहा, चिलमा बजार, सैनिया, उमरिया, बैरागल सहित अन्य गांवो वा कस्बों में फ्लैग मार्च किया । इस दौरान पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों ने आम जन से संवाद स्थापित कर बेहतर कानून व्यवस्था के लिए आश्वस्त किया व भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील किया।

# चाय की दुकान का ताला तोड़ चोरी

**बस्ती (एसएनबी)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के डिलिया निवासी अर्जुन उपाध्याय पुत्र परशुराम उपाध्याय अपने चौराहे पर ही चाय पकौड़ी की दुकान चलाते हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दुकान के अन्दर रखा गैस चूल्हा बर्तन व कुछ नकदी चुरा लिया और फरार हो गये। इस मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटा,चार नामजद

**बस्ती(एसएनबी)।** मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के पकरीचंदा निवासी कांग्रेस पुत्र हरखू ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके गांव के ही कुछ लोगों ने उसके बेटे शिवकुमार को पहले गालियां दी फिर जानमाल की धमकी देते हुए मारा पीटा। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर मारपीट करने वाले रामजगत पुत्र हरखू,विक्रम, पिंकी व सुनीता के विरुद्ध धारा 323,504,506 में मुकदमा कायम किया गया है।

# बकरी चराने के विवाद में मारपीट,चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गयी और पीड़ित को गालियां देते हुए जानमाल की धमकी भी दी गयी। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर जिले की रुधौली पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट धमकी व गाली देने का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। रुधौली थाना क्षेत्र के मुड़ियार टोला केवटहिया गांव निवासी इशलावती पत्नी प्रकाश ने पुलिस को बताया कि बकरी चराने की बात को लेकर विपक्षियों ने उसे गाली देते हुए मारा पीटा व जानमाल की धमकी भी दी। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर गुलबा पत्नी जगदीश, रागिनी , तरना, पंडुब्बी पुत्रीगण जगदीश निवासीगण मदरहना थाना रुधौली के विरुद्ध धारा 324,323,504,506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# दुष्कर्म के दो आरोपियों को दस साल की सजा

बस्ती (एसएनबी)। पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व थाना हरैया द्वारा की गयी पैरवी के फलस्वरूप नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने से सम्बन्धित दो अभियुक्तों को दस वर्ष के सश्रम कारावास व रूपये 34,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

वादी द्वारा थाना हरैया पर दिनांक 28 सितम्बर 1997 को लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया जिसके आधार पर थाना हरैया पर धारा 36,366,376,506 भादवि व ,16/17 पक्सो एक्ट बनाम रामबली पुत्र रतिपाल निवासी मेड़ईया थाना परसरामपुर जनपद बस्ती,अनीता देवी पत्नी राजकुमार निवासी उमरिया गोप्तार सिंह थाना हरैया जनपद बस्ती के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। जिसमें विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण करते हुए अंतर्गत धारा 36,366,376,506 भादवि व 16/17 पाक्सो एक्ट में आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना हरैया पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय (पाक्सो एक्ट) बस्ती द्वारा अभियुक्त रामबली पुत्र रतिपाल निवासी मेड़ईया थाना परसरामपुर जनपद बस्ती,अनीता देवी पत्नी राजकुमार निवासी उमरिया गोप्तार सिंह थाना हरैया जनपद बस्ती को उसके जुर्म के लिए दस वर्ष के सश्रम कारावास व रूपये 34,000 रुपये के अर्थद-ण्ड की सजा सुनाई गयी।

# अर्ध विक्षिप्त को डायल 112 ने परिजनों को सौंपा

परशुरापुर(एसएनबी)। हरैया थाना क्षेत्र के बरहपुर निवासी अर्ध विक्षिप्त 55 वर्षीय संतराम चौधरी पुत्र स्व. राम लाल चौधरी बुधवार को रात भटकर परशुरामपुर थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव में पहुंच गये। लोगों को वह अपना नाम पता नही बता पा रहे थे। गांव के संजय कुमार पुत्र राम सागर ने डायल 112 को सूचना दिया। पीआरबी टीम के कमाण्डर हेड कांस्टेबल रामहित यादव, कांस्टेबल बालक यादव और ऋषिकेश गुप्ता पायलट बजरंग बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे और नाम पता मालूम कर देर रात उनके घर ले जाकर परिजनों को सैंप दिया। थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने इस कार्य के लिए पुलिस टीम को साबाशी दिया।

# नाबालिग के साथ दो ने किया रेप

**छावनी(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीया बालिका के साथ गैंगरेप हुआ है। पीडिता की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बुधवार को शांय छह बजे वह समान लेने बाजार गयी थी। उसी दौरान दो युवक उसके घर में घुस गये और बेटी के साथ गैंगरेप किया। आरोपी राजकुमार और विकास के विरूद्ध धारा 376 डी 506 आईपीसी तथा 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।

# डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बस्ती (एसएनबी)।** नागरिकता संशोधन कानून लागू किए जाने के विरोध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी वाम दलों व कांग्रेस के नेताओ ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को डीएम के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। डीएम के प्रतिनिधि के रूप में एओ ने ज्ञापन लिया। माकपा नेता कामरेड के.के. तिवारी ने कहा कि आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए देश को परेशानी में डाला जा रहा है। सीपीआई के जिला सचिव कामरेड अशर्फीलाल व राम लौट ने कहा कि समान अधिकार हासिल करने वाले नागरिकों में दरार डालने वाले इस कदम का एकजुट होकर विरोध करना चाहिए। कांग्रेस नेता अवधेश सिंह ने कहा कि यह धर्म के आधार पर भारतीय नागरिकता को परिभाषित करने जैसा कदम है।

ज्ञापन देने वालों में रामानंद,कृष्ण मुरारी, राम दयाल राम शंकर आदि मौजूद रहे।

# बालिकाओं व छात्राओं को किया जागरुक

**बस्ती (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री उप्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत जनपद- बस्ती में गठित एण्टी रोमियो टीम द्वारा बालिकाओं/छात्राओं को कार्यस्थल पर लैंगिक अपराध के बारे में जागरूक किया गया। प्रभारी निरीक्षक एण्टी रोमिया स्क्वायड द्वारा कार्यस्थल पर लैंगिग अपराध के सम्बन्ध में विभिन्न स्थानों/कार्यस्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरूक किया गया तथा उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में वार्ता कर आवश्यक जानकारी दी गयी।

# शादी का झांसा दे भगा ले गया किशोरी

**बस्ती (एसएनबी)।** रुधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली कुछ लोगों ने पुलिस को बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को नगर थाना क्षेत्र के मोहटा घाट का रहने वाला मोनू पुत्र रामचेत बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गया। इस मामले में रुधौली पुलिस ने धारा 363,366 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# मामूली बात पर महिला को पीटा,पांच नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के हरदिया चौराहे पर लक्ष्मी देवी पत्नी मुन्नालाल को घर जाते समय कुछ लोगों ने मामूली विवाद को लेकर गालियां दी। फिर मारते पीटते हुए जानमाल की धमकी भी दी। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अरुण, अजय,छोटू, रामू व अजय की पत्नी के विरुद्ध धारा 147,323,504,506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कार्यवाही कोतवाली पुलिस ने की है।

# घायल युवक की मौत, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** हरैया थाना क्षेत्र के राजघाट वार्ड नम्बर आठ गांधीनगर निवासी घनश्याम गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसका भाई मनोज कुमार गुप्ता (36) बीते 27 फरवरी को नगर से बस्ती घर वापस आ रहा था। बेलाड़ी पुल के नीचे अचानक तेज रफ्तार वाहन ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां से हालत खराब होने पर बस्ती मेडिकल कालेज रेफर किया गया। वहां भी सुधार न होने पर घायल युवक को चिकित्सकों ने गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मनोज कुमार गुप्ता की मौत हो गयी। इस मामले में नगर पुलिस ने दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन के अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279,304ए आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

एक अन्य समाचार के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के हथियांव कला में मोटरसाइकिल संख्या यूपी 51एक्स/1287 के चालक ने श्याम कुमार वर्मा को कुदरहा जाते समय ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। इस मामले में मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध धारा 279,337,338 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एक अन्य मामला मुंडेरवा थाने का है। जहां एनएच-28 पर पटखौली के पास उमर अमजदिया स्कूल के सामने दीनदयाल को परसा जाफर चौराहे से अपने घर खझौला थाना मुंडेरवा आते समय अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे दीनदयाल की मौत हो गयी। इस मामले में दीनदयाल के पुत्र राहुल कुमार की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध धारा 279,304ए आईपीसी का मुकदमा कायम किया गया है।

# आपरेशन कन्विक्शन के तहत लगा अर्थदंड

**बस्ती (एसएनबी)।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व थाना छावनी द्वारा की गयी पैरवी के फलस्वरूप गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी जैसे अपराध कारित करने से सम्बन्धित एक अभियुक्त को पूर्व में बिताये गये अवधि व रूपये 300 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी। वादी मुकदमा राजेन्द्र पाण्डेय पुत्र राममिलन पाण्डेय साकिन उड़गैया थाना छावनी द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि विपक्षीगण द्वारा प्रार्थी मारा पीटा व गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर थाना छावनी पर अपराध संख्या 5/2012 धारा 323/504/506 भादवि बनाम विनोद कुमार गुप्ता पुत्र छोटेलाल गुप्ता साकिन रायपुर थाना छावनी के विरूद्ध केस पंजीकृत किया गया। विवेचना पूर्ण करते हुए अंतर्गत धारा 323/504/506 भादवि में आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। प्रभावी पैरवी से न्यायालय एसीजेएम द्वितीय बस्ती द्वारा अभियुक्त विनोद कुमार गुप्ता पुत्र छोटेलाल गुप्ता साकिन रायपुर थाना छावनी जनपद बस्ती को उसके जुर्म के लिए पूर्व में बिताये गये अवधि व रूपये 300 रुपयेअर्थदण्ड की सजा सुनाईगयी। इसी तरह वादिनी मुकदमा श्रीमती देवता देवी पत्नी तरूण कुमार गुप्ता साकिन रायपुर थाना छावनी की शिकायत पर धारा 323/504 भादवि बनाम छोटे उर्फ जगप्रसाद पुत्र पारसनाथ साकिन रायपुर थाना छावनी जनपद बस्ती के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। जिसमें विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण करते हुए अंतर्गत धारा 323/504 भादवि में आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया।न्यायालय एसीजेएम द्वितीय बस्ती द्वारा अभियुक्त छोटे उर्फ जगप्रसाद पुत्र पारसनाथ साकिन रायपुर थाना छावनी जनपद बस्ती को उसके जुर्म के लिए न्यायालय उठने पर न्यायिक अभिरक्षा में रखने व रूपये 8000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। इसी तरह अवैध शस्त्र रखने के अपराध से सम्बन्धित एक अभियुक्त को थाना पैकोलिया पर मुकदमा अपराध संख्या 239/1997 धारा 25 आयुध अधिनियम बनाम रमेश सिहं पुत्र जीत बहादुर सिंह कनरखपुर थाना पैकोलिया जनपद के विरूद्ध केस पंजीकृत था। जिसमें कार्रवाई की गयी है।

# अराजक तत्वों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

हर्रैया, हिसं। लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से निपटाने के लिये पुलिस सुरक्षा दस्ता सक्रिय हो गया है। विस क्षेत्र में थानों की पुलिस गांव के अराजकतत्वों की बूथवार सूची तैयार कर रही है। चुनाव के दौरान इन पर पैनी नजर रहेगी। विस क्षेत्र के संवेदनशील, अति संवेदनशील बूथों की सूची गोपनीय तरीके से बनाई जा रही है। गांव के अराजकतत्वों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी, ताकि चुनावों को सकुशल संपन्न कराने में कोई समस्या नहीं आने पाए।

पुलिसकर्मी उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रत्येक बूथ की सूची तैयार कर रहे हैं। इस सूची में पूर्व में अपराधों में संलिप्त लोगों का ब्योरा इकट्ठा बनाया जा रहा है। गांव के जनप्रतिनिधि, संभ्रांत व्यक्ति, पुलिस के मददगार सहायता करने वाले लोगों की सूची भी बनाई जा रही है।

## शस्त्रों का नवीनीकरण व निरस्तीकरण

बस्ती। परिक्षेत्रीय स्तर पर बस्ती, सिद्धार्थनगर व संतकबरीनगर जिले के वाचक शाखा के कार्यों की पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने समीक्षा की। वाचकों को संबोधित करते हुए आईजी ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण उसके सीमा विस्तार और निरस्तीकरण के संबंध में नियमानुसार ही कार्यवाई की जाए। उन्होंने कारतूसों का सत्यापन कराने, सीईआर प्रशिक्षण व अन्य वीआईपी ड्यूटी रोस्टर के मुताबिक की लगाने को कहा। गोष्ठी के दौरान वाचक कार्यालय के प्रभारी बस्ती निरीक्षक परमाशंकर यादव, संतकबीरनगर निरीक्षक केडी सिंह, रेंज कार्यालय के वाचक इंसपेक्टर रमेश कुमार उपस्थित रहे।

# दो किशोरियों को किया अगवा, केस

बस्ती। जिले के गौर व रुधौली क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों से शादी की नीयत से दो किशोरियों के अगवा कर लिए जाने का मामला सामने आया है।

गौर थानाक्षेत्र से अगवा किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम धनघटा थाना गौर निवासी किशन, विशंभर समेत तीन के खिलाफ और रुधौली पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर नगर थानांतर्गत मोहटा गांव निवासी मोनू के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

# रात में मिले लावारिश व्यक्ति की पहचान

बस्ती। परसरामपुर थानाक्षेत्र के नारायणपुर गांव में मिले एक लावारिश व्यक्ति की पहचान कर पुलिस ने उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। एसएचओ तहसीलदार सिंह ने बताया कि बुधवार को एक कालर संजय कुमार निवासी नारायणपुर ने पीआरवी 0853 को बताया कि गांव में एक 55 वर्षीय व्यक्ति लावारिश हाल में पड़ा है।

सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही करते हुए पीआरवी टीम नरायणपुर गांव पहुंची। मौके पर मिले लावारिस व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त दिख रहे थे। अपना नाम पता बताने में असमर्थ रहे।



मृत आरक्षी के नामिनी को आईजी ने दिया 30 लाख का चेक। • हिन्दुस्तान

# मृत आरक्षी के भाई को मिला चेक

बस्ती। माघ मेला 2021 में एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल आरक्षी संदीप कुमार की मृत्यु के पश्चात उनके नामिनी भाई को 30 लाख का चेक आईजी आरके भारद्वाज ने गुरुवार को रेंज दफ्तर में सौंपा। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि 2016 के बैच के पुलिस कांस्टेबिल संदीप कुमार की 2021 आसमायिक मौत हो गई थी। आरक्षी के नामिनी भाई रंजीत कुमार को पुलिस सैलरी पैकेज पॉलिसी के तहत इंश्योरेंस का 30 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया है।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। कोतवाली थानाक्षेत्र के डिलिया गांव में चोरों ने चाय की गुमटी को निशाना बनाने वाले दो चोरों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है। रविवार की रात में चाय नास्ते की दुकान से अज्ञात चोर गैस चुल्हा, भगौना, फ्राई दान, एक फैन व खुनती और बड़ी संख्या में गुटखा उठा ले गए थे। पुलिस ने चाय दुकानदार अर्जुन की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की छानबीन शुरु की तो चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो लोग प्रकाश में आए। इस बाबत पूछे जाने पर चौकी प्रभारी सोनूपार राममणि उपाध्याय बताया कि एक अभियुक्त को चोरी के माल के साथ धर लिया गया। दूसरे की भी तलाश की जा रही है। पकड़े गए युवक रामजगत निवासी भरु थाना कप्तानगंज के पास से चोरी का भगोना, पंखा, फ्राइपिन व अन्य सामान बरामद कर लिए गए है।

# महिला प्रधान ने लगाई न्याय की गुहार

बस्ती। राम नगर विकास खंड के मैलानी उर्फ हिन्दू नगर की महिला प्रधान भुनेश्वरी ने पुलिस उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने अवैध रूप से अस्पताल का संचालन कर रहे एक दबंग के दबाव में फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप स्थानीय पुलिस पर लगाया है। सीएचसी भानपुर के प्रभारी डॉ. सचिन चौधरी ने दो फरवरी को अस्पताल की जांच की थी। इससे चिढ़कर अस्पताल संचालक ने नकली चोट दिखाकर शिकायतकर्ता सहित तीन को मुल्जिम बनवा दिया।

# मारपीट के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज

बस्तीः कोतवाली थाने के हर्दिया चौराहा की रहने वाली लक्ष्मी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 13 मार्च को कुछ लोगों ने बेवजह उन्हें अपशब्द कहा, मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार अरुण, अजय, छोटू, रामू,अजय की पत्नी नाम अज्ञात निवासी हर्दिया चौराहा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

डिलिया स्थित जलपान की दुकान में चोर,**बस्तीः** कोतवाली क्षेत्र के डिलिया स्थित एक जलपान की दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में दुकानदार अर्जुन उपाध्याय ने बताया कि 11 मार्च की रात में चोरों ने उनके दुकान से गैस चूल्हा, भगौना, फ्राई दान, एक फैन व खुननी के अलावा 587 रुपये का गुटखा चुरा लिया। पुलिस ने मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**जातिसूचक शब्द कहकर मारा पीटा**

बस्तीः कप्तानगंज थाने के पतिला गांव निवासी विजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि आठ मार्च को गांव के ही एक व्यक्ति ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारा पीटा।

# सोमेश हत्याकांड के विरोध में मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**बस्ती।** भारत मुक्ति मोर्चा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष आरके आरतियन के नेतृत्व में कटेश्वर पार्क स्थित बाबा साहब की प्रतिमा से डीएम कार्यालय तक पद यात्रा निकालकर अन्याय, अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन किया। डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग किया गया है कि रामपुर जनपद के तहसील व थाना मिलक ग्राम सिलई बड़ा गांव में जाटव जाति के कक्षा 10 के छात्र सोमेश की पुलिस ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। गांव के दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जाटव और पुलिस प्रशासन के बीच डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा लगाने और पार्क बनवाने की मांग को लेकर विवाद हुआ था। मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के नेतृत्व में न्याय दिलाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर संघर्ष किया जा रहा है। हृदय गौतम, बुद्धेश राना, चंद्रिका प्रसाद, ससाग्रसेन मेधाकर, गुलाब चंद, राम सुरेश यादव, रामलेश बौद्ध, हरिनाथ,




सोमेश हत्याकांड के विरोध में ज्ञापन सौंपते भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी।

सूरज कुमार, उर्मिला देवी, अनीता देवी, ऊषा देवी, मंसूरा देवी, आलोक कुमार, सरिता राव व अन्य शामिल रहे।

# भगाने व दुष्कर्म के मामले में बुआ-भतीजा दोषी

- हर्रैया थाना क्षेत्र की घटना में 10-10 वर्ष की सजा
- 24 एवं 34 हजार रुपये अलग अलग लगा अर्थदंड

जागरण संवाददाता, बस्ती: भतीजे के साथ नाबालिग को बहला फुसला कर भगाने के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट डा. अमित वर्मा ने बुआ को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उसे 24 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायाधीश ने इस मामले में भतीजे को बहला फुसलाकर भगाने के साथ ही दुष्कर्म के लिए भी दोषी मानते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 34 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है।

अदालत में शासकीय अधिवक्ता अखिलेश कुमार दुबे, वंदना चौधरी, अरुण कुमार श्रीवास्तव व अरविंद कुमार पांडेय की टीम ने पीड़ित किशोरी की तरफ से न्यायालय में पैरवी की। घटनाक्रम की जानकारी देते हुए न्यायालय में कहा कि घटना हर्रैया थाना क्षेत्र के एक गांव की है। इस गांव के एक व्यक्ति ने अपने पुत्री के घर से भागने का मुकदमा लिखाते हुए कहा कि उसकी पुत्री कक्षा 10 की छात्रा है जो नाबालिग है। थाना क्षेत्र के उमरिया गुप्तार सिंह गांव की अनीता पत्नी राज कुमार चालबाज किस्म की महिला है। 24 सितंबर 2017 को उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अपने भतीजे रामबली निवासी ग्राम मेढ़इया थाना परशुरामपुर के साथ भगाने में मदद की। उसका भतीजा, लड़की को अपनी दूसरी बुआ के गांव ले गया। पीड़िता को अपने बुआ के घर छोड़ दिया। पीड़िता के पिता को जब जानकारी हुई तो दूसरे दिन उन्होंने थाना हर्रैया पर जाकर मुकदमा लिखाया। पीड़िता को दूसरी बुआ के घर से बरामद कर लिया गया। महिला पुलिस ने उसका बयान लिया। मजिस्ट्रेट के समक्ष उसका बयान हुआ। डाक्टर के समक्ष भी उसका बयान दर्ज किया गया। विवेचना के बाद अनीता और उसके भतीजे रामबली के विरुद्ध पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया। अनीता के पति के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल नहीं हुआ। तीन मई 2018 को न्यायालय ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध आरोप तय किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से अदालत में 10 गवाह प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने घटना का समर्थन किया। बचाव पक्ष की तरफ से पीड़िता को दोबारा अदालत में लाकर बयान कराकर घटना को संदेहास्पद करने की कोशिश की गई। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों व अन्य गवाहों के बयानों का अवलोकन करने के बाद अदालत ने दोनों ही आरोपितों को दोषी मानते हुए दंडित किया है।

# डायल-112 की मदद ने अधेड़ को अपनों से मिलाया

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: परशुरामपुर थाना क्षेत्र में मिले मानसिक रूप से बीमार एक अधेड़ को डायल 112 की मदद ने अपनों तक पहुंचा दिया।

बुधवार की रात में कालर संजय कुमार निवासी नारायणपुर थाना परशुरामपुर ने डायल 112 पर सूचना दी कि उनके गांव में एक अज्ञात व्यक्ति मौजूद है, उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही है। मौके पर पहुंची पुलिस रिस्पांस व्हीकल (पीआरवी) 0853 की टीम ने उससे पूछताछ की। काफी प्रयास के बाद उसकी पहचान जिले के ही हर्रैया थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव निवासी संतराम चौधरी पुत्र रामलाल चौधरी के रूप में हुई। बाद में पीआरवी की टीम ने संतराम को रात एक बजे उनके गांव ले जाकर उनकी पत्नी रीता देवी को पड़ोसी महादेव चौधरी की उपस्थिति में सुरक्षित सिपुर्द किया।

# मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

जासं, सोनहा: थाना क्षेत्र के जसोवर गांव में 6 मार्च को हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बड़ा बढ़या निवासी श्री गोविंद ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि वह जसोवर में डीजे लेकर आया था। द्वार पूजा के दौरान डीजे बजाने को लेकर दुबौलिया थाना क्षेत्र के बंजरिया सूवी निवासी प्रिंस उर्फ बंटी, राज कपूर, शिव गोविंद व हरिराम उसे गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। वह किसी तरह से मौके से जान बचाकर भागा। प्रभारी निरीक्षक सोनहा उपेन्द्र मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# पैदल मार्च कर दिया सुरक्षा का भरोसा

जासं, दुबौलिया, बस्ती: सीआइएसएफ व दुबौलिया पुलिस फोर्स ने गुरुवार को भी विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। लोगों से मतदान की अपील करते हुए सुरक्षा का भरोसा जताया। नायब तहसीलदार कमलेंदु सिंह, दुबौलिया थानाध्यक्ष चंद्र कांत पांडेय एवं सीआईएसएफ के एसआई सुरेन्द्र कुमार आदि पैदल मार्च में शामिल रहे।

# अर्द्धसैनिक बलों ने किया मार्च

**बभनान।** बभनान क्षेत्र में पुलिस के साथ अर्द्ध सैनिक बलों ने नियमित मार्च किया। बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक गौर रामकुमार राजभर व चौकी प्रभारी बभनान धर्मेंद्र कुमार तिवारी सहित उप निरीक्षक राजेंद्र यादव ने मतदान स्थलों का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि संवेदनशील और संवेदनशील बूथ का स्थलीय निरीक्षण उच्च अधिकारियों के निर्देश पर किया जा रहा है । प्राथमिक विद्यालय गोनहा, आदर्श जनता इंटर कॉलेज हलुवा बाजार व पंचायत भवन बेलवरिया जंगल मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। संवाद

# हवालात मिले तो अस्तित्व में आए भ्रष्टाचार निरोधक थाना

## कमरे में चल रहा थाना, घूस लेते पकड़े गए आरोपी की पुलिस थाने में होती है एफआईआर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** मंडल मुख्यालय पर एंटी करप्शन थाना खुलने के बावजूद कामकाज शुरू नहीं हो पाया है। थाने के लिए जरूरी हवालात और मालखाना न होने से दिक्कतें आ रही हैं।

प्रकरण सामने आने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम पुलिस थाने का चक्कर काटती है। विडंबना यह कि पुलिस थाने में केस दर्ज होने के बाद उसकी तफ्तीश एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक को वापस कर दी जाती है। संगठन के प्रभारी निरीक्षक यूपी यादव ने बताया कि इसके लिए मुख्यालय स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति के तहत मंडल मुख्यालय पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) के मंडल मुख्यालय पर स्थापित इकाइयों को नवंबर 2022 में थाने के रूप में अधिसूचित कर दिया गया था। मगर बुनियादी संसाधनों के अभाव में अब तक अस्तित्व में नहीं आ सका। सबसे पहली जरूरत हवालात और मालखाने की है।

घूस लेते पकड़े गए सरकारी कर्मचारी या अधिकारी को एंटी करप्शन टीम गिरफ्तार करके कोतवाली ले जाती है। वहां टीम के ट्रैप प्रभारी तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराते हैं। बरामद रुपये या अन्य माल मुकदमाती पुलिस अपने मालखाने में रखवाती है। आरोपी को पुलिस के हवालात में रखा जाता है। अगले दिन उसे पुलिस अभिरक्षा में गोरखपुर एंटी करप्शन न्यायालय में पेश किया जाता है। वहां एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक की तरफ से रिमांड ली जाती है।

इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाता है। वह केस पुलिस से एंटी करप्शन संगठन के यूनिट को विवेचना के लिए वापस कर दिया जाता है। जानकार बताते हैं कि न्यायालय भी अगर मंडल स्तर पर स्थापित कर दिया जाए तो कार्रवाई में तेजी आएगी।

# हत्याकांड के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**बस्ती।** भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को रामपुर जिले में कक्षा दस के छात्र सोमेश की हत्या के विरोध में पदयात्रा निकाली।

जिलाध्यक्ष आरके आरतियन के नेतृत्व में कटेश्वर पार्क स्थित डॉ. की प्रतिमा स्थल से डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च किया गया। इसके बाद डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि रामपुर जनपद के थाना मिलक के ग्राम सिलई बड़ा गांव में छात्र सोमेश की पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी है। इस घटना में गांव के दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हैं। आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

इस मौके हृदय गौतम, बुद्धेश राना, चंद्रिका प्रसाद, गुलाब चंद आदि मौजूद रहे। संवाद

# आरक्षी के भाई को आईजी ने सौंपा 30 लाख का चेक

**बस्ती।** परिक्षेत्रीय कार्यालय मे पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने मृतक आरक्षी के वारिस भाई को 30 लाख रुपये का चेक सौंपा। वर्ष 2016 बैच के आरक्षी संदीप कुमार की वर्ष 2021 में माघ मेला में दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनके भाई रंजीत कुमार का नाम सेवा पंजिका में वारिस के रूप में दर्ज था। रंजीत कुमार को पुलिस सैलरी पैकेज पॉलिसी के अंतर्गत इंश्योरेंस के 30 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर आरक्षी की मां सावित्री उर्फ कबूतरा देवी तथा भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक अवधेश कुमार, प्रबंधक पंकज कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक आशुतोष रंजन तथा शाखा प्रबंधक कप्तानगंज अविनाश कुमार शुक्ला मौजूद रहे। संवाद

# घर पहुंचाया गया लावारिस मिला व्यक्ति

**बस्ती।** परशुरामपुर क्षेत्र के नारायणपुर गांव में हर्रैया क्षेत्र के बरहपुर के संतराम को पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद घर पहुंचाया। यह कार्रवाई बुधवार रात करीब एक बजे की गई। बुधवार को संजय कुमार निवासी नारायणपुर ने पीआरवी को बताया कि गांव में 55 वर्षीय व्यक्ति लावारिस हाल में पड़ा है। पुलिस ने बताया कि उसकी पहचान बरहपुर गांव के संतराम चौधरी के रूप में हुई। संतराम को उनके घर ले जाकर उनकी पत्नी रीता देवी को सौंप दिया गया। संवाद

# नाबालिग से दुष्कर्म में दो को दस वर्ष की सजा

## कोर्ट ने महिला पर 24 व पुरुष पर 34 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

**बस्ती।** पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश अमित कुमार वर्मा की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में महिला सहित दो लोगों को दस वर्ष की सजा सुनाई है। इस मामले में महिला पर 24 हजार व पुरुष पर 34 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। इसे अदा न करने पर 22 माह की अतिरिक्त सजा दोनों को भुगतनी होगी।

कोर्ट ने जुर्माना की आधी रकम पीड़िता को देने का आदेश दिया है। न्यायाधीश ने इस मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को दो लाख रुपये प्राविधान के अनुसार देने की संस्तुति दी है। एडीजीसी वंदना चौधरी ने कोर्ट को बताया कि हर्रैया थाना क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी।

बताया कि घटना 24 सितंबर 2017 शाम चार बजे की है। मेरी नाबालिग बेटी स्कूल से आती-जाती थी। घटना वाले दिन गांव के बगल के रहने वाले अनीता देवी व राजकुमार ने बेटी को अपने घर बुलाया। वहां उनका भतीजा रामबली निवासी ग्राम मेढइया थाना परशुरामपुर मौजूद था।

अनीता, राजकुमार व रामबली बहला-फुसला धमकी देते हुए जबरन उसे बाइक से लेकर पखेरवां गांव स्थित सूनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया।

इसके बाद उसे उसी गांव की रहने वाले रिश्तेदार के घर छोड़ दिए। पीड़िता के पिता के अनुसार जब वह दूसरे दिन अपने काम से लौट कर घर आए तो पता चला कि उसकी बेटी को आरोपी बहला फुसला कर भगा ले गए। 25 सितंबर को पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेटी को पखेरवा से बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया।

विवेचना के दौरान पीड़िता का मजिस्ट्रेटियल बयान दर्ज किया गया। जांच के दौरान राजकुमार का नाम साक्ष्य के अभाव में निकाल दिया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाते हुए साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। न्यायाधीश ने साक्ष्य व बयान के आधार पर अनीता व रामबली को सजा सुनाई।

## पीड़िता की तबीयत खराब, नहीं हो सकी गवाही

**सच्चिदानंद केस**

**बस्ती।** साध्वियों के यौन शोषण व सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी कथित बाबा सच्चिदानंद पर दर्ज दो मामलों में बृहस्पतिवार को पीड़िता का न्यायालय में बयान दर्ज कराया जाना था। मगर सोमवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश विजय कुमार कटियार की अदालत में पीड़िता की तरफ से मोहलत का प्रार्थनापत्र दिया गया। कहा गया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए गवाही दर्ज कराने के लिए न्यायालय में उपस्थित होने में अस्मर्थ है। ऐसे में न्यायालय ने गवाही के लिए 19 मार्च की तारीख तय की है। आरोपी बाबा के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली में सामूहिक दुष्कर्म, बंधक बनाने, भगोड़ा होने सहित अन्य धाराओं में कुल चार मुकदमे दर्ज हैं। सभी मुकदमों में आरोप तय करने के बाद अदालत ने साक्ष्य के लिए दो पत्रावली में 11 व 12 मार्च को पीड़िता का बयान दर्ज कराया गया था। शेष दो में 14 मार्च की तिथि नियत की थी। बता दें कि दिसंबर 2017 में यौन शोषण का मामला तब प्रकाश में आया था, जब आश्रम से कुछ युवतियों को धक्के मारकर निकाल देने का आरोप लगाया गया। तत्कालीन एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर सच्चिदानंद के अलावा उसके तीन शिष्यों परमचेतानंद, विश्वासानंद, ज्ञान वैराग्यानंद और दो मुख्य सेविकाओं पर 2009 से लगातार यौन शोषण व सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया। बाद में झारखंड की ही एक अन्य पीड़िता ने इन्हीं आरोपों में एक और केस कराया। पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि सत्संग व प्रवचन के नाम पर महिलाओं और कम उम्र की लड़कियों को आश्रम में बुलाया जाता था। संवाद

## चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** डिलिया गांव में चाय की गुमटी में चोरी करने के दो आरोपियों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। रविवार की रात में चाय की दुकान से अज्ञात चोर सामान चुरा ले गए थे। दुकानदार अर्जुन की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। मामले में दो लोगों के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी रामजगत निवासी भरु थाना कप्तानगंज के पास से चोरी का सामान बरामद किया गया। संवाद

## दो किशोरी अगवा, केस दर्ज

**बस्ती।** गौर व रुधौली क्षेत्र के दो स्थानों से शादी की नीयत से दो किशोरियों के अगवा कर लिए जाने का मामला सामने आया है। गौर थाना क्षेत्र से अगवा किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम धनघटा थाना गौर निवासी किशन, विशंभर समेत तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। जबकि रुधौली पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर नगर थाना क्षेत्र मोहटा गांव निवासी मोनू पर केस दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। संवाद

## कटीले तार से टकराई बाइक, दो लोग घायल

**भानपुर।** सोनहा थाना क्षेत्र के बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर वनवधिया के सड़क के किनारे लगे कटीले तार से टकराकर बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार बाइक सड़क पर पड़े गन्ने की डंठल की वजह से फिसल कर अनियंत्रित हो गई थी। बाइक सवार 55 वर्षीय लक्ष्छीराम निवासी जगदीपुर उर्फ नौगढ़वा व 30 वर्षीय मोहम्मद इम्तियाज निवासी भानपुर लोहे के कटीले तार से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दोपहर 2:35 बजे तब हुआ जब दोनों लोग डुमरियागंज की ओर से एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। लोहे के कटीले तार सड़क किनारे वन विभाग की ओर से पौधों की सुरक्षा के लिए लगवाए गए हैं। संवाद

## हादसे में मौत के मामले में केस दर्ज

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर पुलिस ने सड़क दुर्घटना में घायल 36 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक पर लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने का केस दर्ज किया है। हरैया थाना क्षेत्र के गांधीनगर निवासी घनश्याम गुप्ता ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि 36 वर्षीय भाई 27 फरवरी को नगर बाजार कुछ काम से गए थे। वापस आते समय बेलाड़ी फ्लाईओवर के नीचे वाहन ने ठोकर मार दिया। गोरखपुर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। संवाद

## अलग-अलग मामलों में 18 पर केस

**बस्ती।** अलग-अलग जगह पर मारपीट की सात घटनाओं में पुलिस ने 18 लोगों पर केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के हर्दिया चौराहे की लक्ष्मी देवी ने आपसी रंजिश को लेकर गांव के अरुण, अजय, छोटू, रामू समेत पांच लोगों पर धमकी देकर पिटाई करने का आरोप लगाया। कप्तानगंज क्षेत्र के पतिला गांव में विजय कुमार को गांव के ही अमित यादव पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया। दुबौलिया क्षेत्र के पकड़ी चौहान गांव में अंगद को गांव के मस्तराम, गायत्री व महुलानी निवासी रितिक उर्फ सनी ने मिलकर पिटाई दी। इसी थाना क्षेत्र के उभाई गांव में इंदल की चहारदीवारी को गांव के उमाशंकर पर जान से मारने की धमकी देकर क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया गया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2024

# सीआईएसएफ के जवानों ने किया पैदल गस्त

**बिस्कोहर (एसएनबी)।** सीआईएसएफ एक टुकड़ी पुलिस चौकी बिस्कोहर पहुंची। चौकी प्रभारी राकेश कुमार त्रिपाठी की पुलिस टीम ने बिस्कोहर - बलरामपुर सीमा पर फोर्स का फूल माला पहना कर स्वागत किया। उसके बाद आगामी त्योहार व लोकसभा चुनाव में शांति एवं सद्भावना बनाएं रखने के उद्देश्य से सीआईएसएफ के जवानों ने



त्रिलोकपुर थाना के उप निरीक्षक उपेन्द्र सिंह, बिस्कोहर चौकी प्रभारी राकेश कुमार त्रिपाठी व विजौरा चौकी प्रभारी पप्पू गुप्ता के नेतृत्व में बिस्कोहर कस्बा, सिकौथा, बस्ती बरगदवा, नावडीह, विजौरा कस्बा, परसोहिया सदानंद, सरोठर, अहिरौली , बघमरवा व जिगना हबीरपुर सहित संवेदनशील बूथों का एरिया डोमिनेशन - रूट मार्च किया। इस दौरान लोगों से शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील करते हुए, भ्रामक एवं अफवाह वाली बातों से सचेत रहने की अपील की गई। इस मौके पर सीआईएसएफ के उप निरीक्षक प्रीतम, चौकी प्रभारी राकेश कुमार त्रिपाठी, पप्पू गुप्ता, उप निरीक्षक वेद प्रकाश, संजीव कुमार , कांस्टेबल अजय यादव, अर्जुन यादव सहित सीआईएसएफ व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का सिद्धार्थ नगर आगमन आज

**सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का सिद्धार्थ नगर में आगमन 15 मार्च को होगा। वह बीएसए

## विभिन्न परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पणधशिलान्यास

## जनसभा को भी करेंगे संबोधित

ग्राउंड में 1900 करोड़ की लागत के 551 परियोजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन करेंगे।

प्रभारी अधिकारी वीआईपी द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर बीएसए ग्राउंड सिद्धार्थ नगर में 15 मार्च को 11 बजकर 20 मिनट पर होगा, 11 बजकर 25 मिनट पर वे कार्यक्रम स्थल पहुंचकर विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पणधशिलान्यास करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। सांसद जगदंबिकापाल ने सभी जनपदवासियों से अपील किया है कि आप सभी इस एतिहासिक क्षण का साक्षी बने,मुख्यमंत्री द्वारा 15 मार्च को मिलने वाला 1900 करोड़ का तोहफा सिद्धार्थ नगर के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।




# बाइक चोरी के अपराधी को 26 माह का कारावास

**बांसी(एसएनबी)।** अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद शफीक द्वारा दोषी अभियुक्त अरुण पासवान को दो वर्ष 6 माह का सश्रम कारावास वा 8000६ रुपए के जुर्माना की सजा से दण्डित किया गया है। मोटरसाइकिल चोर अभियुक्त अरुण पासवान पुत्र जयराम ग्राम देवभरिया थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के कब्जे से तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने 29अगस्त 2021को चोरी की 8 मोटरसाइकिल व तमंचा कारतूस बरामद कर अन्य मुकदमों के साथ मुअपसं 213६21 धारा 379, 411, 413, 420, 467, 468, 471 भादंसं थाना कोतवाली बांसी में दर्ज कराया विवेचना उपरांत धारा 379, 411, 413, 420, 467, 468, 471 भादंसं में अभियुक्त अरुण पासवान के विरुद्ध मुकदमे में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। न्यायालय द्वारा मुअपसं 213६21 में सत्र परीक्षण संख्या 1116६21 दर्ज कर परीक्षण किया गया।सुनवाई उपरांत 14 फरवरी वृहस्पतिवार को अभियुक्त अरुण पासवान को उक्त मुकदमे में अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने दोषी करार कर दो वर्ष 6 माह के सश्रम कारावास व 8000६ रुपए की जुर्माना की सजा से दण्डित किया है। जेल में बितायी गयी अवधि समायोजित होगी । अभियोजन की पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चन्द्र दूबे ने किया है।

# चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल को एसपी ने किया ब्रीफ

**सिद्धार्थ नगर (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिद्धार्थ नगर भ्रमण कार्यक्रम के ष्टिगत ड्यूटी में लगाए गए जवानों को ब्रीफ करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस व्यवस्थापन, यातायात व्यवस्था व पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे ।



पुलिस बल को ब्रीफ करती पुलिस अधीक्षक। फोटो : एसएनबी

# ट्रक में 335 नग लकड़ी के साथ एक गिरफ्तार

**बानगंगा(एसएनबी)।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी धनौरा और वन विभाग के संयुक्त गश्ती दल ने अवैध लकड़ी से लदे ट्रक के साथ 1 व्यक्ति को पकड़ा।

बुधवार रात को सीमा चौकी धनौरा एवं फारेस्ट बीट शोहरतगढ़ के जवानों ने संयुक्त गस्ती के दौरान भारत नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 557ध1 के समीप बानगंगा चौराहे के पास से एक व्यक्ति को ट्रक से अवैध तरीके से ले जा रहे 335 नग लकड़ी के साथ पकड़ा। सूचना प्राप्त होते ही सीमा चौकी धनौरा के सहायक कमांडेंट अखिलेश कुमार के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी योगेश कुमार, आरक्षी सुमित रावत, आरक्षी प्रहलाद भामू तथा फारेस्ट बीट खुनुवा के फारेस्ट गार्ड राम प्यारे मौर्य के साथ संयुक्त गश्ती दल सीमा स्तम्भ संख्या 557ध1 के समीप चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुई। गश्ती दल द्वारा उस ट्रक को रुकने का इशारा किया गया तो ट्रक चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। ट्रक में बैठे दूसरे व्यक्ति से पूछ-ताछ की गई जिसमें उस व्यक्ति ने अपना नाम फिरोज अहमद पुत्र अजीज अहमद उम्र45 वर्ष ग्राम घरसोहिया नानकार पोस्ट महथा बाजार थाना शोहरतगढ़ जिला- सिद्धार्थनगर बताया। ट्रक की तलाशी मे सेमर लकड़ी के 300 नग तथा जामुन के लकड़ी के 35 नग बरामद हुआ। गश्ती दल द्वारा कुल 335 नग लकड़ी एवं को जब्त कर क्षेत्रीय वन विभाग कार्यालय सिद्धार्थनगर को सुपुर्द किया गया।

# आरोपी को दो वर्ष की सजा

बांसी। अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने गुरुवार को धोखाधड़ी के आरोपी को दोष सिद्ध होने पर दो वर्ष की सश्रम कारावास और आठ हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

बांसी क्षेत्र के देवभरिया गांव निवासी आरोपी अरुण पासवान पुत्र जयराम पर बांसी पुलिस ने धारा 420, 411, 413, 420, 467, 468, 471 केस दर्ज किया था।

मामले में सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने गुरुवार को आरोपी अरुण पासवान को दोषी करार देते हुए दो वर्ष की सश्रम कारावास व आठ हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

### मिर्जापुर से पेपर ट्रांसपोर्ट कराते समय तीन लोगों ने किया था गड़बड़झाला

# ट्रांसपोर्टर ने कराया था पेपर लीक

**पुलिस भर्ती**

■ इन्द्र मणि पाण्डेय

सिद्धार्थनगर। पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मिर्जापुर से पेपर ट्रांसपोर्ट कराने वालों ने कराई थी। सिद्धार्थनगर पुलिस की अब तक की जांच में फिलहाल यही बात सामने आई है। पुलिस टीम अब उनकी तलाश में जुट गई है। पुलिस अब कभी भी पेपर लीक कराने वाले मेन सरगना तक पहुंच सकती है।

दरअसल पूरे प्रदेश में 17 व 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा हुई थी और इसका पेपर लीक हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी प्राची सिंह ने एसओजी व इटवा पुलिस टीम को मामले के खुलासे के लिए लगा दी। सिद्धार्थनगर पुलिस टीम पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने के मामले में अब तक सॉल्वर, अभ्यर्थी व मीडिएटर समेत 23 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसमें अधिकतर बिहार के रहने वाले हैं। पुलिस की जांच व गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि मिर्जापुर से पेपर ट्रांसपोर्ट कराने वाले तीन लोगों ने पेपर लीक कराया है। पुलिस ने मामले में गुरुवार को पेपर ट्रांसपोर्ट कराने वाले मिर्जापुर के एक व्यक्ति को नामजद किया है। पुलिस अब इनकी तलाश में जुट गई है। पुलिस का मानना है कि पेपर ट्रांसपोर्ट कराने वालों के पकड़ में आते ही मेन सरगना का पता चल जाएगा और मामले का खुलासा हो जाएगा।



पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी के एक और आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार लिया।

### टीम में ये शामिल

आरोपित को पकड़ने वाले पुलिस टीम में उनके साथ एसआई रमेश साहनी, सर्वेश चन्द, हेड कांस्टेबल राकेश पटेल, कांस्टेबल धर्मवीर व एसटीएफ गोरखपुर के निरीक्षक सत्य प्रकाश अपनी टीम के साथ शामिल रहे। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने के मामले में अब तक इटवा पुलिस ने सॉल्वर गैंग से जुड़े 16 आरोपितों की गिरफ्तारी कर चुकी है।

**17** और 18 फरवरी को जिले में हुई थी पुलिस भर्ती परीक्षा

- सिद्धार्थनगर पुलिस अब तक 23 लोगों को कर चुकी है गिरफ्तार
- पकड़े गए आरोपितों में अधिकतर बिहार प्रांत के हैं रहने वाले

"पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने के मामले में गुरुवार को मिर्जापुर के एक व्यक्ति को नामजद किया गया है। अब तक की जांच में मिर्जापुर से ही पेपर लीक करने का मामला सामने आया है। मिर्जापुर के तीन लोग थे जो पेपर को ट्रांसपोर्ट करा रहे थे। उन्हीं लोगों ने पेपर लीक कराया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है। उनके गिरफ्तार होते ही मामला खुल जाएगा।

**प्राची सिंह**, एसपी



इटवा कस्बे में सीआईएसएफ व पुलिस के जवानों ने गुरुवार को रूट मार्च कर सख्ती का अहसास कराया।

# सायरन की आवाज के आगे खामोश हो गई सड़क

## चौकसी

- सीआईएसएफ के साथ पुलिस जवानों ने किया रूट मार्च
- चुनाव को लेकर आमजन में कराया सख्ती का अहसास

**इटवा, हिन्दुस्तान संवाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को सीआईएसएफ व पुलिस के जवानों ने इटवा क्षेत्र की सड़कों पर रूट मार्च किया। इस दौरान पुलिस की सायरन बजती गाड़ियां जिस ओर से गुजरी उस ओर की राहें कुछ पल के लिए खामोश हो गई। भारी पुलिस बल के आने से हर कोई सहमा रहा।

गुरुवार दोपहर में इटवा चौराहे पर इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी और सीआईएसएफ कमांडर प्रीतम चंद के नेतृत्व में सीआईएसएफ व पुलिस के जवानों का जमावड़ा हुआ। इस दौरान सबसे पहले इटवा कस्बे के चारों मार्गो पर रूट मार्च किया गया। इसके बाद एक साथ पुलिस की गाड़ियों आदि में बैठकर सीआईएसएफ व पुलिस के जवान हुटर और सायरन बजाते हुए आनंदनगर की तरफ निकले तो राहों में खौफ की चादर पसर गई। महादेव घुरहू, भदोखर होते भावपुर मीरा तक हुए रूटमार्च में सीआईएसएफ व पुलिस के जवान जिस ओर भी धमके उस ओर के गांवों व चौराहों की भीड़ कुछ पल के लिए ठहर सी गई। इस दौरान एसआई रमाकांत सरोज, विजय प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल अमरनाथ यादव, विजय यादव, अवधेश यादव, राकेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

**सीआईएसएफ और पुलिस ने किया मार्चः** सीआईएसएफ व पुलिस की टीम ने गुरुवार को बिस्कोहर कस्बा, सिकौथा, बस्ती बरगदवा, नावडीह, बिजौरा कस्बा, परसोहिया सदानंद, सरोथर, अहिरौली, बघमरवा व जिगना हबीरपुर सहित कई संवेदनशील बूथों का एरिया डोमिनेशन व रूट मार्च किया।

# प्रसूता की मौत मामले में अस्पताल प्रबंधक पर केस

## कार्रवाई

**लोटन**। कस्बे के स्टार हास्पिटल में एक सप्ताह पूर्व हुई प्रसूता की मौत के मामले में गुरुवार की शाम सीएचसी अधीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल प्रबंधक और डॉक्टर के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के मैनहिया निवासी अर्जुन की पत्नी अंजनी का प्रसव के बाद लोटन कस्बे के स्टार हास्पिटल में एक सप्ताह पूर्व मौत हो गई थी। प्रसूता की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और अस्पताल की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच के दौरान पाया गया कि अस्पताल पंजीकृत नहीं है। सीएमओ ने लोटन अधीक्षक को अस्पताल के खिलाफ केस दर्ज कराने को कहा। गुरुवार को पुलिस ने अधीक्षक की तहरीर पर स्टार हास्पिटल के प्रबंधक और डॉक्टर के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया।

# 16 बांग्लादेशी नागरिकों से पूछताछ में मिले वैद्य कागजात

**सिद्धार्थनगर**। भारत-नेपाल सीमा पर ककरहवा में गुरुवार को एसएसबी ने 16 बांग्लादेशी नागरिकों को रोक लिया। मामले की जानकारी होते ही मोहाना पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसिया मौके पर पहुंच गई और बांग्लादेशी नागिरकों से पूछताछ करने लगी। पूछताछ में सभी के पास वैद्य कागजात मिले। इसके बाद टीम ने उन्हें छोड़ दिया और सभी वापस नेपाल चले गए।

नेपाल के ककरहवा सीमा पर गुरुवार दोपहर बाद 16 बांग्लादेशी नागरिक पहुंचे। इसमें महिलाएं व पुरुष दोनों थे। यह लोग एसएसबी जवानों से कपिलवस्तु जाने का रास्ता पूछा। संदेह होने पर जवानों ने उनसे पूछताछ की। इस दौरान सीमा पर तैनात अन्य एजेंसिया भी पूछताछ करने पहुंच गई। पूछताछ में सभी के पास वैद्य कागजात मिला। इसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया और वह लोग नेपाल चले गए। एसओ मोहाना जीवन त्रिपाठी ने बताया कि सभी बांग्लादेशी नागरिकों के पास वैद्य कागजात थे। वह सभी कपिलवस्तु जाने का मार्ग पूछ रहे थे। जांच पड़ताल के बाद सभी नेपाल चले गए।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीएसए ग्राउंड में जनसभा को भी करेंगे संबोधित

# सीएम करेंगे 551 परियोजनाओं का आज शिलान्यास व लोकार्पण

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होने से पहले विभिन्न विभागों में स्वीकृत परियोजनाओं के शिलान्यास और पूर्ण हो चुके कार्यो का लोकार्पण करने जिले में 15 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। पुलिस लाइंस से लेकर कार्यक्रम स्थल बीएसए ग्राउंड तक अशोक मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सीएम 508 परियोजनाओं का शिलान्यास व 43 का लोकार्पण करेंगे।

जिले में मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर शुक्रवार को उतरेगा। पुलिस लाइंस में हेलीपैड से लगायत बीएसए ग्रांउड के बीच तक अशोक मार्ग के दोनों किनारे बैरिकेडिंग, बेहतर साफ-सफाई आदि पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय बलरामपुर से हेलीकाप्टर से सुबह 11.05 चलेंगे। 11.20 बजे बीएसए ग्राउंड में उनका उड़नखटोला उतरेगा। जहां वह 11.30 से 12.30 बजे तक जनसभा को संबोधित करने के साथ ही विभिन्न परियोजनाओ का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके बाद 12.30 बजे प्रस्थान कर जाएंगे।


मंडलायुक्त और डीआईजी बस्ती रेंज ने बीएसए ग्राउंड पर पहुंचकर सुरक्षा समेत अन्य तैयारी वाले बिंदुओं की जांच-पड़ताल की।

गुरुवार को आयुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र राम कृष्ण भारद्वाज ने डीएम पवन अग्रवाल, एसपी प्राची सिंह के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर संबंधित को दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर एडीएम उमाशंकर, एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम ललित कुमार मिश्र, सीओ सुजीत राय आदि मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती पेपर लीक में एक और दबोचा

**शिकंजा**

- एसटीएफ गोरखपुर और सिद्धार्थनगर पुलिस को कामयाबी
- पकड़ा गया आरोपित बिहार के रोहतास जिले का, मिर्जापुर का भी एक नामजद

### मिर्जापुर से पेपर ट्रांसपोर्ट कराने वालों ने लीक कराया पर्चा

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि इस मामले में मिर्जापुर के एक व्यक्ति को नामजद किया गया है। जांच में मिर्जापुर से ही पेपर लीक करने का मामला सामने आया है। तीन लोग थे, जो पेपर ट्रांसपोर्ट करा रहे थे। उन्हीं ने लीक कराया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है।

इटवा (सिद्धार्थनगर), हिन्दुस्तान संवाद। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले से जुड़े एक और आरोपी को एसटीएफ गोरखपुर और इटवा पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी बिहार के रोहतास जिले का रहने वाला है। वहीं मिर्जापुर के एक व्यक्ति को नामजद किया गया है। अब तक की जांच में मिर्जापुर से ही पेपर लीक किए जाने की बात सामने आई है।

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान 17 व 18 फरवरी को इटवा समेत जिलेभर में 10 सॉल्वर, अभ्यर्थी व मीडिएटर पकड़े गए थे। केस दर्ज करने के बाद से ही पुलिस टीम सॉल्वर गैंग के गुर्गों की तलाश में जुटी है। गुरुवार को एसटीएफ गोरखपुर और इटवा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक और आरोपी को इटवा से गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान रंजन कुमार पुत्र केशव प्रसाद निवासी सनात बिगा, थाना डालमिया नगर, जिला रोहतास, बिहार के रूप में हुई है। इस मामले में इटवा पुलिस अब तक 16 आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है।

› संबंधित खबर P03

# 335 बोटा लकड़ी संग एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। एसएसबी की सीमा चौकी धनौरा व फारेस्ट बीट शोहरतगढ़ के जवानों ने संयुक्त गश्त के दौरान पिलर संख्या 557/1 के बानगंगा चौराहे के पास से बुधवार को एक व्यक्ति को ट्रक से अवैध तरीके से ले जा रहे 335 बोटा लकड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसकी पहचान शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के परसोहिया नानकार गांव निवासी फिरोज अहमद पुत्र अजीज अहमद के रूप में हुई। ट्र में सेमल लकड़ी के 300 व जामुन के 35 बोटा बरामद हुआ। बरामद लकड़ी व आरोपित को वन विभाग को सौंप दिया गया है।

# पेपर लीक मामले में एक और आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में एक और आरोपित गुरुवार को पुलिस की संयुक्त टीम के हत्थे चढ़ा। उस पर आरोप है कि पेपर लीक करने में उसकी भी भूमिका अहम रही है। आरोपित का नाम रंजन कुमार है। वह बिहार के जिला रोहतास के थाना डालमिया नगर के ग्राम सनात बिगा का रहने वाला है। रंजन सहित इस प्रकरण में अभी तक कुल 22 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसमें से 14 लोग पेपर लीक करने के मामले में गिरफ्तार किये जा चुके हैं।

बीते 17 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान इटवा पुलिस ने इटवा थाने के माता प्रसाद जायसवाल इंटर कालेज से इस प्रकरण में पहले आरोपित को गिरफ्तार किया था। वह बिहार का रहने वाला है। उसके मोबाइल से मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस इस नेटवर्क में जुटे लोगों की गिरफ्तारी कर रही है। एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद से अब तक 14 लोग पेपर लीक करने के मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। आठ व्यक्तियों को साल्वर गैंग से जुड़े होने के आरोप में जेल भेजा जा चुका है। इटवा संवाददाता के अनुसार गुरुवार को गोरखपुर एसटीएफ व इटवा पुलिस को सूचना मिली कि इस गिरोह का एक सदस्य इटवा में मौजूद है। एसटीएफ व इटवा थाना पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपित रंजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएफ फील्ड इकाई गोरखपुर के निरीक्षक सत्य प्रकाश मय टीम, प्रभारी निरीक्षक इटवा संतोष तिवारी, उप निरीक्षक रमेश कुमार साहनी व सर्वेशचंद, मुख्य आरक्षी राकेश पटेल, आरक्षी धर्मवीर शामिल रहे।

# बार्डर पर 16 बांग्लादेशियों को पकड़ा

- मोहाना थाना के ककरहवा बाजार में रोके गए थे 16 बांग्लादेश के नागरिक,पूछताछ के बाद छोड़ा
- पैदल ही एसएसबी चेकपोस्ट पर पहुंचे, जवानों ने रोका, बांग्लादेशी में शामिल हैं सात महिलाएं भी

जागरण संवाददाता, ककरहवा : एसएसबी 43वीं वाहिनी ने गुरुवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे मोहाना थाना के ककरहवा बाजार से 16 बांग्लादेशी को पकड़ा। इनमें सात महिलाएं भी हैं। यह सभी एक ही परिवार के हैं। वह सभी पैदल ही नेपाल बार्डर के पास एसएसबी चेकपोस्ट पर जवानों से जानकारी प्राप्त करनी चाही। लेकिन संदेह होने पर इन्हें रोक लिया गया। करीब पांच घंटे की गहन पूछताछ के बाद सभी को छोड़ दिया गया। इन सभी के पास बांग्लादेश का पासपोर्ट व भारत में घूमने के लिए वीजा मिला। इस वीजा की वैधता अवधि मई 2024 तक बताई गई है। एसएसबी, पुलिस व गुप्तचर संस्थाओं के अधिकारी व कर्मचारियों ने इनसे पूछताछ की।

मोहाना थाना के ककरहवा बाजार में सुबह करीब आठ बजे एक टूरिस्ट बस आकर रुकी। ककरहवा बाजार और नेपाल की सीमा सटी है। लोग पैदल आते-जाते हैं। टूरिस्ट बस में बैठे पर्यटक पैदल बाजार में घूमने लगे। वह धीरे-धीरे नेपाल सीमा की ओर जा रहे थे कि एसएसबी के जवानों ने संदेह के आधार पर रोक कर पूछताछ शुरू कर दी। पकड़े गए आरोपितों ने प्रश्नों का उत्तर बंगाली में देना शुरू किया तो सभी को संदेह होने लगा। इसके बाद ककरहवा एसएसबी कैंप में ले गए। सभी के प्रपत्रों की जांच शुरू की। बांग्लादेश के नागरिक होने ही सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में इन सभी ने अपने आप को बौद्धिस्ट बताया है। यह सभी बौद्ध तीर्थ स्थलों पर घूमने के लिए आए हैं। नेपाल के लुम्बिनी स्थित बौद्ध मंदिर में जाने का वैधानिक रास्ता पूछ रहे थे।



भारत–नेपाल सीमा के ककरहवा बार्डर पर बांग्लादेशियों से पूछताछ करते एसएसबी के जवान .सौ से पुलिस

सुजीत राय, सीओ सदर ने बताया कि ककरहवा बाजार में बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए। इनसे पूछताछ की गई। सभी एजेंसी के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इन सभी के पास भारत का वीजा है। लेकिन ककरहवा में इमीग्रेशन कार्यालय नहीं होने के कारण विदेशी नागरिक का नेपाल में यहां से जाना प्रतिबंधित है। बांग्लादेशी नागरिक एसएसबी चेकपोस्ट पर नेपाल के लुम्बिनी जाने के लिए वैधानिक रास्ता पूछ रहे थे।



पुलिस गिरफ्त में वारंटी ● जागरण

# वारंटी को किया गिरफ्तार

**इटवा** : कठेला समय माता थाना पुलिस ने गुरुवार को एनडीपीएस एक्ट में वारंटी चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि थाना मिश्रौलिया के ग्राम टेउवा ग्रांट निवासी सुखारी उर्फ सोबराती के विरुद्ध वारंट जारी था। पुलिस टीम ने आज उसे गिरफ्तार किया। विधिक कार्यवाही के बाद आरोपित को न्यायालय के लिए भेजा गया है। (विज्ञप्ति)

# बाइक चोरी में एक को छह वर्ष का सश्रम कारावास

जागरण संवाददाता, बांसी : अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने बाइक चोरी के मामले में एक व्यक्ति को छह वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने उस पर आठ हजार का जुर्माना भी किया है। जुर्माना अदा न करने पर सजा में बढ़ोतरी की जाएगी।

कोतवाली के ग्राम देवभरिया निवासी मोटरसाइकिल चोर अरुण पासवान के कब्जे से तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने दिनांक 29 अगस्त 2021 को चोरी की आठ बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद किया था। थाना कोतवाली बांसी में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना उपरांत अभियुक्त अरुण पासवान के विरुद्ध मुकदमे में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। न्यायालय द्वारा सत्र परीक्षण किया गया। गुरुवार को सुनवाई उपरांत अभियुक्त अरुण पासवान को उक्त मुकदमे में अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने दोषी करार दिया। सजा में जेल में बिताए गए दिन समायोजित होंगे।

# 528 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास आज

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीएसए मैदान में करेंगे जनसभा, 1.15 घंटे के कार्यक्रम में सुरक्षा रहेगी चाकचौबंद

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 मार्च को बीएसए मैदान में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं की कुल लागत करीब 19 अरब है। इनमें जल जीवन मिशन, सड़क व पुल, सिंचाई, आइटीआइ, नर्सिंग कालेज से संबंधित परियोजना सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकाप्टर सुबह 11.20 बजे बीएसए मैदान स्थित हेलीपैड पर उतरेगा। यहां से वह सीधे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।

विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ जनसभा को भी संबोधित करेंगे। 1.15 घंटे यहां पर रुकेंगे। शासन की योजनाओं के संबंध में भी जानकारी देंगे। दोपहर 12.35 बजे वह हेलीकाप्टर से रवाना होंगे। जनपद में 528 परियोजना को लागू करेंगे।



मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व बीएसए मैदान में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज साथ में डीएम पवन अग्रवाल • जागरण

### इन परियोजना का होगा लोकार्पण व शिलान्यास (करोड़ में)

| परियोजना | कुल संख्या | लोकार्पण | शिलान्यास |
|---|---|---|---|
| जलजीवन मिशन | 428 | 7.95 | 1196.11 |
| सड़क व पुल | 66 | 240.84 | 174.07 |
| सिंचाई | 19 | 1274.00 | 132.06 |
| कस्तूरबा गांधी छात्रावास | 11 | 6.70 | 31.71 |
| आइटीआइ | 3 | 26.33 | - |
| नर्सिंग कालेज | 1 | - | 9.94 |

- सीएम का हेलीकाप्टर सुबह 11.20 बजे बीएसए मैदान पर उतरेगा
- कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री भाजपा के पुराने कार्यालय पर पहुंचेंगे

### कमिश्नर व आइजी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

सिद्धार्थनगर : मंडलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती रेंज आरके भारद्वाज ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय ने हेलीपैड के साथ पंडाल का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह से प्रवेश करने वाले द्वार के संबंध में जानकारी ली। मंच पर कितने अति विशिष्ट व विशिष्ट जनप्रतिनिधि रहेंगे, इसकी सूची भी देखी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त पुलिस बल लगाने के लिए निर्देशित किया। सभी एसडीएम व सीओ की टीम गठित कर पंडाल में भ्रमण करने के लिए कहा है। एडीएम उमाशंकर, एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा, सीओ सदर सुजीत राय समेत अन्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह भी पहुंचेंगे : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह भी प्रतिभाग करेंगे। भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह को बस्ती कलस्टर का प्रभारी नियुक्त किया है।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बाद यह दीवानी कचहरी के सामने स्थित पुराना भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे। यहां पर कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र का चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद बांसी में भी चुनाव कार्यालय का शुभारंभ का कार्यक्रम है।

# एसएसबी ने बांग्लादेशी नागरिकों को रोका

ककरहवा। नेपाल सीमा से सटे ककरहवा बॉर्डर पर एसएसबी 43वीं वाहिनी ने बृहस्पतिवार सुबह करीब आठ बजे नेपाल सीमा से सटे ककरहवा कस्बा से 7 महिलाओं सहित 16 लोगों को रोक लिया।

जांच में पता चला कि सभी बांग्लादेशी नागरिक हैं। लेकिन विदेशियों को नेपाल जाने के लिए ककरहवा बॉर्डर का रास्ता वैध न होने के कारण एसएसबी ने सभी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने के बाद उनके पास सभी कागजात वैध पाये जाने पर शाम पांच बजे के करीब सभी छोड़ दिया गया।

नेपाल बॉर्डर से सटे ककरहवा कस्बे में सुबह कुछ महिलाएं और पुरुष घूमते हुए दिखे। इसी बीच एसएसबी के जवानों ने संदेह होने पर रोक लिया। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से की गई पूछताछ में पता चला कि इन सभी को बांग्लादेश से भारत में घूमने के लिए वीजा मिला है। इस वीजा की वैधता अवधि मई 2024 तक बताई जा रही है।

आरोपितों ने बताया कि वे 4 मार्च को बांग्लादेश से हरदासपुर बॉर्डर के रास्ते भारत में आये थे। यहां से इन्होंने टूरिस्ट बस से बौद्ध सर्किट से जुड़े सारनाथ, बोधगया, श्रावस्ती, राजगीर, नालंदा सहित कपिलवस्तु का दर्शन किया। बृहस्पतिवार की सुबह ये ककरहवा कस्बा पहुंचे। जहां से ये लोग नेपाल में स्थित गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी का दर्शन करने जा रहे थे। संवाद

# अस्पताल प्रबंधक और डॉक्टर पर गैर इरादतन हत्या का केस

## सीएचसी अधीक्षक की तहरीर पर लोटन पुलिस ने दर्ज किया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**लोटन।** प्रसूता की मौत के मामले में लोटन कोतवाली की पुलिस ने अस्पताल के प्रबंधक और डॉक्टर पर गैर इरादतन हत्या व मेडिकल अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। सीएचसी अधीक्षक लोटन की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की है। घटना होने के बाद से अस्पताल बंद है। जांच में प्रबंधक और इलाज करने वाले डॉक्टर का नाम सामने आएगा।

कोतवाली क्षेत्र के मैनहिया निवासी अर्जुन की पत्नी अंजनी का प्रसव के बाद लोटन कस्बे के स्टार हास्पिटल में 29 फरवरी को मौत हो गई थी। प्रसूता की मौत के बाद


सीएचसी अधीक्षक ने दी तहरीर फिर भी एफआईआर दर्ज नहीं

14 मार्च को प्रकाशित खबर।

स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और अस्पताल की जांच पड़ताल शुरू कर दिया। जांच के दौरान पाया गया कि अस्पताल पंजीकृत नहीं है। सीएमओ ने अस्पताल के खिलाफ तहरीर देकर केस दर्ज कराने के लिए अधीक्षक लोटन को आदेश दिया था।

सीएमओ के आदेश पर अधीक्षक डॉ. अमित चौधरी ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर अस्पताल

**लोटन कोतवाली में स्थित स्टार हास्पिटल में इलाज के दौरान हुई थी प्रसूता की मौत**

पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग किया। मिले तहरीर के आधार पर बृहस्पतिवार को पुलिस हास्पिटल प्रबंधक और डॉक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, मेडिकल अधिनियम के तहत केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष लोटन विजय शंकर सिंह का कहना है कि अधीक्षक की तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सीआईएसएफ जवानों के साथ पुलिस ने किया मार्च

इटवा। होली और रमजान माह को देखते हुए बृहस्पतिवार को इटवा कस्बे में सीआईएसएफ जवानों के साथ पुलिस ने मार्च किया। सीओ गर्वित कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों में शांति व्यवस्था में बाधक बनने वालों की सूचना अवश्य दें। संवाद

# मोटरसाइकिल चोरी के दोषी को ढाई साल की कैद

अदालत से

बांसी। अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने बृहस्पतिवार को मोटरसाइकिल चोरी के दोषी अरुण पासवान को दो वर्ष छह माह की कैद और आठ हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया है।

मोटरसाइकिल चोर अरुण पासवान पुत्र जयराम ग्राम देवभरिया थाना बांसी के कब्जे से तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने 29 अगस्त 2021 को चोरी की आठ मोटरसाइकिल व तमंचा कारतूस बरामद कर कोतवाली बांसी में केस दर्ज कराया था। विवेचना उपरांत आरोपी अरुण पासवान के विरुद्ध मुकदमे में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया।

सुनवाई के बाद अभियुक्त अरुण पासवान को दोषी करार कर अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने दो वर्ष छह माह का सश्रम कारावास व आठ हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया है। यह भी आदेश किया कि जेल में बिताई गई अवधि समायोजित होगी। अभियोजन की पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चंद्र दूबे ने किया है। संवाद

# नेपाल सीमा : शराब तस्करों पर कसेगा शिकंजा

## तस्करी रोकने के लिए दो अस्थायी चौकियां बनाई गईं

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** बॉर्डर पर होने वाली शराब की तस्करी को रोकने के लिए आबकारी विभाग अलर्ट मोड पर रहेगा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नेपाल से होने वाली शराब की तस्करी को रोकने की कवायद शुरू की गई है। बढ़नी और अलीगढ़वा में दो अस्थाई चौकी बनाई गई।

जहां तीन शिफ्ट में 24 घंटे बॉर्डर की निगरानी की जाएगी। एक शिफ्ट में चार कांस्टेबल और एक निरीक्षक की ड्यूटी रहेगी। टीम की कार्यों की मॉनिटरिंग सीधे जोन स्तर से की जाएगी। चौकी बना दी गई है, चुनाव आचार संहिता लगते ही सक्रिय हो जाएगी।

जनपद की 68 किलोमीटर सीमा नेपाल बॉर्डर से लगी हुई है। सीमा पूरी तरह से खुली है और बिना रोकटोक के दोनों देश के लोग आते-जाते हैं। मुख्य मार्ग पर हमेशा सुरक्षा एजेंसियां और लोकल थाने की पुलिस अलर्ट मोड में रहती है। जबकि पगडंड़ियों पर आने-जाने वाली गश्त टीम नजर रखती है। लेकिन खुली हुई सीमा का लाभ दोनों देशों से तस्करी करने वाले खूब उठाते हैं। अनाज से लेकर खाद्यान्न और सब्जी। इसके साथ ही आभूषण और नेपाली शराब सहित अन्य प्रकार के मादक पदार्थ की तस्करी करके मोटी कमाई करते हैं।

नेपाली शराब के सस्ता होने के कारण सीमावर्ती क्षेत्र के लोग इसका अधिक प्रयोग करते हैं। क्योंकि वह खुद चले जाते हैं या फिर तस्करों के जरिए उन्हें शराब मिल जाती है।

वहीं शादी और चुनाव में लोग सस्ता होने के कारण नेपाली शराब लाकर लोगों को लुभाते हैं। लोकसभा चुनाव होने वाला है। ऐसे में वोटरों को लुभाने के लिए नेपाल शराब की खेप आ सकती है। चुनाव में बॉर्डर पर होने वाली नेपाली शराब की तस्करी रोकने के लिए आबकारी विभाग की ओर से 68 किलोमीटर सीमा में दो अस्थाई चौकी स्थापित की है। यह चौकी 24 घंटे सक्रिय रहेगी।

### इसलिए लेकर आते हैं नेपाली शराब

नेपाल में बिकने वाली देसी शराब की कीमत भारत में निर्मित देसी शराब की तुलना में एक पैक पर भारतीय मूल्य से 26 रुपये का अंतर है। जबकि पहले लगभग 40 रुपये का अंतर था। नेपाल से मिली जानकारी के मुताबिक मौजूदा समय में 180 और 200 एमएल वाले पैक की कीमत 28 और 30 रुपये हैं। जबकि भारत में निर्मित 200 एमएल के पाउच की कीमत 54 रुपये निर्धारित है। इस अंतर की वजह से लोग नेपाली शराब लाते हैं।

**कैरियर लाते हैं शराब**

बार्डर पर होने वाली शराब की तस्करी में मुख्य व्यक्ति कभी आगे नहीं आता है। वह कैरियर के जरिए सामान इस प्रकार से उस पार भेजने का कार्य करता है। शराब की तस्करी में महिलाएं और 10-15 साल के बच्चों को कैरियर के रूप में इस्तेमाल करते हैं। वह इसलिए कि सुरक्षा एजेंसियां बच्चों और महिलाओं को कम रोकते हैं। तस्करी में लगे लोगों को प्रति शीशी एक से दो रुपये देते हैं। यह झोले और बोरी में पगडंडी से होकर लाते हैं। एक दिन में कई चक्कर लगा देते हैं। एक स्थान तय होता है, जहां लेकर जाकर एकत्र किया जाता है। इसके बाद तस्कर अपने हिसाब से तय स्थान पर भेजते हैं।

### दुकानों पर भी रहेगी विभाग की नजर

आबकारी विभाग की टीम की लाइसेंस दुकानों पर भी नजर रहेगी। आचार संहिता लगने के बाद एकाएक जिन दुकानों पर बिक्री कई गुना बढ़ गई हो या फिर एकाएक कम हो गई। ऐसे दुकानों को रिकार्ड को खंगाला जाएगा। जहां संदेह होगा, उनसे बिक्री के संबंध में जानकारी ली जाएगी।

*नेपाल बॉर्डर पर शराब सहित अन्य मादक पदार्थ की तस्करी रोकने के लिए बढ़नी और अलीगढ़वा बार्डर पर आबकारी विभाग की ओर से दो अस्थाई चौकी स्थापित की जा रही है। यहां 24 घंटे जवान ड्यूटी करेंगे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए विशेष चेकिंग की जाएगी।*

*- **वीर अभिमन्यु सिंह**, जिला आबकारी अधिकारी*

---

# पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में एक गिरफ्तार

## बिहार का है पकड़ा गया आरोपी, एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने इटवा कस्बे से पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ गोरखपुर और इटवा पुलिस की संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार को इटवा कस्बे के पास से आरोपी को पकड़ा। वह बिहार के रोहतास (सासाराम) जनपद का निवासी है। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

पुलिस में आरक्षी पद पर 17 और 18 फरवरी को हुई लिखित परीक्षा में इटवा, बांसी, सदर और मोहाना थाना के परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देते हुए साल्वर पकड़े गए थे। इटवा थाने में दर्ज मुकदमें के मामले की छानबीन में जुटी इटवा पुलिस और एसओजी के हाथ पेपर लीक करने वाला गिरोह लग गया। सॉल्वरों के जरिए पुलिस लीक करने वालों को दबोचना शुरू किया। सीओ इटवा गर्वित सिंह ने बताया कि टीम मामले की छानबीन में लगी है।

बृहस्पतिवार को एसटीएफ गोरखपुर यूनिट के इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह और प्रभारी निरीक्षक इटवा संतोष तिवारी लीक करने वाले गिरोह के संबंध में वार्ता कर रहे थे। इसी बीच जानकारी मिली कि गिरोह से जुड़ा एक सदस्य जिले में आया है। उसके बारे में और जानकारी ली गई तो पता चला कि इटवा कस्बे के पास है।

सूचना को संज्ञान में लेते हुए टीम बताए हुए स्थान पर पहुंची। पुलिस की गाड़ी को देखकर वहां खड़ा एक युवक डरकर भागने लगा। जवानों ने घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान राजन कुमार निवासी सनात बिगा थाना डालमियानगर जनपद रोहतास राज्य बिहार ने पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने में शामिल होना बताया है। पूछताछ करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### पूछताछ में आरोपी से पुलिस को मिले कई सुराग

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने कई जानकारी दी है। इसके जरिए पुलिस कई और लोगों तक पहुंच सकती है। आरोपी से रुपये के लेनदेन के बारे में भी कई साक्ष्य मिले हैं। इसके पहले पुलिस पेपर लीक करने के मामले से जुड़े 10 आरोपियों को दबोच चुकी है। नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए लगातार पुलिस टीम मामले की छानबीन कर रही है।

# सीएम आज करेंगे 1894 करोड़ की 551 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

## जिले में एक घंटा 15 मिनट रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

सिद्धार्थनगर। सीएम योगी आदित्यनाथ जिले में 15 मार्च को 1894 करोड़ रुपये की 551 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। सीएम सुबह 11.20 बजे बीएसए मैदान में हेलीकाप्टर से आएंगे। कार्यक्रम की तैयारी के मद्देनजर बृहस्पतिवार को मंडलायुक्त एवं आईजी के साथ ही डीएम पवन अग्रवाल, सीडीओ जयेंद्र कुमार व एसपी प्राची सिंह ने बीएसए मैदान का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:05 बजे हेलीकाप्टर से बलरामपुर से सिद्धार्थनगर के लिए रवाना होंगे। वह 11:20 बजे हेलीपैड बीएसए ग्राउंड पहुंचेंगे। सीएम यहां से जिले समेत गोरखपुर, बस्ती और अयोध्या तक के परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे।

वह 1582 करोड़ रुपये लागत वाली 508 परियोजनाओं का शिलान्यास व 312 करोड़ रुपये लागत की 43 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इसमें अकेले जलनिगम ग्रामीण की 1196 करोड़ रुपये लागत की 423 परियोजनाओं का शिलान्यास, 7.95 करोड़ रुपये लागत की पांच परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है।

वह पीडब्ल्यूडी के 131 करोड़ की 36 परियोजना व सिंचाई विभाग की 132 करोड़ के 15 कार्यों का शिलान्यास शामिल है। संवाद

### कड़े सुरक्षा घेरे में होगा सीएम योगी का कार्यक्रम



सिद्धार्थनगर। सीएम योगी आदित्यनाथ बीएसए ग्राउंड में शुक्रवार को कई विकास कार्यों का शिलान्यस करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। सुरक्षा में अधिकारी सहित 900 से अधिक सुरक्षाकर्मी की कमान संभालेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास कार्यों का शिलान्यास करने के लिए बीएसए ग्राउंड से सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर कोई संदिग्ध व्यक्ति प्रवेश न कर सके। इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा का कड़ा घेरा रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर आने वाले हर व्यक्ति की इलेट्रानिक डिवाइस से जांच की जाएगी।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2024

## दस लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना मेंहदावल पुलिस ने क्षेत्र के बेलौहा गांव में मौजूद थी। इसी बीच पुलिस टीम को अवैध शराब के साथ एक आरोपी के आने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी की। करमैनी घाट से बेलौहा की तरफ आ रहे संदिग्ध को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से गैलन में दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान परशुराम निवासी करमैनी के रूप में हुआ। संवाद

## बच्चों के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**संतकबीरनगर।** बखिरा थाना क्षेत्र स्थित बरड़ाड गांव में बच्चों के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने पीडित पक्ष की शिकायत पर आरोपी पक्ष के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस के अनुसार बरड़ाड गांव निवासी जाहिदा खातून ने अपने शिकायत में बताया कि सात मार्च को दोपहर तीन बजे बच्चों के विवाद को लेकर गांव के सुबराती, बेलाल, झिनू और सद्दे उनको गाली देने लगे। मना करने पर आरोपी उनको मारे-पीटे। संवाद

## क्रिकेट खेलने के बहाने बाग में ले जाकर मारपीट

**संतकबीरनगर।** बेलहरकला थाना क्षेत्र स्थित सांड़ा गांव में मारपीट का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार आरोपियों पर केस दर्जकर लिया। पुलिस के अनुसार पीडित शरीफ अहमद निवासी गांव सांडा ने अपने शिकायत में बताया कि 29 फरवरी की शाम सात बजे गांव के सुहेल अहमद, मोहम्मद इरफान, साहिल अहमद व समीम अख्तर उनको क्रिकेट खेलने के बहाने रमवापुर मिश्र स्थित बाग में लेकर गए। जहां उन लोगों ने गाली दी। संवाद

## पुरानी रंजिश में मारपीट, सात पर केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** बखिरा थाना पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट के मामले में सात आरोपी पर केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के खरवनिया गांव निवासी मंशा कुमारी ने बताया कि 14 जनवरी को दिन में 11 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के रामशब्द, रामसेवक, राजेंद्र, अनिल, मेवाती, सुधा और सुभावती दिन में 11 बजे गाली देने लगे। गाली देने से मना करने पर सभी एक राय व गोलबंद होकर उनकी माता रजवंता और बहन अनीता को मारने-पीटने लगे। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी सहित चार पर केस दर्ज करने का आदेश

**संतकबीरनगर।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ऐक्ट जैनुद्दीन अंसारी की कोर्ट ने किशोरी को बहला-फुसला कर जबरदस्ती दुष्कर्म करने व चाय में नशीली दवा मिलाकर फोटो खींचने के मामले में आरोपी सहित चार लोगों के विरुद्ध कोर्ट ने थानाध्यक्ष कोतवाली खलीलाबाद को केस दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही तीन दिन में आख्या मांगी है।

अधिवक्ता नसरीन खान ने बताया कि थाना कोतवाली अंतर्गत किशोरी की मां ने कोर्ट में तहरीर दिया कि उसकी बेटी के पेट में अचानक दर्द होने लगा। पूछने पर बताई की कोतवाली खलीलाबाद निवासी आरोपी उसे बहला-फुसलाकर सुनसान जगह पर ले जाकर उससे दुष्कर्म किया था। चाय में नशीली दवा मिलाकर पिला दिया था। जिससे वह सुध-बुध खो दी थी। संवाद

# मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में चार पर केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद क्षेत्र के औरंगाबाद गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट व तोड़फोड़ का मामला सामने आया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्जकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक नबीउल्लाह निवासी औरंगाबाद ने शिकायत में बताया कि 12 मार्च को समय शाम पांच बजे पुरानी रंजिश को लेकर उसके पटीदार जहीर अहमद, शकील, हसीबुननिशा व हसरतुननिशा गाली देने लगे। मना करने पर लोगों ने मारना-पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव में आए वसीउल्लाह को भी मारा-पीटा। साथ ही उसकी बाइक को तोड़ दिया है। संवाद

# भाकियू ने की सड़क जाम करने की कोशिश

## राष्ट्रपति के नाम संबोधित 24 सूत्री मांगपत्र एसडीएम सदर को दिया

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। भाकियू चढ़ूनी ने विभिन्न मांगों को लेकर बृहस्पतिवार को कलक्ट्रेट के सामने मेंहदावल-खलीलाबाद मार्ग जाम करने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस पहुंच गई और उन्हें सड़क जाम नहीं करने दिया। हालांकि पांच मिनट तक सड़क पर कार्यकर्ता खड़े रहे। जिसकी वजह से वाहन रुक गए। इस दौरान सदर एसडीएम शैलेश दुबे को कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित 24 सूत्री ज्ञापन सौंपा।



कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते भाकियू चढ़ूनी गुट के कार्यकर्ता। संवाद

संगठन के जिलाध्यक्ष उमेश भट्ठ ने कहा कि सरकार को किसानों की कोई परवाह नहीं है। किसानों को अपनी मांगों को लेकर बार-बार आंदोलन करना पड़ रहा है। सरकार ने अभी तक एमएसपी पर कानून नहीं बनाया है, न ही स्वामीनाथन रिपोर्ट ही लागू किया है। कहा कि देश का किसान कर्ज से डूबा हुआ है। ऐसे में किसानों का सभी कर्ज माफ किए जाएं और उन्हे मासिक पेंशन दी जाए।

इस दौरान सुभाष यादव, जितेंद्र पांडेय, उमेश चौधरी, विजय पाल, मेवाती देवी, विद्यासागर गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

# मठ की जमीन कब्जाने का आरोप, दो पर केस

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के सरौली गांव में मठ की जमीन कब्जाने का मामला सामने आया। मठ के संरक्षक के रोकने पर उनसे मारपीट की गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक महराजगंज जनपद के नौतनवां क्षेत्र के संपतिहा गांव निवासी कृपाशंकर त्रिपाठी ने पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि वह उदासीन संगत सरौली के संरक्षक हैं। मठ की जमीन पर विपक्षी रामरक्षा चौधरी व रणधीर कुमार निवासी दरुआ जप्ती लगातार कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। नौ मार्च को दोनों ने जमीन पर छह लोहे का पिलर खड़ा करके टीन शेड रख लिया। इसके बाद दस मार्च को वह जमीन घेरने का प्रयास कर रहे थे।

सूचना मिलने पर कृपाशंकर व महंथ जगन्नाथदास कब्जा रोकवाने का प्रयास किए तो आरोपी गालियां देते मारने के लिए दौड़ा लिए। जबकि उस जमीन पर न्यायालय ने निषेधाज्ञा आदेश पारित किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्जकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। संवाद

# गैर इरादतन हत्या के दोषी को पांच साल दो माह की सजा

## कोर्ट ने बीस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया

संतकबीरनगर। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक रमेश दुबे की कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी पाए जाने पर एक व्यक्ति को पांच साल दो माह की कारावास व बीस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। साथ ही साक्ष्य के अभाव में मां ज्योति व पत्नी पिंकी उर्फ पिंका को दोषमुक्त कर दिया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि वादिनि मुकदमा फुलझरी ने 23 दिसंबर 2018 को थाना दुधारा में तहरीर दिया कि शाम छह बजे गांव का सुनील उसके घारी के जमीन में शौचालय व नल गड़वा रहा था। पति चंद्रशेखर ने रोका सुनील, सुनील की मां ज्योति व सुनील की पत्नी पिंकी पति चंद्रशेखर को बांस का ठेका व डंडा से अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने लगे।सुनील ने बांस के ठेके से चंद्रशेखर के पेट में मार दिया। पति गिर कर छटपटाने लगे व थोड़े ही देर बाद उनकी मौत हो गई।

**अदालत से**

थाना दुधारा में केस दर्ज हुआ। विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक रमेश दुबे की कोर्ट में सुनवाई के बाद गैर इरादतन हत्या के दोषी पाए जाने पर सुनील निवासी ग्राम केकरहो थाना दुधारा को पांच साल दो माह के कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। संवाद

# तीन निरीक्षक समेत 49 पुलिसकर्मियों का तबादला

संवाद न्यूज एजेंसी

**एसपी ने कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए किया फेरबदल**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बुधवार की देर रात कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए विभाग में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया है। तीन निरीक्षक, छह चौकी इंचार्ज समेत 49 पुलिस कर्मियों का तबादला किया है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए एक स्थान पर लंबे समय से तैनात पुलिसकर्मियों को एक से दूसरे स्थान पर तैनाती दी गई है।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि प्रभारी फीडबैक सेल, प्रभारी फील्ड यूनिट निरीक्षक मनोज कुमार त्रिपाठी को उक्त के साथ ही प्रभारी चुनाव सेल की जिम्मेदारी दी गई है। प्रभारी डीसीआरबी व विशेष जांच प्रकोष्ठ निरीक्षक छोटेलाल को प्रभारी एएएचटीयू का जिम्मा सौंपा गया है। साइबर क्राइम थाना व मीडिया सेल आलोक सोनी को साइबर थाना व मीडिया सेल का प्रभार दिया गया है।

इसके अलावा एसआई सूर्यभान को थाना बेलहरकला से प्रभारी चौकी बघौली, बघौली के चौकी प्रभारी पवन कुमार को चौकी प्रभारी बरदहिया, अमित कुमार चतुर्वेदी प्रभारी चौकी पौली से अपराध शाखा, रजनीश राय चौकी प्रभारी लोहरैया से प्रभारी चौकी पौली, राजीव सिंह प्रभारी चौकी राजेडीहा से चौकी प्रभारी मगहर, अमित कुशवाहा प्रभारी चौकी मगहर से चौकी प्रभारी राजेडीहा, रामअवध यादव पुलिस लाइन से थाना धर्मसिंहवा, रामजी सोनकर थाना धर्मसिंहवा से अपराध शाखा, विरेंद्र मिश्र अपराध शाखा से चुनाव सेल, शशिकांत तिवारी प्रभारी रिट सेल से डीसीआरबी, उदयशंकर द्विवेदी प्रभारी चौकी बरदहिया से प्रभारी रिट सेल, डॉक्टर विवेकानंद त्रिपाठी गोपनीय कार्यालय से जनसूचना सेल और एसआई रविंद्र नाथ शर्मा को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी लोहरैया की जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं सात हेड कांस्टेबल, एक कंप्यूटर ऑपरेटर, सात महिला कांस्टेबल व 18 कांस्टेबल को उनके वर्तमान तैनाती स्थल से हटाकर अन्य जगह भेजा गया है।

# बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने की कोशिश, एसडीएम ने रुकवाया

## खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद का मामला, डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की जा रही थी

संवाद न्यूज एजेंसी

मगहर। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद में स्थित काली मंदिर परिसर में बिना अनुमति लिए डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को स्थापित करने के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। बृहस्पतिवार को एसडीएम सदर शैलेश दूबे के नेतृत्व में राजस्व एवं प्रशासनिक टीम मौके का मुआयना करने के बाद पुलिस चौकी पर पहुंची। जहां पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित गांव के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक कर जानकारी हासिल की। इस दौरान एसडीएम ने डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा को सार्वजनिक स्थल से तत्काल हटाने को कहा।

गौरतलब है कि ग्राम रसूलाबाद में दलित बस्ती के निकट खलिहान की भूमि में प्राचीन काली मंदिर स्थापित है। उसी परिसर में गांव के दलित बस्ती के लोगों द्वारा डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दिया गया था। इसे लेकर लोगों में विरोध की चर्चा हो रही थी। इस मामले को जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार को एसडीएम सदर शैलेश दूबे के नेतृत्व में तहसीलदार सदर जनार्दन मौर्या, नायब तहसीलदार राजेश मिश्रा, राजस्व की टीम व कोतवाली निरीक्षक आरके सिंह हमराहियों के साथ रसूलाबाद स्थित मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण कर दोबारा मगहर चौकी पर पहुंचे।

जहां पर उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव के अलावा गांव के दलित बस्ती के लोगों सहित अन्य गांववासियों को बुलवाया। सार्वजनिक स्थान पर डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा प्रकरण के निस्तारण के लिए बातचीत की। उसके बाद अंत में एसडीएम ने कहा कि किसी भी दशा में बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थानों पर मूर्ति नहीं लगनी चाहिए और यदि लगाई गई है तो तत्काल उसे हटा लें।

एसडीएम सदर शैलेश दुबे ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते कहा कि किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति के कोई निर्माण या किसी भी प्रतिमा को स्थापित नहीं किया जा सकता है। इसलिए बिना देरी किए ही तत्काल मूर्ति को वहां से हटा दिया जाए। आगे कहा कि अनुमति लेकर सार्वजनिक तरीके से आप मूर्ति स्थापित कर सकते हैं।



ग्राम रसूलाबाद में बिना अनुमति के डॉक्टर आंबेडकर की मूर्ति लगाए जाने के विवाद के मद्देनजर गांव वालों से वार्ता करते सदर एसडीएम। संवाद

# रेस्टोरेंट संचालक से मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने क्षेत्र के टेमा रहमत गांव के पास निर्माणाधीन रेस्टोरेंट संचालक से मारपीट के दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी अल्ताफ उर्फ मोनू पुत्र अलीमुद्दीन व मुमताज अहमद पुत्र मकबूल अहमद निवासी टेमा रहमत को चुरेब के पास से पकड़ा। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी 10 मार्च को लोहे के रॉड से रेस्टोरेंट संचालक शुभम राय व अन्य पर हमला कर दिया था। निर्माणाधीन रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ की। जिसके संबंध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर प्रार्थना पत्र दिया था। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया। संवाद

# अलग-अलग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी की। हाजिर न होने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने जगह-जगह छापा मारा। त्रिलोकी पुत्र सोमई निवासी ग्राम मंझरिया पठान को गिरफ्तार किया। इसके अलावा थाना महुली पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ बलवन्त कुमार सैनी पुत्र सिद्धू प्रसाद निवासी हैंसर (महाखरपुर) थाना धनघटा को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। संवाद

# चोरी के आरोपी को दबोचा, गया जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का सामान बरामद किया। थाना धनघटा पुलिस ने चोरी का पांच क्लच केबल, एक पैकेट में चैन स्पॉकेट, एक ब्रेकशू के साथ आरोपी बगेदन पुत्र शिवबली निवासी धोबौली महरवार सिउवा थाना बांसगाव जनपद गोरखपुर को सब्जी मंडी धनघटा बाजार के पास से गिरफ्तार किया। रविन्दर कुमार पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम भरवल पर्वता के दुकान का शटर तोड़कर कुछ सामान व रुपये चोरी कर लिए थे। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में नौ का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में नौ आरोपियों को पकड़कर शांतिभंग की आशंका में चालान किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के खिलाफ धर-पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश दी। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चार, दुधारा तीन और थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने दो आरोपी को पकड़कर कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया। संवाद

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के तामेश्वरनाथ मेले में पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने शिकायत पर एससी-एसटी समेत अन्य धारा में केस दर्जकर आरोपियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रंजीत कुमार पुत्र निनकू प्रसाद निवासी गांव महादेवा पोस्ट हरिहरपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद ने शिकायत में बताया कि वह तामेश्वरनाथ में सपरिवार मेला देखने गए थे। वहां पर कुछ दबंग किस्म के लोग पुरानी रंजिश में जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली देते हुए मारे-पीटे। जिससे उनका सिर फट गया।

पुलिस ने आरोपी आकाश, सचिन गोस्वामी, रमेश गोस्वामी, अभिषेक गोस्वामी के खिलाफ एससी-एसटी समेत अन्य धारा में केस दर्ज किया है।

# वैज्ञानिक साक्ष्य के सहारे हत्या के खुलासे में पुलिस

## नंदिनी हत्याकांड : कॉल डिटेल व फॉरेंसिक साक्ष्य का मिलान कर रही टीम



डीघा गांव में घर में बैठे नंदिनी के परिजन। संवाद



डीघा में कैंप करती पुलिस। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सुभासपा के महिला विंग की प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर की हत्या में वैज्ञानिक साक्ष्य के सहारे पुलिस खुलासा करने में जुट गई है। सर्विलांस टीम की मदद से मिले फोन कॉल डिटेल, फॉरेंसिक साक्ष्य, स्थानीय पूछताछ से मिली जानकारी व अन्य बिंदुओं का मिलान कर पुलिस आगे बढ़ रही है। पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ते हुए पुलिस टीम हत्यारे तक पहुंचने का हर संभव प्रयास कर रही है।

डीघा गांव निवासी नंदिनी राजभर की हत्या को पांच दिन बीत गए हैं। पुलिस अभी तक किसी फाइनल नतीजे पर नहीं पहुंची सकी है। बीच गांव में दिनदहाड़े हत्या के बाद पड़ोसियों की चुप्पी ने पुलिस की परेशानी बढ़ा दी है। जिसके बाद पुलिस टीम ने अपने स्तर से मिले वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर धीरे-धीरे जांच आगे बढ़ा रही है। हालांकि पूछताछ में पुलिस को कुछ महत्वूपर्ण सुराग मिला है। जिसके बाद पुलिस टीम ने जांच पड़ताल और दबिश तेज कर दी है। नंदिनी के परिजनों को मिल रही धमकियों के मामले में पड़ोसी युवकों पर पुलिस ने पाबंदी की कार्रवाई की। इसके अलावा ग्रामीणों के चंगुल से फरार आरोपी की शिनाख्त व धर-पकड़ की भी कार्रवाई पुलिस ने तेज कर दी है। घटना के अनावरण में लगी टीम गोपनीय ढंग से काम कर रही है।

### पुलिस के पहरे में है डीघा गांव

नंदिनी हत्याकांड के बाद डीघा गांव अभी भी पुलिस के पहरे में है। एक एसआई की अगुवाई में महिला व पुलिस टीम बराबर निगरानी कर रही है। साथ ही पुलिस टीम गांववालों से घटना के बारे में भी पूछताछ करने में जुटी हुई है। इसके बाद अभी भी नंदिनी के परिजन व घर के आसपास के लोगों से ऐसा कोई भी सुराग नही निकल पाया जो पुलिस की जांच में सुराग दिला सके।

नंदिनी हत्याकांड में पुलिस की चार टीमें काम कर रही हैं। सभी को अलग-अलग टास्क उपलब्ध कराकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। जल्द ही मामले का अनावरण किया जाएगा।

\- सत्यजीत गुप्ता, एसपी

# मुण्डेरा शुक्ल में दूसरे दिन सहयोगियों के साथ प्रधान ने मचाया ताण्डव

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के मुण्डेरा शुक्ल गांव में दलित क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान के बीच बीते मंगलवार की शाम शुरू हुआ विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार की शाम क्षेत्र पंचायत सदस्य विवेक कुमार पुत्र रामसुभग द्वारा गांव में सार्वजनिक स्थान पर अपनी मां का जन्म दिन मनाने के दौरान ग्राम प्रधान श्रवण यादव पुत्र रामसूरत यादव द्वारा अपने दबंग सहयोगियों राजेश यादव पुत्र हरिहर, चन्द्रशेखर यादव पुत्र भीम यादव, राजेन्द्र यादव पुत्र गंगादीन के साथ मिलकर विवेक कुमार को मारपीट कर घायल करने की घटना में पुलिस क्षेत्र पंचायत सदस्य विवेक कुमार की तहरीर पर मारपीट और एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू भी नहीं की थी कि मुकदमा दर्ज कराने से आक्रोशित होकर ग्राम प्रधान अपने दर्जनों सहयोगियों के साथ गुरुवार की सुबह ही गांव की दलित बस्ती में धावा बोल दिया और जमकर ताण्डव मचाते हुए कईयों को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया।

पुलिस ने घटना के संबंध में घायलों की तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत 8 नामजद तथा 10 अन्य अज्ञात हमलावरों के विरूद्ध जानलेवा हमला करने सहित मारपीट की अन्य गंभीर धाराओं तथा एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए डाक्टरों की सलाह पर जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। घटना को लेकर गांव में जातीय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तहरीर में मुण्डेरा शुक्ल गांव निवासी दलित ओमवीर पुत्र रामकेश ने बताया कि एक दिन पूर्व मारने-पीटने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराने से नाराज होकर गुरुवार की सुबह करीब 6.30 बजे गांव के प्रधान श्रवण यादव पुत्र रामसूरत अपने सहयोगी मुण्डेरा शुक्ल

**सहयोगियों के साथ दलितों के घर पहुंचकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर कईयों को किया मरणासन्न**

**घटना को लेकर गांव में जातीय तनाव की स्थिति उत्पन्न**

**गांव की स्थिति पर पुलिस की पैनी नजर : प्रभारी निरीक्षक**

गांव निवासी राजेन्द्र यादव पुत्र गंगादीन, राजेश यादव पुत्र हरिहर यादव, आकाश यादव पुत्र अमेरिका यादव, चन्द्रशेखर यादव पुत्र भीम यादव, रमेश यादव पुत्र शिवमूरत यादव, भोला यादव पुत्र रामकवल यादव तथा थाना क्षेत्र के बेलमा गांव निवासी आलोक यादव पुत्र चन्द्रजीत यादव अपने दस अन्य अज्ञात सहयोगियों के साथ सुनियोजित तरीके से जान से मार देने की नीयति से लाठी-डंडा,हाकी तथा धारदार हथियार और ईंट-पत्थर आदि लेकर उसके घर पहुंच गए और परिवार के सदस्यों को भद्दी-भद्दी जाति सूचक गालियां देते हुए परिवार के ऊपर हमला कर दिया जिसमें उक्त हमलावरों ने परिवार के आशीष पुत्र रामफल,आशुतोष पुत्र मोहन, विवेक पुत्र रामसुभग, रीना पत्नी राजेन्द्र, रवी चन्द्र पुत्र रामसुभग, राजेन्द्र पुत्र मोहन को मारपीट कर घायल कर दिया। हमले में आशुतोष और आशीष घायल होकर मरणासन्न स्थिति में पहुंच गए हैं। परिवार के अन्य सदस्य और पड़ोसी हमलावरों का उग्र रूप देखकर भयभीत होकर मौके से भाग खड़े हुए तब जाकर उनकी जान बच सकी। घटना को अंजाम देने के बाद उक्त सभी हमलावर जान से मार देने की धमकी देते हुए असलहा और हथियार लहराते हुएदलित बस्ती में आतंक का माहौल उत्पन्न कर फरार हो गए।

प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंच गए और सभी घायलों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेजवाया जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत देख सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने गांव में पैदल मार्च कर सभी से शान्ति बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की साथ ही सभी ग्रामवासियों को सुरक्षा मुहैया कराने का भरोसा भी दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रधान श्रवण यादव समेत उनके आठ नामजद सहयोगी हमलावरों समेत दस अज्ञात सहयोगी हमलावरों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 147, 148, 307, 323, 336, 504, 506, 3 (1) ध तथा 3 (1) द और 3 (2) वी एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपियो की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हमलावर प्रधान समेत घटना में शामिल उसके सभी सहयोगी घर छोड़कर फरार हो चुके है। उनकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है।



घटना की सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ मुण्डेरा शुक्ल में मुस्तैद प्रभारी निरीक्षक धनघटा। फोटो : एसएनबी

# लोस चुनाव संपन्न कराने में जुटें अधिकारी : डीएम




कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा निर्वाचन के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर तथा उपस्थित प्रभारी अधिकारीगण। फोटो : एसएनबी

संतकबीरनगर (एसएनबी)। कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने एवं आदर्श आचार संहित जारी होने के उपरांत उसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से जिले के प्रभारी अधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर ने बैठक की। उन्होंने निर्वाचन ड्यूटी में लगाये गये प्रभारी अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्वों के अनुसार गुणवत्तायुक्त कार्यों के निष्पादन से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए प्रभारी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य का संपादन करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारी के मद्देनजर प्रभारी अधिकारियों की हुई बैठक**

**भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन किया जाय सुनिश्चित : जिला निर्वाचन अधिकारी**

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारियों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि जल्द ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता जारी होने की संभावना है। उन्होंने समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं विगत निर्वाचनों में अपने अनुभवों के आधार पर आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने से सम्बंधित तैयारियां पहले से ही पूर्ण रखी जाएं। आदर्श आचार संहिता जारी होने के उपरान्त एमसीसी टीम में लगे हुए सभी प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारीगण निर्धारित समय अवधि के भीतर समस्त होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, वाल राइटिंग आदि को मिटाने/हटवाने की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने सभी सम्बंधित को निर्देशित किया कि किसी भी स्थान पर कोई अवैध होर्डिंग, बैनर व किसी भी तरह की प्रचार-प्रसार सामग्री जनपद में नहीं दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों का नैतिक दायित्व है कि सभी के द्वारा अपने-अपने कार्य के संबंध में तत्काल कार्रवाई प्रारंभ करते हुए अपने कार्य को पूर्ण किया जाए ताकि चुनाव के दौरान समस्त चुनाव के कार्य आयोग की मंशा के अनुरूप समयबद्धता के साथ संपन्न हो सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद में लोकतंत्र के पर्व को आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने एवं जनपद में अधिक से अधिक मतदान कराने के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न स्तर की कार्रवाई भी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा सुनिश्चित की जाएगी ताकि जनपद में अधिक से अधिक मतदान संपन्न हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात उसका अनुपालन सुनिश्चित कराने एवं व्यय अनुवीक्षण के संबंध में जो टीम गठित की गई हैं उनके समस्त अधिकारीगण अपने समस्त तैयारी के साथ तत्काल प्रभाव से अपने अपने क्षेत्र में कार्य प्रारंभ करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारियों द्वारा सभी कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए गए मानकों के अनुरूप ही संपन्न किए जाएंगे। प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारीगण संयुक्त रूप से अपने अपने क्षेत्र में मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की दिशा में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश, अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी मेंहदावल अरुण वर्मा, डिप्टी कलेक्टर कलेक्ट्रेट डॉ. सुनील कुमार, एआरटीओ प्रियंवदा सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ल सहित अन्य प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई : जिला मजिस्ट्रेट

संतकबीरनगर (एसएनबी)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सभी अध्यक्षों/मंत्रियों की कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों को आदर्श आचार संहिता जारी होने की संभावना से अवगत कराया गया। जिला मजिस्ट्रेट ने समस्त राजनैतिक दलों से आदर्श आचार संहिता जारी होने के उपरांत आचार संहिता का अनुपालन किये जाने की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जाना सभी की जिम्मेदारी है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव के दौरान सभी राजनैतिक दल समय-समय पर आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। रैली/सभा/प्रचार वाहन आदि के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन भारत निर्वाचन आयोग के मंशा अनुरुप निर्वाचन कराने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी व्यक्ति द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए पाया जाएगा तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में भाजपा नेता ज्ञानेन्द्र मिश्र, बसपा जिलाध्यक्ष धर्मदेव प्रियदर्शी, सपा नेता राम दरश यादव, कांग्रेस नेता अमित सिंह बिट्टू तथा डिप्टी कलेक्टर कलेक्ट्रेट डॉ. सुनील कुमार, सहित भाजपा, सपा, कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दलों पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोस चुनाव के मद्देनजर किया पैदल मार्च

धनघटा (एसएनबी)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन ने पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ धनघटा थाना क्षेत्र के संवेदनशील गांवों में पैदल मार्च किया।

पैदल मार्च में शामिल एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव तथा प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने लोगों से संवाद करते हुए लोकसभा चुनाव को सकुशल और शान्तिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की साथ ही शान्ति व्यवस्था में खलल पैदा करने की कोशिश करने वाले अराजकतत्वों को कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। लोकसभा चुनाव को समीप देख क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से गुरुवार को एसडीएम धनघटा और प्रभारी निरीक्षक धनघटा ने भारी पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ बारी-बारी से थाना क्षेत्र के संवेदनशील गांव



पैदल मार्च के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते एसडीएम और प्रभारी निरीक्षक। फोटो : एसएनबी

**मुण्डेरा शुक्ल, बड़गो, डिहवा बाजार और घोरांग गांव में पैदल मार्च के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील**

मुण्डेरा शुक्ल, घोरांग, डिहवा बाजार और बड़गो में बारी-बारी से पहुंचे और गांव के सभी गली-कूचों में पैदल मार्च कर सभी को सुरक्षा का एहसास कराया साथ ही जगह-जगह ग्रामीणों से संवाद कर सकुशल शान्तिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने में सहयोग करने की अपील भी की।

# नंदिनी हत्याकांड में पुलिस के हाथ लगे अहम सुराग

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सुभासपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष नंदिनी राजभर की हत्या के मामले में पुलिस बड़ी सावधानी से कदम आगे बढ़ा रही है। मामले में पुलिस के हाथ अहम सुराग भी लगे हैं, इससे आगे एक दो दिनों में घटना का पूरा राज सामने आ जाने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि मामले को लेकर जांच में लगे अधिकारियों द्वारा कोई औपचारिक रूप से कुछ भी नहीं कहा जा रहा है। चर्चाओं में लोग भूमि विवाद से इतर दूसरी कहानी होने से इंकार नहीं कर रहे हैं।

नंदिनी हत्याकांड जनपद का हाई प्रोफाइल मामला होने से पुलिस पूरी तरह सक्रिय है। इसकी जांच एसआइटी (स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम) कर रही है। जांच में कहीं चूक न होने पाए इसके लिए एसपी सत्यजीत गुप्ता निजी स्तर से नजर बनाए हुए हैं। प्राथमिक तौर पर मृतक के पति की तहरीर पर पांच पर मुकदमा दर्ज करके पुलिस चार आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। पांचवें आरोपित की तलाश के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी का क्रम भी जारी है। पुलिस नामजद आरोपितों के अतिरिक्त कई अन्य को भी गोपनीय स्थानों पर ले जाकर पूछताछ कर रही है। मृतक की मोबाइल व डायरी भी बरामद करने के लिए पुलिस पूरी जुगत लगा रही है।

बताया जा रहा है कि इसमें हत्याकांड का रहस्य छिपा हो सकता है। पुलिस की जांच सिर्फ भूमि विवाद तक ही सीमित नहीं है बल्कि हर संभावित पहलू पर चल रही है। इसमें मृतक से मिलने जुलने वाले लोग भी पुलिस की जांच की जद में शामिल बताए जा रहे हैं।

माना जा रहा है कि लगभग एक एक दर्जन लोगों से पूछताछ में बीते तीन दिनों में पुलिस के हाथ मामले के अहम सुराग लगे हैं, जिससे एक दो दिन में ही घटना की पूरी असलियत सामने आ सकती है। लोगों के अनुसार प्रदेश सरकार के घटक दल की नेता से जुड़ा मामला होने से पुलिस देर ही सही परंतु घटना की एक भी कड़ी को सामने लाने में जल्दबाजी करने से परहेज कर रही है।

- जांच की रडार पर नामजद आरोपितों के साथ ही मृतक से मिलने जुलने वाले भी
- मामला हाई प्रोफाइल, भूमि विवाद से इतर पहलुओं की भी बारीकी से हो रही पड़ताल
- एसआइटी कर रही जांच, पुलिस अधीक्षक हर दिन कर रहे जांच की प्रगति की समीक्षा

डीघा में पहरेदारी कर रही पुलिस : डीघा में दिन रात पुलिस कर्मी चौकस हैं। मृतक के स्वजन घटना को लेकर भयाक्रांत भी है। गांव के लोगों में घटना को लेकर रोष भी व्याप्त है। इसे देखते हुए पुलिस टीम तीसरे दिन भी गांव में जमे रहे। सीओ भी देर रात तक गांव में बने रहे।

क्षेत्राधिकारी ब्रजेश सिंह ने बताया कि नंदिनी हत्याकांड में संलिप्त कोई भी व्यक्ति बचने नहीं पाएगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घटना की कड़ी इसके निष्कर्ष तक जल्द ही जुड़ जाएगी। **कुछ ही दिनों में पूरा रहस्य सामने आ जाएगा।**

# शहर में फुटपाथ से सड़क तक लग रहा बाजार, राहगीरों का चलना हुआ मुश्किल

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: शहर में फुटपाथ से लेकर सड़क तक बाजार लगता है। मुख्य मार्ग पर दुकानें लगने से यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है। फल, सब्जी, कपड़े के साथ चाट, पकौड़ी व अन्य सामग्रियों के दुकानें व ठेले लगने से समस्या है। सुबह से शाम तक दुकानें लगी रहती हैं। सड़क तक खरीदार व वाहनों की पार्किंग होने से फुटपाथ पर पैदल चलने की जगह नहीं बचती है।

नगर पालिका खलीलाबाद क्षेत्र में प्रमुख बाजार गोला बाजार सड़क पर है। किराना बाजार, सराफा बाजार, बड़े प्रतिष्ठान के साथ ही अधिकांश दुकानें यहीं पर स्थित हैं। सड़क तक खरीदार व वाहनों की पार्किंग होने से समस्या होती है। [illegible] तिराहा, नेहरू तिराहा तक फुटपाथ व सड़क पर फलों की दुकान लग रही हैं। यही स्थिति गोला बाजार से बैंक चौराहा तक है। [illegible] तिराहा से खलीलाबाद बाईपास जाने वाली सड़क पर ईदगाह मार्ग तक दुकानें लगती हैं। सड़क की पटरी पर मिठाई, केला की [illegible], समोसा, [illegible], फल, जूस, चाट, पकौड़ा आदि की दुकानें सुबह से शाम तक रहती हैं। नियमित दुकान लगाने वालों ने घर व दुकान के सामने स्थाई रूप से कब्जा जमा लिया है। [illegible] मंदिर के सामने और कोतवाली मार्ग पर श्रृंगार की दुकानें लग रही हैं। [illegible] बाजार में [illegible] मंदिर से लेकर [illegible] तक [illegible] के [illegible] मार्ग तक दुकानें लग रही हैं। यहां [illegible] से सोमवार तक दुकानें सड़क पर लगती हैं। ऐसे में वाहन से निकलना मुश्किल रहता है। [illegible] मार्केट भी सड़क पर ही है। दुकानदारों का सड़क तक कब्जा रहता है। फल, जूस, मोमो, चाट आदि की दुकान पटरी पर लगने से लोग सड़क पर ही वाहन खड़ा करते हैं। ऐसे में इस ओर वाहनों से जाना आसान नहीं होता। आए दिन आवागमन बाधित हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार सब कुछ जानकर अनजान बने हुए हैं। मुख्य मार्ग से न्यायालय, तहसील, ब्लाक, [illegible] कार्यालय आदि स्थानों पर आना-जाना होता है, किंतु अतिक्रमण हटाने का कार्य नहीं हो पा रहा है।

नप खलीलाबाद के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार भारती ने कहा कि शहर में फल व सब्जी की दुकानें लगाने के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। सड़क की पटरी पर अतिक्रमण न करने व निर्धारित स्थानों पर ही दुकानें लगाने का निर्देश दिया गया है। किसी भी स्थिति में सड़क पर अतिक्रमण नहीं होगा। जहां भी शिकायत मिलेगी, अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# जानलेवा हमले के दो आरोपित गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा गुरुवार को जानलेवा हमले के दो आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अल्ताफ उर्फ मोनू पुत्र अलीमुद्दीन व मुमताज अहमद पुत्र मकबूल अहमद निवासीगण टेमा रहमत थाना के विरुद्ध जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज है। उपनिरीक्षक राकेश कुमार, हेड कांस्टेबल दीनानाथ व कांस्टेबल बृजेश वर्मा ने दोनों को ट्रक के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ

# कुछ और लोगों पर गिर सकती है पुलिस की गाज




संतकबीरनगर, निज संवाददाता। नंदिनी हत्याकांड को लेकर पुलिस अन्य पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस की जांच बढ़ने के साथ पुलिस के सामने कई तथ्य सामने आ रहे हैं।

पुलिस आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस हत्या में एक महिला के शामिल होने की चर्चा हो रही है। पर इसकी पुष्टि नहीं है। इससे कुछ और लोगों पर पुलिस की गाज गिर सकती है। बीते रविवार को सुभासपा महिला मंच की प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर की दिनदहाड़े हत्या हो गई थी। इस मामले में नंदिनी के पति अच्छेलाल ने पांच लोगों पर हत्या करने का नामजद आरोप लगाया था। कोतवाली पुलिस इस प्रकरण में अब तक चार लोगों को जेल भेज चुकी है। अभी एक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है लेकिन जल्द ही यह भी आरोपी पुलिस के कब्जे में होगा। ट

हरीर में भूमि बिक्री के बाद लेन देन के विवाद को लेकर हत्या करने की बात कही गई थी। पुलिस इस प्रकरण में अब जांच का दायरा बढ़ा रही। इन दिनों आधा दर्जन लोगों से पूछतांछ हो रही है। सूत्रों के अनुसार इस हत्या में एक महिला के शामिल होने की चर्चा हो रही है।

वहीं बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक का भी नाम सामने आया है। संदेह के दायरे में आ रहे एक और नाम पर पुलिस जांच कर रही है। इस हत्या में और कड़ी जुड़ने की संभावना है। इस प्रकरण में जिले की पुलिस जल्द ही कुछ और जानकारी दे सकती है, जो चौंकाने वाली हो सकती है। हालांकि कोई अधिकारी इस बारे में कुछ बोल नहीं रहा है। पांचवे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हैं।

# भूमि विवाद में मारपीट, पांच महिलाएं घायल, मुकदमा दर्ज

जासं, धनघटा: धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम छितौनी में गुरुवार को भूमि विवाद में दबंगों ने एक परिवार की पांच महिलाओं को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शनिचरा बाजार ले जाया गया। एक महिला की हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर जानलेवा हमला करने समेत अनेक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

सुबह लगभग आठ बजे भूमि विवाद को लेकर छितौनी में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि गांव के भोलेनाथ, सोनू आदि ने भूमि पर कब्जे को लेकर राधिका देवी के घर में घुसकर लाठी डंडे से हमला कर दिया। घटना में राधिका देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। बीच बचाव करने आई किसमती, मीरा, पूनम, अंशिका की भी दबंगों ने पिटाई कर दिया। घायलों को पीएचसी शनिचरा बाजार में भर्ती कराया गया। राधिका की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। राधिका की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों भोलेनाथ, सरस्वती, रिंकू, सोनू, खुशबू समेत आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

# तीन दर्जन पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र बदले गए

## तबादला

- 13 उपनिरीक्षकों को किया गया इधर से उधर
- 20 दीवान व कांसटेबल का भी हुआ तबादला

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव व कानून व्यवस्था की मजबूती के लिए एसपी ने गुरुवार देर रात बड़े पैमाने पर पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया है। इनमें तीन निरीक्षक, 13 उपनिरीक्षक के अलांवा 20 हेड कांसटेबल व कांसटेबल शामिल हैं। एसपी ने सभी को अपने तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया है।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने निरीक्षक मनोज कुमार त्रिपाठी को प्रारूप सेल फीड बैक सेल प्रभारी फीलड यूनिट से प्रभारी चुनाव सेल के साथ प्रारूप सेल, प्रभारी फीड बैकसेल प्रभारी फील्ड यूनिट व अंगुष्ठ छाप, छोटे लाल प्रभारी डीसीआरबी व विशेष जांच प्रकोष्ठ से प्रभारी एएचटीयू के साथ प्रभारी डीसीआरबी एवं विशेष जांच प्रकोष्ठ, आलोक सोनी साइबर क्राइम व मीडिया सेल से प्रभारी साइबर क्राइम थाना के साथ मीडिया सेल भेजा गया है।

वहीं उपनिरीक्षक सूर्यभान यादव थाना बेलहर से प्रभारी चौकी बघौली, पवन कुमार प्रभारी चौकी बघौली से प्रभारी चौकी बरदहिया बाजार, अमित कुमार चतुर्वेदी प्रभारी चौकी पौली से अपराध शाखा, रजनीश राय चौकी प्रभारी लोहरैया से चौकी प्रभारी पौली, राजीव सिंह चौकी प्रभारी राजेडीहा से चौकी प्रभारी मगहर, अमित कुशवाहा चौकी प्रभारी मगहर से प्रभारी चौकी राजेडीहा, राम अवध यादव पुलिस लाइन से थाना धर्मसिंहवा, राम जी सोनकर धर्मसिंहवा से अपराध शाखा, बिरेंद्र मिश्रा अपराध शाखा से चुनाव सेल, शशिकांत तिवारी प्रभारी रिट सेल से डीसीआरबी, उदय शंकर द्विवेदी प्रभारी चौकी बरदहिया से प्रभारी रिट सेल, डा. विवेकानंद त्रिपाठी गोपनीय कार्यालय से जन सूचना सेल, रविद्र नाथ शर्मा पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी लोहरैया, विनोद कुमार मिश्र थाना धर्मसिंहवा से चुनाव सेल, धर्मनाथ यादव पुलिस लाइन से थाना धर्मसिंहवा, गौतम यादव कोतवाली से पुलिस लाइन, पप्पू सिंह यादव बेलहर थाना से पुलिस लाइन, संतोष कुमार भारती बखिरा थाना से पुलिस लाइन, सतीश कुमार सिंह पुलिस लाइन से बेलहर थाना, संपूर्णानंद यादव को पुलिस लाइन से कोतवाली खलीलाबाद को भेजा गया है। इसके अलावा 20 हेड कांसटेबल व कांसटेबल के क्रार्य क्षेत्र में फेरबदल किया गया है। सभी कर्मियों को अपने नवीन तैनती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए गए हैं।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्यवाही

संतकबीरनगर, कार्यालय संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों-मंत्रियों के साथ गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। *जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने पर* सभी दल पूर्णतया अनुपालन करें। आचार संहिता के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्यवाही होगी। इस अवसर पर एसपी सत्यजीत गुप्ता एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम जय प्रकाश भी सभी को इस बारे में अवगत कराया।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारीडीएम महेन्द्र सिंह तंवर ने राजनैतिक दलों को आदर्श आचार संहिता जल्द जारी होने की सम्भावना से अवगत कराया। उन्होंने आदर्श आचार संहिता जारी होने के बाद सभी राजनैतिक दलों से आचार संहिता का अनुपालन किए जाने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन कराना सभी की जिम्मेदारी है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव के दौरान सभी राजनैतिक दल समय-समय पर आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। रैली, सभा, प्रचार वाहन आदि के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।



आदर्श आचार संहिता जारी होने के बाद अनुपालन कराने के लिए राजनीतिक दलों के साथ गुरुवार को बैठक करते डीएम, एसपी व एडीएम।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए सभी राजनैतिक दल आदर्श आचार संहिता जारी होने के बाद उसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराएं। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में कराने में अपना सहयोग दें। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए पाया जाएगा, तो उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर कलक्ट्रेट डा. सुनील कुमार सहित भाजपा, सपा, कांग्रेस व अन्य राजनैतिक दलों पदाधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# गैर इरादतन हत्या में पांच साल की कैद

- एडीजे की कोर्ट ने आरोपी पर लगाया 20 हजार का अर्थदण्ड
- आरोपी की मां व पत्नी को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। बिना आशय हत्या करने के एक आरोपी को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रमेश दूबे की कोर्ट ने पांच वर्ष दो माह के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने सजा के साथ आरोपी सुनील पर 20 हजार रुपए के अर्थदण्ड का भी निर्णय दिया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एडीजे कोर्ट ने आरोपी की मां एवं पत्नी को दोषमुक्त कर दिया है।

मामला दुधारा थाना क्षेत्र के ग्राम केकरहो का है। अभियोजन पक्ष से अधिवक्ता विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि प्रकरण में मृतक चन्द्रशेखर केवट पुत्र शिव नरायन की पत्नी फुलझरी देवी का आरोप था कि 23 दिसम्बर 2018 को समय छः बजे के लगभग मेरे गांव के सुनील पुत्र मीने मेरे घरारी की जमीन में जबरदस्ती शौचालय और नल गड़वा रहा था। मेरे पति चन्द्रशेखर केवट मना किए इसी बात को लेकर सुनील से कहासुनी होने लगी। इतने में सुनील, उसकी मां ज्योति तथा पत्नी पिंकी उर्फ पिंका गाली देते हुए बांस के ठेका और डंडा से मारने लगे। सुनील ने बांस के ठेके से मेरे पति के पेट में मार दिया। थोड़ी देर में उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध बिना आशय हत्या करने, मारपीट व गाली देने का अभियोग पंजीकृत किया। विवेचना के उपरांत पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। अभियोजन ने कुल सात गवाह न्यायालय में प्रस्तुत किया। एडीजे रमेश दूबे की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपी सुनील को बिना आशय हत्या करने के आरोप में दोषसिद्ध करार देते हुए पांच वर्ष दो माह के कारावास की सजा सुनाई।

# जानलेवा हमले के दो आरोपी भेजे गए जेल

संतकबीरनगर। बीते 13 मार्चा को टेमा रहमत तिराहे पर एक होटल संचालक से दुकान को हटाने को लेकर टेमा गांव के लोगों ने होटल संचालक को मारपीट कर अधमरा कर दिया था। पीड़ित ने उक्त प्रकरण में कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया था। कांटे पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कोतवाली पुलिस को दिए गए तहरीर में मारकंडेय राय ने कहा कि वह टेमा रहमत तिराहे पर होटल चलाने के लिए निर्माण कार्य करा रहा था। इसी तिराहे पर टेमा गांव के अल्ताफ उर्फ मोनू पुत्र अलीमुद्दीन ने पहले से ही होटल खोल रखा था। वादी ने दुकान के सामने से होटल को हटाने की बात कही तो इन लोगों ने जमकर मारपीट की। जिसमें काफी चोटे आईं। पीड़ित की तहरीर में कोतवाली पुलिस ने मुमताज अहमद पुत्र मकबूल अहमद, अल्ताफ उर्फ मोनू पुत्र अलीमुद्दीन समेत अन्य लोगों पर केस दर्ज किया। इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




धनघटा थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार में पैदल मार्च कर सुरक्षा का भरोसा जताते सीआईएसएफ, पुलिस के जवान व प्रशासन के लोग। • हिन्दुस्तान

# हैंसर बाजार में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

धनघटा। लोकसभा चुनाव व होली पर्व के मद्देनजर पुलिस व प्रशासन के लोगों ने आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए गुरुवार को धनघटा थाना क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया। थाना क्षेत्र के बड़गो, मुंडेरा शुक्ला, घोरांग, हैंसर बाजार, पतिजीव आदि चौराहों पर पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स ने एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तवके नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# युवक को दबंगों ने पीटा, पुलिस ने दर्ज किया केस

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के महदेवा गांव के रहने वाले रंजीत कुमार पुत्र निनकू के तामेश्वरनाथ मेले में दबंगोन ने पीट दिया। पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपने परिवार के साथ तामेश्वरनाथ मेला देखने आए थे। पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोग जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे। इस बात का जब मैंने विरोध किया तो उन लोगों ने लाठी-डंडा से मारपीट कर अधमरा कर दिया।

# युवती को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के मगहर कस्बा के एक मोहल्ले के एक व्यक्ति ने उसी कस्बे के दो युवकों पर भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस पीड़ित की तहरीर में मुकदमा दर्ज कर जांचकर रही है। पीड़ित ने तहरीर में बताया है कि मेरी बेटी बीते 7 ता. से गायब है। उसने गोरखपुर के दो युवको पर आरोपल लगाया है। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि कस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि की सजा

संतकबीरनगर। अपराध स्वीकार करने पर गोवध के एक आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार एकादश की कोर्ट ने जेल में बिताई गई अवधि और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी सूर्यदेव पर सजा के अतिरिक्त दस हजार पचास रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है।

# आम्बेडकर प्रतिमा मामले ने तूल पकड़ा, हुई बैठक

मगहर, हिन्दुस्तान संवाद। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत ग्राम रसूलाबाद में काली मंदिर परिसर में बिना अनुमति लिए डा.आम्बेडकर की प्रतिमा के स्थापित करने से के मामले को प्रशासन ने संज्ञान में लिया है। गुरुवार को एसडीएम सदर शैलेश दूबे के नेतृत्व में राजस्व एवं प्रशासनिक टीम पुलिस चौकी पर पहुंची। जहां पर ग्राम प्रधान सहित गांव के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक हुई। इस दौरान एसडीएम ने डा. आम्बेडकर की प्रतिमा तत्काल हटाने का निर्देश दिया।

ग्राम रसूलाबाद में दलित बस्ती के निकट खलिहान की भूमि में प्राचीन काली मंदिर स्थापित है। उसी परिसर में गांव के दलित बस्ती के लोगों द्वारा डा. आम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई। इसे लेकर लोगों में चर्चाए होने लगी। इस मामले को प्रशासन ने गम्भीरता से लिया। जिला प्रशासन के निर्देश पर गुरुवार को एसडीएम सदर शैलेश दूबे के नेतृत्व में तहसीलदार सदर जनार्दन मौर्या, नायब तहसीलदार राजेश मिश्रा व राजस्व की टीम के साथ कोतवाली निरीक्षक अपने हमराहियों के साथ मगहर चौकी पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने ग्राम प्रधान पति अनिल यादव के अलावा गांव के दलित बस्ती के लोगों सहित ग्रामीण को बुलवाया।

## बोले एसडीएम सदर

मगहर। ग्राम पंचायत रसूलाबाद में खलिहान की भूमि पर बिना अनुमति के डा. आम्बेडकर की मूर्ति लगाने के विवाद की जांच करने के लिए मगहर चौकी पर पहुंचे। जहां पर दो पक्षों को बुलाया और जानकारी हासिल की। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों को स्पष्ट रूप से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते कहा कि किसी भी सार्वजनिक स्थान पर बिना अनुमति के कोई निर्माण अथवा प्रतिमा को स्थापित नहीं किया जा सकता है।

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2024

## पानी के विवाद में युवती को पीटा, केस

वजीरगंज। थाना क्षेत्र की नीरज निवासिनी ग्राम पंचायत करनीपुर के मजरा रामापुरवा ने गांव के ही चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि गांव के राजकुमार, दुर्गा देवी, आरती व राधा ने पानी गिरने के विवाद को लेकर पीड़िता की पिटाई कर दी। एसओ ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सड़क हादसे में प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष जख्मी

रुपईडीह। पूर्व प्रधान संघ के अध्यक्ष कौशल तिवारी निवासी फरेंदा शुक्ल गुरुवार को घर से आर्यनगर बाजार आते समय गांव के पास सड़क पर अनियंत्रित होकर गिर गए। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। परिजनों ने उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया।

## घर से निकला किशोर लापता, मुकदमा दर्ज

गोण्डा। कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन हाउसिंग कालोनी निवासी नागेंद्र प्रसाद का 17 वर्षीय पुत्र यश कुमार सोमवार शाम घर से निकला और नहीं लौटा। परिजनों ने दोस्तों व रिश्तेदारों में खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। मां किशमती ने पुत्र के लापता होने के संबंध में तहरीर दी। आरोप है कोई उनके पुत्र को बहलाकर भगा ले गया। नगर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## ससुर-बहू को पीटा, 20 दिन बाद केस दर्ज

परसपुर। ग्राम राजापुर के उजागर पुरवा निवासिनी माया पासवान ने गांव के चार लोगों पर एकराय होकर टीनशेड में चाय बनाते समय धमकी व अपशब्द कहते हुए पिटाई का आरोप लगाया है। बचाव में आए ससुर नकछेद भी घायल हुए है। इस दौरान सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ है। इंस्पेक्टर ने बताया कि गांव के कमलेश सिंह, विपिन सिंह, अनिल सिंह को नामजद करते हुए केस दर्ज हुआ है।

# किशोरी के अपहरण में युवक पर मुकदमा

परसपुर। थानाक्षेत्र के एक गांव से सत्रह वर्षीय किशोरी को अगवा किए जाने के प्रकरण में पुलिस ने उसके भाई की तहरीर पर कोतवाली करनैलगंज के जोगिन पुरवा निवासी प्रदीप गुप्ता पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में 16.89 अरब की 422 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

# गोली चलवाने वाले भी जय श्रीराम बोल रहे: योगी

**संबोधन**

गोंडा, हिन्दुस्तान टीम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को पूरे चुनावी मोड में नजर आए। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर हमला बोला और एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की आवाज बुलंद की। कहा कि राम का नाम लेने पर डंडा बरसवाने व गोली चलवाने वाले लोग भी अब जय श्रीराम बोल रहे हैं। अब रामभक्तों पर गोली नहीं बल्कि पुष्पवर्षा हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टामसन कॉलेज मैदान में आयोजित समारोह में 16.89 अरब की 422 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। साथ ही मिश्रौलिया ओवरब्रिज, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का भी उद्घाटन किया। सीएम ने मेडिकल कॉलेज का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देवी बख्श सिंह के करने की घोषणा की। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चाबी, चेक, प्रमाण पत्र आदि वितरित किए। उन्होंने गोण्डा के लोगों को होली से पहले 17 सौ करोड़ की विकास परियोजनाओं के लिए बधाई भी दी। कहा कि देश बदल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या की अयोध्या के विकास का सर्वाधिक लाभ गोण्डा को मिल रहा है। गोण्डा अयोध्या से सीधे फोरलेन से जुड़ रहा है। वहीं 84 कोसी परिक्रमा मार्ग भी आठ हजार करोड़ रुपये से बन रहा है, यह मार्ग गोण्डा के कई इलाकों से होकर गुजरेगा। श्रावस्ती भी अब वायुसेवा से जुड़ गया है।



टामसन कॉलेज में गुरुवार को आयोजित समारोह में सीएम का संबोधन सुनते लोग।





टामसन कॉलेज में आयोजित समारोह को संबोधित सीएम योगी आदित्यनाथ।

- डबल इंजन की सरकार में आस्था के साथ बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित
- संग्राम सेनानी देवी बख्श सिंह के नाम पर होगा स्वशासी मेडिकल कॉलेज

## विकसित राष्ट्र की परिकल्पना दोहराई

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत की बात कर रहे हैं। विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश व विकसित गोण्डा होना जरूरी है, इसलिए ही गोण्डा में मेडिकल कॉलेज व कई वर्षों से लंबित सरयू परियोजना को पूरा किया गया है। आतंकवाद, नक्सलवाद से छुटकारा मिलने के साथ देश के अंदर व बाहर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है।

## राम मंदिर के जिक्र पर लगे जय श्रीराम के नारे

सीएम ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुद्दा उठाकर पूरा माहौल ही गर्म कर दिया। डबल इंजन की सरकार से ही अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संभव हुई है। राम मंदिर दर्शन के लिए आने वाले लोगों से हाथ भी उठवाया। मंदिर का जिक्र होते ही पूरा पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। आज रामभक्तों पर गोली नहीं, पुष्पवर्षा हो रही है। श्रीरामलला विराजमान कार्यक्रम को पीएम बढ़ाकर पांच सदी का इंतजार समाप्त कर रहे थे तब हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा हो रही थी।

सीएम ने कहा कि आपके वोट ने देश की तकदीर बदल दी है। बिना नाम लिए सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि इससे पहले जिनको आप वोट देते थे, वह आपकी आस्था पर प्रहार करते थे। नौजवानों, किसानों की खुशियां छीनने का काम करते थे। गरीब और बेटियां असुरक्षित थीं लेकिन अब आपके वोट सबकुछ बदल दिया है। डबल इंजन की सरकार है तो आस्था का सम्मान है।

**महाराजा देवी बख्श सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज का नामकरण :** सीएम ने नव निर्मित मेडिकल कॉलेज का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाराजा देवी बख्श सिंह के नाम पर करने का ऐलान किया। घोषणा की कि मेडिकल कॉलेज में 1857 का इतिहास लिखा जाएगा और कालेज में राजा देवी बख्श की प्रतिमा भी लगाई जाएगी। कहा कि भाजपा देश की महान विभूतियों को लगातार सम्मान देने का काम कर रही है। कार्यक्रम में सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, विधायक बावन सिंह, रमापति शास्त्री, प्रतीक भूषण सिंह, प्रेमनारायन पांडेय, प्रभात वर्मा, विनय कुमार द्विवेदी, अजय सिंह, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह मंजू व जिला अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण, जिलाध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी एपी सिंह, डीएम नेहा शर्मा, एसपी विनीत जायसवाल, सीडीओ एम. अरुन्मौलि, एडीएम चंद्रशेखर, एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत, एएसपी पश्चिम राधेश्याम राय समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।



शहर में गुरुवार को टामसन कॉलेज के गेट पर लगी महिलाओं की भीड़।



# मेटल डिटेक्टर लगाकर हुई चेकिंग

गोंडा। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद रही। टामसन मैदान के गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाकर चेकिंग की जा रही थी। कार्यक्रम स्थल तक आने-जाने वाले लोगों की सघन चेकिंग भी की जा रही थी। कार्यक्रम में दो कंपनी पीएसी, तीन एएसपी, छह सीओ और 12 थाना प्रभारी सहित दो कंपनी केंद्रीय सशत्र बल की सुरक्षा में लगाई गई थी।

# 55 सिपाहियों की तैनाती में फेरबदल

झंझरी (गोंडा)। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने 55 सिपाहियों की तैनाती में फेरबदल किया है। इसमें पुलिस लाइन के 38 सिपाहियों को थाने में तैनाती दी गई है। कुल 55 का स्थानांतरण किया गया है। (संवाद)

# विवाहिता की हत्या कर शव घाघरा नदी में फेंका, जांच

- गोताखोरों की मदद से नौ घंटे बाद नदी से बरामद हुआ शव
- आधा दर्जन ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का केस

परसपुर, संवाददाता। थानाक्षेत्र के ग्राम बहुवन मदार मांझा पूरे रामपाल पुरवा में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता कोमल सिंह की नृशंस हत्या कर उसकी लाश को घर से तकरीबन चार किमी दूरी पर बह रही घाघरा नदी के गहरे पानी में फेंक दिया। ससुरालवालों ने मायके में बड़ी बहन को मंगलवार को उसके गायब होने की सूचना दी थी। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने जब छानबीन शुरू की तो मामले में नया मोड़ आया। गुरुवार की सुबह छह बजे एक दर्जन गोताखोरों को जाल के साथ नदी में लगाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने नौ घंटे बाद नवविवाहिता का शव नदी से बरामद कर लिया। विवाहिता का आठ माह का अविरल नाम का बेटा है, जो घर पर है।

बुधवार को पिता की ओर से पुलिस ने पहले उसके गायब होने की सूचना और बाद में गुरुवार को पति समेत आधा दर्जन ससुरालियों के विरुद्ध दहेज हत्या, साक्ष्य छुपाने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ है। थाना तरबगंज के ग्राम रांगी निवासी कौशल किशोर सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसने अपने बेटी की शादी दो वर्ष पूर परसपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बहुवन के पूरे रामपाल निवासी हरिकेश सिंह के साथ की थी। इसके बाद पति व ससुरालवालों ने दहेज की मांग को लेकर उसके बेटी को प्रताड़ित करते रहे। बेटी ने जब प्रताड़ना की बात मयके जाकर बताई तो उसे समझा बुझाकर घर भेज दिया। इसके बाद भी ससुरालीजन मांग पर आडिग रहे।

# मुख्यमंत्री योगी ने गोंडा के लिए खोला खजाना

## 1689.45 करोड़ की 422 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

**291**

विकास कार्यों का किया लोकार्पण और 131 परियोजनाओं की रखी आधारशिला, आमजन के लिए खोला गया मिश्रौलिया फ्लाईओवर

संवाद न्यूज न्यूज

**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को जिले में 1689.45 करोड़ रुपये की 422 परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाई। यातायात सुगमता के लिए 68 सड़कों व छह फ्लाईओवर का शिलान्यास किया। राजकीय मेडिकल कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र समेत अन्य परियोजनाओं की सौगात दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1158.13 करोड़ के 291 प्रोजेक्ट का लोकार्पण और 531.32 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। 472 करोड़ की लागत से तैयार 130 सड़कों का लोकार्पण किया। 1.12 करोड़ की लागत से बनाए गए मिश्रौलिया फ्लाईओवर को भी आमजन के लिए खोल दिया गया। जलजीवन मिशन के तहत 251 करोड़ की लागत से तैयार 75 परियोजनाएं लोगों को सौंप दी गईं। 35 करोड़ की लागत से सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग की आठ परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

सीएम ने राजकीय विद्यालयों के अलावा 1.09 करोड़ की लागत से संवारे गए बेलसर के मां बाराही और तरबगंज के महर्षि यमदग्नि आश्रम जमथा समेत तीन मंदिरों के विकास को गति दी। नगर क्षेत्र को पेयजल की सुविधा देने के लिए सीएम ने 74.22 करोड़ की पुनर्गठन योजनाओं को शिलान्यास किया। पंचायती राज की 38 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। तरबगंज व मनकापुर तहसीलों में 79.97 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार कराए गए भवनों का लोकार्पण किया।

- **130 सड़क मार्गों का लोकार्पण, 68 की आधारशिला रखी : सीएम योगी ने 472** करोड़ की लागत से तैयार 130 सड़क मार्गों का लोकार्पण किया। इससे करीब 43 लाख आबादी को आवागमन में सहूलियत होगी। इसके अलावा 31 करोड़ की लागत से 68 सड़क निर्माण के लिए आधारशिला रखी। छह छोटे-बड़े सेतुओं के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।



स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सहयोग राशि का चेक सौंपते सीएम योगी आदित्यनाथ। स्रोत: सूचना विभाग

## मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान पाकर चहक उठे लाभार्थी

मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मान पाकर महिलाओं समेत अन्य लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सीएम ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत राधा कश्यप व सुनीता कश्यप को प्रमाणपत्र दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत साफिया बानो को घर की चाबी दी गई। प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत वंदना यादव को डेमो चेक दिया तथा मैकेनाइजेशन योजना के तहत राम मनोहर मौर्य, अंकिता सिंह व साधना सिंह को चाबी दी गई। डूडा के परियोजना अधिकारी संजय मिश्रा, शहर मिशन प्रबंधक अंशिका श्रीवास्तव, रोहित जायसवाल, कमरान खालिद सहित अन्य मौजूद रहे।

### अबकी बार 400 पार के लहराए पोस्टर




टॉमसन स्कूल में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान कुछ युवा हाथों में पोस्टर लेकर पहुंचे थे। पोस्टर में अबकी बार 400 पार लिखा हुआ था। पूरे जोश के साथ दोनों हाथों को उठाकर लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भी भाजपा की बहुमत से सरकार बनाने का दावा कर एक बार फिर मोदी सरकार के नारे का उदघोष किया।

### निर्माण के बाद जनता को सौंपा

▪ मिश्रौलिया फ्लाईओवर ▪ स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ▪ महर्षि यमदग्नि आश्रम जमथा ▪ चंद्रेश्वरनाथ मंदिर चंदापुर ▪ मां बाराही भवानी मंदिर बेलसर ▪ ट्रांजिट हास्टल एटीएस सकरौरा ▪ डॉ. राममनोहर लोहिया पार्क सैदनपुर ▪ जिला कारागार के छह आवास ▪ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हड़ियागाढ़ा ▪ पशु चिकित्सालय सदर में पॉलीक्लीनिक ▪ केजीबीवी शैक्षणिक भवन झंझरी व कटरा बाजार ▪ मैहनौन, गोंडा, करनैलगंज, कटरा बाजार, मनकापुर तरबगंज, गौरा में 75 पानी टंकी ▪ घाघरा नदी पर एल्गिन ब्रिज-चरसड़ी तटबंध ▪ सकरौर-भिखारीपुर रिंग तटबंध ▪ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हिंदूनगर खास, हथियागाढ़ा, मलौना ▪ पांच अंत्येष्टि स्थल, सात पंचायत भवन, दो बायोगैस प्लांट, प्लास्टिक प्रबंधन केंद्र ▪ रेलवे कॉलोनी तालाब का सौंदर्यीकरण।

### इन परियोजनाओं की रखी आधारशिला

▪ मनवर नदी पर लघु सेतु ▪ गोंडा-बाराबंकी रेल सेक्शन क्रॉसिंग-263 पर टूलेन फ्लाईओवर ▪ सोनी गुमटी फ्लाईओवर ▪ पशुचिकित्सालय बभनजोत, पिपारी, रमापुर, रुपईडीह, सिधौती में आनावसीय भवन ▪ गोंडा जिला जेल में छह आवास ▪ विशम्भरपुर में ट्रांजिट हास्टल ▪ नगर पंचायत परसपुर, कटरा, खरगूपुर, मनकापुर और नवाबगंज पेयजल में पुनर्गठन योजना ▪ चरसरी तटबंध, सकरौर-भिखारीपुर रिंग पर रिवेटमेंट निर्माण ▪ सात पंचायतों में अंत्येष्टि स्थल, दो पंचायत भवन, चार कूड़ा प्रबंधन केंद्र।

# योगी का बृजभूषण से गुरेज, प्रतीक की तारीफ

## मंच से बृजभूषण शरण सिंह का नाम गायब, उठे विरोध के स्वर, कैसरगंज सांसद का यूं बैनर से गायब होना, नई बहस का मौका दे गया

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। परियोजनाओं की सौगात और सियासी समर का आगाज करने बृहस्पतिवार को गोंडा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अंदाज जुदा और सधा दिखा। कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह से उन्होंने दूरी बनाते हुए ''जीरो टॉलरेंस'' का राजनीतिक संदेश दिया। इससे इतर बृजभूषण के सियासी वारिस उनके पुत्र सदर विधायक प्रतीक भूषण की तारीफ की। कहा-2017 के पहले गोंडा की स्थिति क्या थी। 2015-16 का सर्वे आया था तो गोंडा सबसे गंदा शहर था, तब मैंने प्रतीक भूषण से कहा था कि जनता ने आशीर्वाद दिया है, विधायक बने हैं तो गोंडा को स्वच्छ शहर के रूप में स्थापित करो। उन्होंने प्रयास किया, आज गोंडा स्वच्छ हो गया। सीएम के इस संदेश के भी सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। वहीं, समर्थकों ने मंच और पोस्टर से बृजभूषण का नाम गायब होने को साजिश तक बता डाला।

बृहस्पतिवार दोपहर बाद अयोध्या से हवाई उड़ान भरने के बाद गोंडा पहुंचे सीएम योगी ने हेलीकॉप्टर से उतरकर सीधे मंच का रुख किया। हेलीपैड पर अफसरों और जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। मंच पर पहुंचने के बाद योगी ने अपने सधे अंदाज में ''टू-द-प्वॉइंट'' बात रखी। बोले कि यहां के जनप्रतिनिधि विकास के लिए बात करने आते हैं। यह लोग मुझे घर का व्यक्ति मानते हैं और गोंडा के विकास के लिए झगड़ा करते हैं। गोंडा और देवीपाटन कमिश्नरी में विकास कार्यों में पैसे की कमी नहीं होने दी जाएगी।



जनसभा में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जनप्रतिनिधि। स्रोत: सूचना विभाग

### फोरलेन से जुड़ेगी रामनगरी, 8000 करोड़ से चमकेगा परिक्रमा मार्ग

सीएम ने कहा कि गोंडा को अयोध्या का पड़ोसी होने का बड़ा लाभ मिलेगा। अयोध्या से गोंडा बहराइच व बलरामपुर व श्रावस्ती को फोरलेन सड़क से जोड़ा जाएगा। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के विकास कार्य में 8000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका बड़ा हिस्सा गोंडा से होते हुए गुजरता है। सीएम ने कहा कि गोंडा को जनप्रतिनिधियों को विकास कार्य के लिए जितने भी बजट की जरूरत होगी, डबल इंजन की सरकार उन्हें देगी। विकास कार्य में पैसे की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। यहां के विधायक मुझसे घर के परिवार की तरह झगड़ा कर बजट मांग सकते हैं। सीएम ने एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए वोट करने की अपील की।

### मंच पर ये रहे मौजूद

मंच पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री, विधायक प्रेमनरायन पांडेय, प्रभात वर्मा, प्रतीक भूषण सिंह, विनय द्विवेदी, बावन सिंह, अजय सिंह, एमएलसी अवधेश सिंह मंजू, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष रमाकांत तिवारी, सूर्यनारायण तिवारी, मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी एपी सिंह, डीएम नेहा शर्मा, सीडीओ एम. अरुन्मोली, एसपी विनीत जायसवाल।

### चाक-चौबंद रही व्यवस्था

सीएम दौरे को लेकर जिले के अस्पतालों में व्यवस्थाएं बदली नजर आईं। मेडिकल कॉलेज की प्रत्येक ओपीडी में विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ तीन-तीन जूनियर रेजीडेंट सहयोग के लिए लगाए गए थे। जनसभा में दो एंबुलेंस के साथ 14 चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी तैनात रहे।

### विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित गोंडा जरूरी

- सीएम ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश आवश्यक है। विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित गोंडा जरूरी है। विकसित भारत के लिए गोंडा में 1700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं लाई गई है। वनटांगिया समुदाय को आजादी के बाद पहली बार न्याय मिला है। 40 साल से लंबित सरयू नगर परियोजना को पूरा करने का काम हुआ है। श्रावस्ती जैसे छोटे जिले को हवाई अड्डा की सौगात दी गई है। अयोध्या से अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन चुका है। डबल इंजन की सरकार युवाओं को नौकरी दे रही है। सीएम ने कहा कि अभी गोंडा आने के पहले हमने 100 युवाओं को डिप्टी एसपी व डिप्टी कलेक्टर का नियुक्ति पत्र सौंपा है। सरकार युवाओं को संवेदनशील तरीके से नौकरी दे रही है। गरीबों को छत मिल रहा। महिलाएं सशक्त हो रही। देश का सबसे गंदा शहर आज चमक रहा है।

# कोर्ट के आदेश पर पांच पर केस

वजीरगंज। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के चंदहा निवासी आशीष सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें बताया था कि तीन जनवरी को ग्रामवासी रामनारायन, रमेश सिंह, देवबक्स सिंह, ऋषि सिंह व ऋषभ सिंह उसकी जमीन पर नींव खोद रहे थे। विरोध पर मारा-पीटा तथा धमकी दी। सूचना थाने पर दी तो थानाध्यक्ष ने उसका ही चालान कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही का केस

तरबगंज (गोंडा)। सेझिया गांव के पास बुधवार सुबह पीछे से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार अभिषेक मिश्रा को टक्कर मार दी। इसमें अभिषेक का एक पैर फैक्चर हो गया था। मामले में पीड़ित के रिश्तेदार गोपीपुर निवासी विनय पांडेय ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही का केस दर्ज कराया है। (संवाद)

# चालक पर लापरवाही का मुकदमा

वजीरगंज (गोंडा)। गोंडा-अयोध्या हाईवे पर सड़क हादसे में जख्मी ईश्वरचंद मिश्र (40) के बेटे अमित मिश्र ने आरोपी स्कॉर्पियो चालक पर लापरवाही का केस दर्ज कराया है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर कटरा निवासी अमित मिश्र ने बताया कि 28 फरवरी की शाम पिता ईश्वरचंद बाइक से बाजार जा रहे थे। वकीलकुआं मोड़ के पास सामने से स्कॉर्पियो गाड़ी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। लखनऊ में उनका इलाज चल रहा है। (संवाद)

# किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

परसपुर (गोंडा)। थाना क्षेत्र परसपुर निवासी एक व्यक्ति ने 17 वर्षीय बहन के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब आठ बजे उसकी बहन का आरोपी युवक ने अपहरण कर लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि कोतवाली करनैलगंज ग्राम जोगिन पुरवा निवासी प्रदीप गुप्ता पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2024

# देवीपाटन में बैठक कर जरूरी निर्देश दिए

बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम पांच बजे शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर पहुंचे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व अफसरों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। योगी शक्तिपीठ पर रात्रि विश्राम करने के बाद सुबह कोयलरा गांव में पहुंचेगे और मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय के शिलान्यास समेत 1500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

# योगी आज जिले को देंगे 1500 करोड़ की सौगात

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कोयलरा गांव में मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय का करेंगे शिलान्यास

**सीएम का दौरा**

बलरामपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार सुबह दस बजे सदर विकास खंड के कोयलरा गांव में मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान जहां एक ओर मुख्यमंत्री जिले में 1500 करोड़ की लागत की योजनाओं की सौगात देंगे। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री पड़ोसी जनपद श्रावस्ती के भी तमाम परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर सकते हैं। सीएम योगी बलरामपुर में 451 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार को भी डीएम व एसपी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिलान्यास स्थल पर तैयारियों पर जायजा लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम पांच बजे के करीब जिले में पहुंच गए। सीएम शक्तिपीठ पर रात्रि विश्राम करने के बाद आज सुबह जिला मुख्यालय से सटे कोयलरा गांव में पहुंचेंगे। सुबह दस बजे सीएम योगी मां पाटेश्वरी राजकीय विवि का शिलान्यास करेंगे। यहीं से वह करीब 1500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

इसके साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम योगी पड़ोसी जनपद श्रावस्ती के लिए भी विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। शिलान्यास स्थल पर ही आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री सम्बोधित करेंगे।



मां पाटेश्वरी राजकीय विवि शिलान्यास स्थल का जायजा लेते डीएम व एसपी।

- 451 परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण, तैयारियां पूरी
- अभेद्य होगी शिलान्यास स्थल की सुरक्षा, भारत सीमा पर भी बढ़ी सुरक्षा

कोयलरा गांव में सीएम योगी का एक घंटे का कार्यक्रम होगा। यहां से वे सिद्धार्थनगर के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिलाधिकारी अरविंद सिंह, एसपी केशव कुमार लगातार तैयारियों में अधिकारियों के साथ जुटे हुए हैं। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि शिलान्यास की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**नगर से पांच हजार लोग शिलान्यास कार्यक्रम में होंगे शामिल:** जहां एक ओर विश्वविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों के लोग शामिल होंगे। वहीं दूसरी ओर बलरामपुर नगर क्षेत्र से करीब पांच हजार लोगों को कार्यक्रम में शामिल कराने का लक्ष्य नगर पालिका परिषद ने तय किया है। नपाप अध्यक्ष धीरू सिंह ने इसे लेकर एक बैठक आयोजित की।

**भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए बनाया गया पार्किंग स्थल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर शिलान्यास स्थल पर पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। चार पहिया व दो पहिया वाहनों को शिलान्यास स्थल से करीब 500 मीटर दूर पर ही रोक दिया जाएगा ताकि जाम न लग पाये। एसपी केशव कुमार ने बताया कि तीन अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। एक पार्किंग स्थल सामान्य लोगों के लिए है। दूसरा पार्किंग स्थल वीआईपी लोगों के लिए एवं तीसरा मीडिया कर्मियों के लिए होगा, जहां पर वे अपना वाहन खड़ा कर सकेंगे।

# शक्ति की आराधना कर शुरू किया काम

बलरामपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम पांच बजे के करीब शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर पहुंचे। इस दौरान मंदिर का कपाट बंद था। इस दौरान सीएम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

सीएम योगी जब शाम पांच बजे के करीब मंदिर पहुंचे तो पाटेश्वरी देवी का कपाट बंद था। लोगों ने उनका स्वागत किया। सीएम ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में जिले की कानून व्यवस्था और चुनाव को लेकर वार्ता की। मुख्यमंत्री की बैठक में एडीजी जोन गोरखपुर, कमिश्नर देवीपाटन मंडल, डीआईजी, डीएम अरविंद सिंह, एसपी केशव कुमार आदि शामिल थे। बैठक के दौरान सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर वर्ग के विकास का प्रयास कर रही है। ऐसे में सभी का दायित्व बनता है कि सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए।



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर देर शाम पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ।

इसमें किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारियों का भी जायजा लिया। सीएम योगी ने पार्टी के पदाधिकारियों को जीत का मंत्र दिया। इसके लिए जो जहां पर है और जिसकी जहां पर भूमिका है वह पूरी तरह से उसका निर्वहन करे। बैठक में सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

**सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम :** मुख्यमंत्री जिस शिलान्यास कार्यक्रम में आज भाग लेंगे वहां पर सुरक्षा का चाक चौबंद इंतजाम किया गया। एसपी केशव कुमार ने बताया कि शिलान्यास स्थल पर पांच अपर पुलिस अधीक्षक, 12 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 30 इंस्पेक्टर, 150 सब इंस्पेक्टर, 700 हेड कांस्टेबल को लगाया गया है। एसपी ने बताया कि इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर दो कंपनी पीएसी व एक कंपनी सीआईएसएफ की तैनात की गई है। कार्यक्रम में कोई दखल न देने पाए इसके लिए अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

**भारत नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार शाम बलरामपुर पहुंच गए थे। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम किया। इसके दृष्टिगत रखते हुए भारत नेपाल सीमा पर विशेष चौकसी बरती गई। कई इलाकों में एसएसबी एवं पुलिस ने संयुक्त रूप से सघन तलाशी अभियान चलाया। सीमा पार से आने जाने वालों लोगों से कड़ी पूछताछ की गई। एसएसबी ने श्वान दस्ते के सहयोग से गाड़ियों की भी चेकिंग कराई। बम स्क्वाड दस्ते को भी सक्रिय किया गया है।

# चुनाव व्यवस्था के लिए पुलिस सख्त

श्रीदत्तगंज। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सभी एहतियाती कदम उठाना शुरू कर दिया है। उतरौला तहसील क्षेत्र के पांच थाना पुलिस ने 3287 लोगों के खिलाफ चालानी रिपोर्ट एसडीएम उतरौला न्यायालय पर दी है। तहसील उतरौला के थाना श्रीदत्तगंज, कोतवाली उतरौला, थाना रेहरा बाजार, थाना गैडास बुजुर्ग आदि ने शान्ति भंग की आंशका जाहिर की है।

# जाम से निजात दिलाने की मांग

उतरौला। नगर में जाम को लेकर नगरवासी राजू, कल्लू, इदरीश, राजकुमार, मनीष व फिरोज ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर निजात की मांग की।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरैया सतघरवा। थाना प्रभारी निरीक्षक गोविन्द कुमार ने बताया कि गुरुवार दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। कहा कि वांछित अभियुक्त सोनू कुरैशी पुत्र नियाज अहमद उर्फ चीनी निवासी महराजगंज तराई को महमूदनगर मस्जिद के पास से उप निरीक्षक बदरुद्दीन खां तथा कांस्टेबल हरिनाम ने गिरफ्तार किया है।

# उपभोक्ता जानें अधिकार...ठगी होने पर तत्काल पहुंचें फोरम के द्वार

**उपभोक्ता अधिकार दिवस**

**जासं, बलरामपुर:** ठगी व बेईमानी के शिकार उपभोक्ता मन मसोसने के बजाय अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। धोखेबाजों को सबक सिखाने के लिए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष न्यायालय एक बड़ा सहारा है। बीमा कंपनी हो या कोई निजी फर्म, वादे के मुताबिक उपभोक्ताओं को लाभ न मिलने पर न्यायालय की शरण ले सकते हैं।

साथ ही उपभोग की जाने वाली वस्तुओं, उत्पादों व योजनाओं की कीमत एवं गुणवत्ता की जानकारी के लिए जन सूचना अधिकार को हथियार बना सकते हैं। अब तक कई उपभोक्ता यहां वाद दायर कर लाखों रुपये प्रतितोष प्राप्त कर चुके हैं।

**ऐसे मिल रहा उपभोक्ताओं को न्याय:** नगर के सूर्या होटल के प्रोपराइटर ब्रह्मानंद सिंह ने वर्ष 2019 में मेसर्स ईजी सोलर सोल्यूशन प्रा. लि. कार्यालय मोहंती 2-33 विपुलखंड गोमतीनगर लखनऊ व कंपनी के रजि. आफिस एंड वर्क्स प्लाट नंबर 27 आइवीएस इंडस्ट्रियल एरिया दिल्ली मेरठ गाजियाबाद से सात लाख 75 हजार में 10 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगवाया था। कंपनी ने एक-एक किलोवाट के 30 सोलर पैनल लगाए। इसमें 10 बैट्री, इन्वर्टर स्टैंड व अन्य सामान लगाए थे। पैनल की वारंटी 20 साल व बैट्री व इन्वर्टर की वारंटी पांच साल की बताई थी। ढाई माह में ही बैट्री व इन्वर्टर खराब हो गया। कंपनी को कई बार सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्य नहीं किया। 17 हजार खर्च कर स्वयं मरम्मत कराई। पीड़ित ने फोरम का दरवाजा खटखटाया। आयोग अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने खराब बैट्रियों आदि उपकरणों को वापस लेकर दो माह के अंदर नए लगाने का आदेश दिया। ऐसा न करने की स्थिति में विपक्षीगण को परिवादी को दो लाख रुपये अदा करने की बात कही। इसी तरह अमित प्रीतम सिंघी बनाम इफ्को टोक्यो का परिवाद करीब साढ़े चार साल तक चला। इसमें वादी को 17 लाख 85 हजार रुपये प्रतितोष मिला। राघवेंद्र प्रताप सिंह बनाम डाक विभाग का परिवाद साढ़े तीन वर्ष तक चला। इसमें वादी राघवेंद्र प्रताप सिंह निवासी रानीजोत देवरिया को 13 लाख 32 हजार रुपये प्रतितोष प्राप्त हुए। मोहम्मद रईस व फ्यूचर जनराली का चार वर्ष चला परिवाद 3.5 लाख रुपये में समाप्त हुआ। इसी तरह 130 से अधिक परिवादों का निस्तारण हो चुका है।

**50 लाख से अधिक मिल चुका प्रतितोष:** अधिवक्ता पवन कुमार आचार्य का कहना है कि अक्सर उपभोक्ता ठगी का शिकार होने के बाद घर बैठ जाते हैं। उपभोक्ता विवाद प्रतितोष न्यायालय में दर्ज किए गए वादों की सुनवाई लोक अदालत में भी होती है। अब तक यहां प्रस्तुत वादों में उपभोक्ताओं को 50 लाख रुपये से अधिक का प्रतितोष दिलाया जा चुका है।




उपभोक्ता विवाद प्रतितोष कार्यालय • जागरण

**पीड़ित उपभोक्ता यहां करें शिकायत**

सदर विकास खंड कार्यालय के पीछे जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का कार्यालय स्थित है। यहां अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, सामान्य सदस्य राघवेंद्र विक्रम सिंह व महिला सदस्य सुनीता तिवारी की तैनाती है। अक्सर जानकारी के अभाव में लोग यहां तक नहीं पहुंच पाते हैं। अधिवक्ता व स्वयं उपस्थित होकर उपभोक्ता वाद दायर कर सकते हैं। साथ ही उपभोक्ता फोरम के शिकायत केंद्र 1800114000 पर सुबह साढ़े नौ से शाम साढ़े पांच बजे तक दर्ज करा सकता है। टोल फ्री नंबर 18001800300 पर शिकायत की जा सकती है।

# देवी के चरण पखार योगी करेंगे मां पाटेश्वरी विवि का भूमिपूजन

## तुलसीपुर में पुष्पवर्षा के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत, कोयलरा गांव में 451 परियोजनाओं का होगा शिलान्यास

**जासं, बलरामपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार शाम 4.30 बजे शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंच गए। मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल भवनियापुर से कार से मंदिर पहुंचे। हेलीपैड से मंदिर तक लोगों ने पुष्पवर्षा कर सीएम का स्वागत किया। सीएम सीधे आवासीय परिसर में चले गए। कुछ समय के बाद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

डीएम अरविंद सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। बैठक में एडीजी गोरखपुर जोन केएस प्रताप, मंडलायुक्त देवीपाटन योगेश्वर राम मिश्र, डीआइजी अमरेंद्र प्रताप सिंह, एसपी केशव कुमार, विधायक सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला रामप्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह व पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सौ. सूचना विभाग

कार्यक्रम स्थल पर हेलीपैड बनाया गया है। पंडाल में स्टेज के सामने कुर्सियां लगी हैं। शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री सभा को संबोधित करेंगे। तीन पार्किंग स्थल बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल से 500 मीटर पहले आमजन के वाहनों को खड़ा कराया जाएगा। इससे कुछ आगे वीआइपी व मीडिया के वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि सुरक्षा के बंदोबस्त किए गए हैं। पांच अपर पुलिस अधीक्षक, 12 सीओ, 30 इंस्पेक्टर, 150 सब इंस्पेक्टर, 700 हेड कांस्टेबल व दो कंपनी पीएसी के साथ एक कंपनी सीआइएसएफ तैनात की गई है।

**वार्डों में लगे ई-रिक्शे:** आदर्श नगर परिषद के अध्यक्ष डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने सभासदों संग बैठक कर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को सुनने के लिए अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे इसके लिए सभी वार्डों में ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में नगर से कम से कम पांच हजार लोगों को ले जाने का लक्ष्य है।

### 502.20 करोड़ की 240 परियोजनाओं का भी लोकार्पण, तैयारी पूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की तैयारी प्रशासन ने पूरी कर ली है। सदर ब्लाक के कोयलरा गांव में मुख्यमंत्री मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का भूमिपूजन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही 1488.89 करोड़ की 451 परियोजनाओं की सुविधा भी देंगे। इसमें 986.69 करोड़ रुपये की 211 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं 502.20 करोड़ की 240 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। श्रावस्ती की भी परियोजनाओं का यहीं से शुभारंभ करेंगे। वहीं, इस मौके पर आवास, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रतीकात्मक चेक भी दिया जाएगा। सीएम के कार्यक्रम को लेकर कोयलरा गांव को जाने वाली सड़क बनाई गई है।

# रानी लक्ष्मीबाई योजना का नहीं मिल रहा लाभ

## प्रोबेशन विभाग में क्षतिपूर्ति के 50 से अधिक आवेदन लंबित, थानों पर दम तोड़ रही फरियाद

**जागरण विशेष**

श्लोक मिश्र • बलरामपुर

दुष्कर्म पीड़िताओं के दर्द पर मरहम लगाने के लिए संचालित रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष योजना अफसरों की मनमानी की भेंट चढ़ गई है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के मामले पंजीकृत हैं। वहीं, जिला प्रोबेशन विभाग पीड़िताओं को योजना का लाभ नहीं दे पा रहा है। ईंट भट्ठा मजदूरों ने राज्यपाल को ज्ञापन भेज कर पीड़िताओं को योजना का लाभ दिलाने की मांग भी उठाई है। अब तक 50 से अधिक आवेदन लंबित हैं, जिनका निस्तारण नहीं हो रहा है।

**यह मामले हैं बानगी:** ललिया थाना में 20 अप्रैल 2020 में भट्ठा श्रमिक के परिवार के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। तीन वर्ष बीतने के बाद भी पीड़िता को रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष योजना से सहायता नहीं मिल सकी है। वहीं, हरैया थाना में दुष्कर्म का मुकदमा साधारण मामले में लिखकर रफा-दफा कर दिया गया। इसकी जानकारी पीड़िता को न्यायालय में पत्रावली आने के बाद हुई। इसी तरह देहात कोतवाली में गंभीर अपराध में मुकदमा तो दर्ज हुआ, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में पुलिस की संवेदनहीनता से पीड़िताओं का दर्द बढ़ता जा रहा है। इसी तरह 50 से अधिक मामलों में सहायता नहीं मिल सकी है।




धुसाह गांव में स्थित विकास भवन • जागरण आर्काइव

**यह है रानी लक्ष्मीबाई योजना:** इस योजना के अंतर्गत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं व बालिकाओं को तत्काल आर्थिक एवं चिकित्सीय सहायता, समुचित इलाज, तत्काल आर्थिक क्षतिपूर्ति की सुविधा प्रदान की जाती है। विभिन्न नौ धाराओं में अपराध पीड़ित महिलाओं को कोष के अंतर्गत सुविधाएं प्रदत्त की जाती हैं। इसमें धाराओं के अनुरूप एक से 10 लाख रुपये तक ही सहायता दी जाती है। बालिका व महिला की मृत्यु होने पर ही 10 लाख की क्षतिपूर्ति दी जाती है।

> 117 पीड़िताओं को योजना का लाभ मिल चुका है। धारा के अनुरूप क्षतिपूर्ति दी जाती है। हाल ही में आठ पीड़िताओं को योजना का लाभ दिलाया गया है।
>
> –सतीश चंद्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी

जिले की महत्वपूर्ण खबरें

www.jagran.com पर पढ़ें

# दुष्कर्म मामले में आरोपित को 10 वर्ष कठोर कारावास व 70 हजार अर्थदंड

**जासं, बलरामपुर:** अपर सत्र न्यायाधीश ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपित समीर उर्फ शादाब निवासी हासिमपारा उतरौला को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 70 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि उतरौला कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी की मां ने समीर शादाब पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए 28 जुलाई 2019 को थाना में तहरीर दी थी। आरोपित के विरुद्ध पाक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की विवेचना करते हुए उपनिरीक्षक सैय्यद खादिम सज्जान ने न्यायालय में आरोप पत्र भेजा। मानीटरिंग सेल प्रभारी सर्वेंद्र नाथ व विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार वर्मा की प्रभावी पैरवी से न्यायाधीश ने आरोपित को दोषसिद्ध ठहराते हुए 10 वर्ष कठोर कारवास व 70 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# डूबे इशहाक को खोजने में जुटी एसडीआरएफ

## फॉलोअप

**जासं, बलरामपुर:** सिसई गांव के पास राप्ती नदी में बुधवार को डूबे 13 वर्षीय इशहाक का पता नहीं लग सका है। पुलिस व स्थानीय गोताखोरों ने जाल लगाकर उसे खोजने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है। पिता शफीक व स्वजन का रो-रोकर हाल बेहाल है।

नगर कोतवाली पुलिस ने इशहाक का पता लगाने के लिए राज्य आपदा मोचन बल की टीम को बुलाया है। प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को नदी में नहाते समय इशहाक समेत पांच बच्चे डूबने लगे थे। ग्रामीणों की सक्रियता से चार को तो बाहर निकाल लिया गया था, लेकिन इशहाक गहरे पानी में चला गया। एसडीआरएफ की सहायता से तलाश की जा रही है।

# देवीपाटन पहुंचे सीएम, देंगे 1500 करोड़ की सौगात



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। -स्रोत : मंदिर प्रशासन

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार की शाम को देवीपाटन मंदिर पहुंचे। गोंडा के कार्यक्रम से हेलीकॉप्टर से तुलसीपुर पहुंचे, वहां लोगों ने उनका स्वागत किया। मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ ही अधिकारियों और पार्टी नेताओं से बात की। सीएम ने विकास कार्यों में जिले को सबसे आगे रखने की नसीहत दी।

उन्होंने वहां मौजूद लोगों से मुलाकात की। मंदिर में ही रात्रि विश्राम करने के बाद वह शुक्रवार की सुबह 10 बजे मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए कोयलरा गांव में भूमि पूजन करेंगे। करीब 1500 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें से 986.70 करोड़ की 210 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही 502.21 करोड़ की 256 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने अधिकारियों से इसकी समीक्षा की। शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं का कार्य समय से और गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया।

सीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखने, बिजली व्यवस्था बेहतर रखने की तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने देवीपाटन तीर्थ विकास के साथ ही सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग में इको- टूरिज्म को बढ़ावा देने की योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा, डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी अरविंद सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार से कई अहम बिंदुओं पर चर्चा किया।

### गोंडा से हेलीकॉप्टर से तुलसीपुर पहुंचे, पार्टी नेताओं व अफसरों के साथ की बैठक

## पार्टी नेताओं से मिले सीएम, दिया जीत का मंत्र

तुलसीपुर पहुंचे मुख्यमंत्री का भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। महंत मिथिलेश नाथ, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, श्रावस्ती लोकसभा प्रत्याशी एवं एमएलसी साकेत मिश्र, विधायक सदर पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु, राकेश सिंह, चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, डीपी सिंह बैस, जन्मेजय सिंह, श्याम मनोहर तिवारी आदि ने सीएम से भेंट की। मुख्यमंत्री ने जनता के बीच संवाद कायम करने पर जोर दिया। कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए यह चुनाव सबसे अहम है।

## बलरामपुर में शिलान्यास के लिए परियोजनाएं

- कोयलरा गांव में 50 एकड़ में 182 करोड़ से मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास
- 19 करोड़ से सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी के मुख्यालय की स्थापना
- 516 करोड़ से बनने वाले रिंग रोड़ का
- 13.35 करोड़ की लागत से बने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गैड़ासबुजुर्ग, गैसड़ी व बलरामपुर के एकेडमिक ब्लॉक व छात्रावास
- राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 330 के किलोमीटर 223 से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 के किलोमीटर 328 तक के मध्य 515.70 करोड़ की लागत की सड़क
- पूर्वांचल विकास निधि से 4.97 करोड़ से33 सड़कें, नाबार्ड योजना से 18.04 करोड़ से 12 सड़कें, 26.89 करोड़ से बुड़ंतापुर अहलादडीह नैकिनिया मार्ग
- 24.78 करोड़ से 59 संपर्क मार्ग, 9.49 करोड़ से बने विशेष मरम्मत के 48 संपर्क मार्ग, 10.86 करोड़ से बने राज्य सड़क निधि योजना से 15 विशेष मरम्मत कार्य

## परियोजनाओं का होगा लोकार्पण

- जिला संयुक्त चिकित्सालय के पास बने 85.12 करोड़ की लागत से बने 300 बेड के अटल बिहारी बाजपेयी महाविद्याल एवं चिकित्सालय परिसर
- 105.68 करोड़ से 31 किलोमीटर लंबे बने हरिहरगंज ललिया बनकटवा मार्ग
- 51.99 करोड़ से बने बहराइच-सिरसिया-गुलरिहा राज्यमार्ग
- 22.20 करोड़ से बने महराजगंज-ललिया मार्ग
- पूर्वांचल विकास निधि से 24.44 करोड़ से बने 44 संपर्क मार्ग
- 18.03 करोड़ से बने राजकीय पालीटेक्निक घुघुलपुर का भवन, 17.26 करोड़ से बने 83 संपर्क मार्ग,
- 34 करोड़ दस लाख की लागत से बने फुलवरिया ओवरब्रिज का शुभारंभ भी मुख्यमंत्री करेंगे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को दस साल का कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जयहेंद्र पाल सिंह ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष की कैद व 70 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। न्यायाधीश ने अर्थदंड में से 50 हजार रुपये पीड़ित को प्रतिकर के रूप में देने का आदेश दिया है।

थाना उतरौला में 28 जुलाई 2019 को एक महिला ने समीर शादाब उर्फ शादाब पर नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सैय्यद खादिम सज्जाद ने की। आरोपों की पुष्टि होने पर आरोप पत्र न्यायालय भेजा। अभियोग की पैरवी मॉनीटरिंग सेल की नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव की देखरेख में मॉनीटरिंग सेल प्रभारी सर्वेन्द्र नाथ व पवन कुमार वर्मा विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो एक्ट) ने की।

विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि सजा दिलाने के लिए साक्ष्यों के आधार पर पक्ष रखा गया। न्यायाधीश ने सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद फैसला सुनाया है।

## अधेड़ की हत्या के आरोपी की जमानत नामंजूर

**अदालत से**

**गोंडा।** जमीन विवाद में वादी के घर पर चढ़कर मारपीट, अधेड़ की हत्या व शव छिपाने के मामले में आरोपी बब्बू का द्वितीय जमानत प्रार्थनापत्र अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने निरस्त कर दिया है। शासकीय अधिवक्ता अवनीशधर द्विवेदी ने बताया कि खोंड़ारे के ग्राम समसपुर निवासी कमरुद्दीन ने 26 मई 2020 को थाने में प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें बताया कि सुबह भतीजे फैय्याज (55) संग दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के मो. उमर व उनके भाई अब्दुल्ला, अल्लादीन व बब्बू उर्फ मो. सईद लाठी, डंडा से लैस होकर आ गए व धमकी दी। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों के घर से फैय्याज का शव बरामद किया था। (संवाद)

# दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** स्थानीय थाने की पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के आरोपी को बृहस्पतिवार को महमूदनगर बाजार से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक हरैया गोविंद कुमार ने बताया कि महिला ने बीते दिनों महराजगंज तराई निवासी सोनू कुरैशी पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# मिशन शक्ति : आत्मरक्षा के तरीके बताए

**बलरामपुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत बृहस्पतिवार को भगवतीगंज चौराहे पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को आत्मरक्षा का तरीका बताते हुए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। (संवाद)

# लापता बच्चे की तलाश में जुटी पीएसी टीम

बलरामपुर। राप्ती में नहाते समय डूबे बच्चे का पता दूसरे दिन भी नहीं चल सका। बच्चे की तलाश में फ्लड पीएसी की टीम जुटी हुई है। बुधवार को राप्ती नदी में नहाने गए सिसई गांव के पांच बच्चे गहरे पानी में उतरने के कारण डूबने लगे थे। बच्चों का शोर सुनकर स्थानीय ग्रामीणों ने चार बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया। एक बच्चा इसहाक बह गया। काफी तलाश के बाद भी इसहाक नहीं मिला।

बृहस्पतिवार को बच्चे की तलाश के लिए फ्लड पीएसी की टीम बुलाई गई है। नगर कोतवाली के उप निरीक्षक वसी खान ने बताया कि बच्चे की तलाश में फ्लड पीएसी की आठ सदस्यीय टीम जुटी हुई है। नदी में करीब दो किलोमीटर तक तलाश की गई, लेकिन शाम छह बजे तक बच्चे का पता नहीं लग पाया। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2024

**पुलिस व एसएसबी ने किया फ्लैग मार्च** –रामगांव : पुलिस व एसएसबी जवानों ने फ्लैग मार्च किया। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था जांची। बताया कि तमाचपुर, बेगमपुर, गड़वा नौतला आदि गांवों में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। (संसू)

# शहर के अंदर से रोडवेज आवागमन पर आपत्ति

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला ने सहायक क्षेत्रीय अधिकारी परिवहन निगम को पत्र भेजा है। इसमें रात को नौ बजे के बाद रोडवेज बसों का पीपल तिराहा, घंटाघर से छावनी होकर निकालने पर आपत्ति जताई है। एसपी ने कहा कि इन बसों का संचालन आबादी के बीच न करके केडीसी, गोलवाघाट मोड़ से होकर नया बाईपास व बलरामपुर, गिलौला, भिनगा को जाने वाली बसों को डीहा तिराहा से गंतव्य तक रवाना करें, ताकि यातायात संग हादसों से बचा जा सके।

# कुल्हाड़ी के हमले में घायल युवती रेफर

बहराइच। मायके में चारपाई पर सो रही युवती पर उसके पति ने रविवार रात कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर भाग गया था। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार रात हालत बिगड़ने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

हिन्दुस्तान

# पुलिस व एसएसबी जवानों ने की गश्त

बहराइच। लोकसभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर सीमा क्षेत्र सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए गुरुवार को एसएसबी व पुलिस जवानों ने संयुक्त गश्त किया। ग्रामीणों से संवाद कर सुरक्षा का अहसास दिलाया। कहा कि माहौल खराब करने वाले अराजकतत्वों की तत्काल सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की संवेदनशीलता को देखते हुए गुरुवार को को तहसील मोतीपुर क्षेत्र के भारत- नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के समीप केकई गांवों के मतदान केंद्रों तक स्थानीय पुलिस, सशस्त्र सीमा बल 66वीं बटालियन की टीम ने संयुक्त रूप से गश्त की। एसएचओ मोतीपुर दद्दन सिंह ने बताया कि एसएसबी व पुलिस के जवानों ने गश्त कर लोगों से संवाद किया।

हिन्दुस्त

# मंदिर में चोरी मामले में दर्ज हुआ केस

बहराइच। बौंडी थाने के कौड़हा गांव में स्थित मरी माता मंदिर में नौ मार्च की रात में चोर दान पात्र का ताला तोड़कर लगभग पांच हजार नकदी चोरी किए थे। इसके अलावा मंदिर में फूल धातु के लगभग 13 किग्रा वजनी दो फूल के घंटे चोरी हुए थे। इस मंदिर में यह छठी चोरी की वारदात है। लवकुश वर्मा की तहरीर पर चोरी की धाराओं में पुलिस ने एक सप्ताह बाद केस दर्ज कर लिया है।

# पांच वाहन सीज,108500 का जुर्माना

बहराइच। शहर में अभियान चलाकर यातायात कर्मियों की ओर से अनाधिकृत तरीके से संचालित हो रहे पांच वाहनों को सीज किया गया है। नियमों को ताक पर रखकर वाहन संचालित करने पर 108500 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। यातायात प्रभारी अनेंद्र यादव ने बताया कि नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों पर लगातार कार्रवाई हो रही है।

# सामान संग चोर को पकड़ा

बहराइच। शहर के नई बस्ती बक्शीपुरा चांदमारी में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने पकड़ा है। इसके पास से चोरी के सोने-चांदी के जेवर व बर्तन बरामद किए गए हैं। पकड़े गए चोर की पहचान धर्मेंद्र उर्फ जावेद खां निवासी बुग्गन मस्जिद के पास चांदमारी के रूप में हुई है।

# मवेशियों के झुंड से टकराई बाइक

बहराइच। देहात कोतवाली के पयागपुर- हुजूरपुर मार्ग पर रसूलपुर सरैंया नहर पुल के समीप मवेशियों के झुंड में भिड़ंत हो गई। इसी दौरान पयागपुर की ओर से आ रही बाइक चालक का नियंत्रण खो गया औव मवेशियों से टकराकर गई। हादसे में हुजूरपुर थाने के बड़ा गांव के मजरे महोलीपुरवा के 25 वर्षीय अभिषेक पुत्र मंशा राम, 45 वर्षीय मजेदार पुत्र अशर्फी गंभीर रूप से घायल हो गए।

हिन्दुस्तान

# पकड़े गए दलालों पर एफआईआर दर्ज

बहराइच। डीएम मोनिका रानी ने समाज कल्याण विभाग दफ्तर में बुधवार को की गई छापेमारी में दो दलाल पकड़े थे। प्रशासनिक अमले ने इन्हें दरगाह थाने की पुलिस को सौंपा था। इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

दरगाह एसएचओ हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि सौंपे गए दलालों दरगाह थाने के सलीम पुत्र रहमान व सियाराम पुत्र नागेश्वर संदिग्ध हालत में मिले।

# बाइक चोरी

रिसियामोड़ : मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए रामगांव थाना क्षेत्र के खैराघौकल गांव निवासी सुरेश वर्मा की बाइक चोरी हो गई। काफी खोजबीन करने पर भी कहीं पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष एसके राणा ने बताया कि तहरीर मिली है। (संसू)

## गांव में चौपाल लगाकर थानाध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

**संसू, फखरपुर(बहराइच)** : अखितयारापुर गांव में थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चौपाल लगा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उन्हें सभी गतिविधियों की जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि चौपाल के दौरान रजिस्टर नंबर आठ, शास्त्रों का सत्यापन, दुराचारियों की चेकिंग व चुनाव संबंधित 30 बिंदुओं की सूचना नोट की गई। मौजूद ग्रामीणों का समस्याएं सुनकर समाधान कराया गया। साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि महिला हेल्पलाइन चाइल्ड हेल्पलाइन 112 पुलिस हेल्पलाइन समेत अन्य विभागों की जानकारी दिया।

# अतिक्रमण हटवाने की मांग

**नानपारा** : पुलिस ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। गोयल तिराहा से कटी तिराहा, इमामगंज चौराहे से बाईपास चौराहे तक फुटपाथ पर ठेले व स्थाई दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया है। आवागमन प्रभावित होने के साथ जाम की स्थिति बनती है। (संसू)

# दुष्कर्म पीड़िता ने लगाई इंसाफ की गुहार

**संसू, रिसिया(बहराइच)**: तकरीबन छह माह पूर्व इलाके के एक गांव की निवासी किशोरी को शादी का झांसा देकर युवक उसे मुंबई ले गया। एक सप्ताह तक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने के बाद मुंबई स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गया।

किसी तरह वह अपने गांव पहुंची और परिवारजन को आपबीती बताई। स्वजन की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाकर पुलिस ने आरोपित को अभयदान दे दिया। पीड़ितों ने अब एसपी समेत अन्य अधिकारियों को पत्राचार कर इंसाफ की गुहार लगाई है। आरोप है कि किशोरी को ग्राम निबिया हुसैनपुर निवासी मुबारक उर्फ गुल बहला-फुसला कर मुंबई भगा ले गया था। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। मामले में युवक व उसके सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। किशोरी के पिता का आरोप है कि 164 के बयान के बाद भी आरोपितों के पक्ष में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर मामले की विवेचना की गई। आरोपित पर लगाए गए आरोप जांच के दौरान प्रमाणित नहीं हुए।

# पुलिस पेंशनरों को एसपी कार्यालय में जल्द मिलेगा स्थायी भवन

बहराइच। पुलिस अधीक्षक ने बृहस्पतिवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में पुलिस विभाग के पेंशनर कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न समस्याओं को सुना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया।

रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में एसपी वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पेंशनरो ने पेंशन समेत विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की। साथ ही पूर्व चली आ रही प्रमुख मांग पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पेंशनरों के लिए स्थाई भवन देने को प्रमुखता से रखा। ताकि पेंशनरा वहां बैठक कर विभिन्न समस्याओं के निराकरण की रुपरेखा तैयार कर सकें। स्थाई भवन की मांग पर एसपी ने जल्द भवन दिलाए जाने का आश्वासन दिया। संवाद

# संदिग्ध युवकों पर केस

**बहराइच।** दरगाह थाना प्रभारी हरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि डीएम मोनिका रानी ने बुधवार को समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान नूरुद्दीन चक निवासी सलीम व सियाराम कार्यालय में संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते मिले थे। जिसमें कनिष्ठ सहायक कृष्ण कुमार सिंह की तहरीर पर दोनो पर 420 का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# ई रिक्शे के साथ चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** कोतवाल देहात बृजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार को गुप्त सूचना पर श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना क्षेत्र के भडौरा निवासी दौलत अली को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से एक पेचकस, एक प्लास व एक ई रिक्शा बरामद हुआ। आरोपी को जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# पुलिस अधीक्षक ने सुनीं पेंशनर की समस्याएं

**जासं, बहराइच** : पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने पुलिस लाइन सभागार में पुलिस विभाग के पेंशनर के साथ बैठक की। उन्होंने पुलिस पेंशन कर्मियों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के लिए मातहतों को निर्देश दिए। एसपी ने पुलिस पेंशनर को आश्वस्त किया कि पेंशन कर्मियों की ओर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थायी भवन प्रदान करने की मांग की गई थी, उसे जल्द पूरा किया जाएगा। पदाधिकारी स्थायी रूप से रहकर पुलिस पेंशनर के प्रशासनिक कार्यों में सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

# पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने गश्त कर परखी सुरक्षा



रामगांव क्षेत्र में गश्त करते पुलिस व अर्धसैनिक बल। स्रोत-पुलिस विभाग

बहराइच। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद हो गया है। विभिन्न संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थानों का निरीक्षण शुरू हो गया है। बुधवार की शाम रामगांव थाना क्षेत्र में रामगांव पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारी शशि कुमार राणा के नेतृत्व में पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों की टीम ने संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न चौराहों, बाजारों आदि का भ्रमण किया। इस दौरान हिस्ट्रीशीटरों, शस्त्र धारकों से बातचीत की गई और उनकी कुंडली खंगाली गई। थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि लोगों को सुरक्षा का अहसास करवाते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया है। (संवाद)

# सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से न करें दोस्ती


## नानपारा के सआदत इंटर कॉलेज में पुलिस की पाठशाला में विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

नानपारा (बहराइच)। अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से बृहस्पतिवार को नानपारा के सआदत इंटर कॉलेज में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सीओ नानपारा राहुल पांडेय ने विद्यार्थियों को विभिन्न सुरक्षात्मक जानकारियां दीं। इस दौरान बच्चों ने भी सीओ से कई सवाल किए। छात्राओं को विभिन्न टोल फ्री नंबरों के बारे में भी बताया गया और उन्हें मिशन शक्ति के पंफलेट वितरित किए गए।

सआदत इंटर कॉलेज में आयोजित पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीओ नानपारा राहुल पांडेय ने कहा कि वर्तमान में मित्र पुलिस का प्रचलन है। जिसका मतलब है कि बिना झिझक पुलिस से सहायता ली जाए। वर्तमान में साइबर क्राइम व सोशल मीडिया अपराधों में वृद्धि हुई है। जिससे बचने के लिए आप सभी को सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें। साथ ही अपनी फोटो कोशिश करें न लगाएं और अगर लगा रहे हैं तो उसे लॉक रखें।

साइबर क्राइम से बचने के लिए अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अगर कभी कोई छात्रा किसी भी प्रकार से जालसाजों का शिकार बन रही है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। सीओ ने हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 आदि के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने छात्राओं से किसी भी प्रकार के अपराध की शुरुआत में भी पुलिस व परिजनों को सूचित करने की अपील की।



नानपारा के सआदत इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को लगी पुलिस की पाठशाला में मुख्य अतिथि के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं व अन्य। संवाद

### छात्राओं ने पूछे सवाल

- साइबर अपराध रोकने के लिए पुलिस क्या कर रही। (पिंकी, कक्षा 11)

**जवाब-** सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि जिले में साइबर थाना है और हर थाने पर साइबर संबंधी समस्याओं की सुनवाई होती है। पुलिस अपना काम कर रही है, लेकिन अगर आप सभी सचेत रहें तो प्रभावी अंकुश लगे।

- फर्जी मैसेज कर अगर कोई परेशान करे तो क्या करना चाहिए। (आशिया, कक्षा- 11 )

**जवाब-** सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि तत्काल संबंधित को ब्लॉक करें और अगर इसके बाद भी समस्या जारी है तो पुलिस को सूचना दें।

- आसपास हो रहे अपराधों की शिकायत कैसे करें। (प्रसिद्धि शुक्ला, कक्षा- 11)

**जवाब-** सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि आप तत्काल 1090, 181, 112 नंबरों पर फोन कर सकती हैं। आप की पहचान गोपनीय रखते हुए मदद की जाएगी।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2024

# देशी तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। कोतवाली भिनगा पुलिस ने देशी तमंचा व कारतूस बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गुरुवार को कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर भिनगा जंगल स्थित अंटा तिराहे से एक व्यक्ति के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद किया। बरामद तमंचा व कारतूस को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राजेश उर्फ आलू पुत्र काली प्रसाद निवासी भरथा बेलभरिया कोतवाली भिनगा के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ चौकी प्रभारी खरगौरा मोड़ योगेन्द्र बाबू, आरक्षी विवेक सिंह व आरक्षी हरिश्याम यादव शामिल रहे।

रही है।

# एएसपी से मिला जिला बस यूनियन प्रतिनिधिमंडल

श्रावस्ती। संयुक्त प्राइवेट बस आप्रेटर्स यूनियन जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह अज्जू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एएसपी से मुलाकात की। अजय कुमार सिंह अज्जू ने बताया कि 19 फरवरी को श्रावस्ती डीएम व एसपी से मुलाकात कर भिनगा सिरसिया व बहराइच जमुनहा मार्ग पर टेंपो, बैटरी रिक्शा का अवैध संचालन रोकने के लिए ज्ञापन दिया गया था। उस पर डीएम ने आरटीओ से डगगामारी रोकने के लिए संयुक्त जिला बस यूनियन के साथ बैठक करके आरटीओ ने आख्या डीएम को भेजी थी। आख्या के आधार पर कार्रवाई की मांग की गई है। एएसपी ने टीएसआई को इस पर अमल करने के लिए गठित की गई टीम की मदद से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रतिनिधि मंडल में रामराज शुक्ला, भिनगा बस यूनियन अध्यक्ष सिराज अहमद मौजूद रहे।

# चार साल बाद दहेज हत्या के आरोप से पिता-पुत्र दोषमुक्त

श्रावस्ती। मल्हीपुर थाने में हुई एक महिला की मौत के मामले में पिता पुत्र पर दहेज हत्या का आरोप लगाया गया था। तीन साल बाद अदालत ने सुनवाई के बाद साक्ष्यों के अभाव में पिता-पुत्र को दोषमुक्त कर दिया है।

बचाव पक्ष की पैरवी करने वाले अधिवक्ता वेद रतन सिंह राजन ने बताया कि 26 नवम्बर 2019 को मल्हीपुर थाने के कथरामाफी गांव में मृतका राबिया की मां जाहिरा ने ससुरालीजन पर दहेज के लिये विवाह के दो माह दो दिन बाद ही गला दबाकर मार डालने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने विवेचना कर आरोप पत्र कथरामाफी निवासी शौहर अख्तर हुसैन व ससुर ढोढे के खिलाफ आरोप पत्र भेजा था। मामले का विचारण कर जिला सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह ने दोनों को दोषमुक्त कर दिया। इनके खिलाफ साक्ष्यों का अभाव था।

# 25 लीटर कच्ची शराब संग दो बंदी

श्रावस्ती। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने 25 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना एनएमपीटी पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान फिरोज पुत्र सगीर निवासी हलीम पुरवा थाना मल्हीपुर को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। थाना मल्हीपुर पुलिस ने कमलेश कुमार पुत्र लालजी निवासी गड़रियन पुरवा को गिरफ्तार किया।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

गिरंटबाजार। गुरुवार को हरदत्त नगर गिरंट थाने के थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्निहोत्री पुलिस टीम के साथ वांछितों की धरपकड़ को लेकर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने बनकटवा चौराहे के पास से पोक्सो एक्ट के आरोपी भुजऊ उर्फ फरमान अली पुत्र मुनीर अली निवासी ग्राम लखैया मोहरवा थाना मटेरा जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर लिया। टीम में थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक शेषनाथ यादव, मुख्य आरक्षी संतोष चौधरी आदि शामिल रहे।

# नियम उल्लंघन पर 18 हजार जुर्माना

श्रावस्ती। यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर पुलिस की ओर से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसपी के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग की गई। 11 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। जिनका ई-चालान कर 18 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# डेढ़ लाख रुपये की चरस के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये कीमत की चरस बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। हरदत्त नगर गिरंट थाने के थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्निहोत्री गुरुवार को क्षेत्र निगरानी में टीम के साथ भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बभनपुरवा गांव के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 490 ग्राम चरस बरामद किया। जिसकी कीमत डेढ़ लाख रुपये रही। पुलिस ने बरामद चरस को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान पेशकार साहू पुत्र आशाराम साहू निवासी ग्राम गयादत्तपुरवा थाना हरदत्तनगर गिरण्ट के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।